रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 9 दिसंबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 110 मूल्य 3.00 ₹

सीडीएस बिपिन रावत का हेलिकॉप्टर क्रैश, शहीद

पत्नी मधुलिका समेत 13 लोगों की भी मौत, तमिलनाडु के कुनूर में हुआ दर्दनाक हादसा

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत 13 लोगों की वायु सेना के एक हेलिकॉप्टर के तमिलनाडु के कुनूर में दुर्घटनाग्रस्त होने से मौत हो गयी। वायु सेना ने एक ट्वीट कर यह जानकारी दी। हेलिकॉप्टर में सवार ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह इस दुर्घटना में घायल हुए हैं और उनका वैलिंगटन स्थित सैन्य अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। जनरल रावत वायु सेना के एम आई 17 हेलिकॉप्टर में वैलिंगटन स्थित रक्षा सेवा कॉलेज में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे थे। उनके साथ हेलिकॉप्टर में 14 लोग सवार थे। हेलीकॉप्टर सुलूर से उड़ान भरने के बाद तमिलनाडु में नीलगिरि जिले के कुन्नूर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनरल रावत की मृत्यु पर दख व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी मौत से देश तथा सशस्त्र सेनाओं को अपूर्णीय क्षति हुई है। सिंह ने ट्वीट संदेश में कहा कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत , उनकी पत्नी समेत 13 सशस्त्र सैन्य कर्मियों की अचानक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मृत्यु से गहरा दुख पहुंचा है। उनकी असमय मृत्यु देश और सशस्त्र सेनाओं के लिए अपूर्णीय क्षति है। वायु सेना ने एक ट्वीट कर जनरल रावत की मृत्यु की पुष्टि की थी। वायु सेना ने कहा कि बड़े अफसोस के साथ इस बात की पुष्टि की जा रही है कि जनरल रावत , उनकी पत्नी तथा 11 अन्य लोगों की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मौत हो गयी है। वायु सेना ने बताया कि हेलिकॉप्टर में सवार हेलिकॉप्टर में सवार ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह इस दुर्घटना में घायल हुए हैं और उनका वैलिंगटन स्थित सैन्य अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

इन पदों पर रहे रावत

- ब्रिगेड कमांडर
- जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सदर्न कमांड
- जनरल स्टाफ ऑफिसर ग्रेड 2, मिलिट्री ऑपरेशन्स डायरेक्टोरेट
- कर्नल मिलिट्री सेक्रेटरी एंड डिप्टी मिलिट्री सेक्रेटरी
- सीनियर इंस्ट्रक्टर इन जूनियर कमांड विंग
- कमांडर यूनाइटेड नेशन्स पीसकीपिंग फोर्स मल्टीनेशनल ब्रिगेड
- वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ
- आर्मी चीफ
- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

ये सम्मान मिले

- परम विशिष्ट सेवा मेडल
- उत्तम युद्ध सेवा मेडल
- अति विशिष्ट सेवा मेडल
- युद्ध सेवा मेडल
- सेना मेडल

कैप्टन वरुण सिंह ही बचे, अस्पताल में चल रहा इलाज

हादसे में सिर्फ एक सैन्य अधिकारी कैप्टन वरुण सिंह हैं, जिनका इलाज चल रहा है, वो गंभीर रूप से घायल हैं। कैप्टन वरुण सिंह शौर्य चक्र से सम्मानित हैं। भारतीय वायु सेना ने बुधवार को कुन्नूर विमान हादसे की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। सेना के मुताबिक, भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह कुन्नूर में सेना विमान हादसे में घायल हुए हैं।

राज्यपाल उइके ने दुख व्यक्त किया

राज्यपाल अनसुईया उइके ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

विस अध्यक्ष डॉ महंत ने दुख जताया

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि देश ने एक सच्चा सपूत खो दिया है रावत का निधन राष्ट्र की क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना, इस हृदय विदारक दुर्घटना में मृतकों को श्रीचरणों में स्थान दें।

देश ने बहादुर सपूतों में से एक को खो दिया : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा 'जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका के असामयिक निधन से स्तब्ध और व्यथित हूं। देश ने अपने सबसे बहादुर सपूतों में से एक को खो दिया है। मातृभूमि के लिए उनकी चार दशकों की निस्वार्थ सेवा असाधारण वीरता और वीरता से चिह्नित थी। उसके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।'

उपराष्ट्रपति नायडू ने जताया शोक

उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने एक संदेश में कहा कि जनरल रावत को उल्लेखनीय नेतृत्व और रणनीतिक समझ के लिए जाना जाता था। उन्होंने रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी असाधारण सेवाओं के लिए उन्हें सदैव याद रखा जाएगा।

जनरल बिपिन रावत एक उत्कृष्ट सैनिक थे : मोदी

पीएम ने एक और ट्वीट में कहा 'जनरल बिपिन रावत एक उत्कृष्ट सैनिक थे। एक सच्चे देशभक्त , उन्होंने हमारे सशस्त्र बलों और सुरक्षा तंत्र के आधुनिकीकरण में बहुत योगदान दिया। उनके निधन से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। ओम शांति।'

इस दुख की घड़ी में भारत एक साथ खड़ा है : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा 'मैं जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी के निधन के बाद परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। यह एक अभूतपूर्व त्रासदी है और इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दी श्रद्धांजलि



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद मुश्किल और दुखद समय है इस समय पूरा देश गमगीन है, इस कठिन समय में हम सब एक-दूसरे का संबल बनें।

क्विक न्यूज

विमान से दागी जाने वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

बालासोर। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के विमान से दागे जाने वाले संस्करण का बुधवार को ओडिशा के तट स्थित चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार परीक्षण के दौरान यह मिसाइल सुपरसोनिक लड़ाकू विमान सुखोई 30 एमके-आई से प्रक्षेपित की गयी थी और अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही। रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल के नये विकसित विमान संस्करण को पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे हुए प्रक्षेपित किया गया और यह पूर्व नियोजित मार्ग को पूरी तरह तय करते हुए अपने लक्ष्य को भेदने में कामयाब रही। यह प्रक्षेपण ब्रह्मोस मिसाइल के विकास में एक नया आयाम माना जा रहा है। इसे विमान से छोड़ने वाले संस्करण का विनिर्माण तेजी से किया जा सकेगा।

राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस का हंगामा

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राज्यसभा में 12 सदस्यों का निलंबन वापस लेने के मांग को लेकर तृणमूल कांग्रेस का हंगामा बुधवार को भी जारी रहा और इस दौरान कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों की सदन में अनुपस्थिति के बीच 'सहायता प्राप्त जननीय प्रौद्योगिकी (विनियमन) विधेयक 2021' और 'सरोगेसी विनियमन विधेयक 2020' पर लगातार चर्चा होती रही। भोजनावकाश के बाद उप सभापति हरिवंश ने सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए दोनों विधेयकों पर चर्चा जारी कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी के के. सी. राममूर्ति का नाम पुकारा तो तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव तथा अन्य सदस्य नारेबाजी करते हुए सभापति के आसन के समक्ष आ गये। वे अपने हाथों में 'हमें भी निलंबित करो' और 'सांसदों का निलंबन वापस लो' की तख्तियां ले रहे थे। हरिवंश ने कहा कि ये महत्वपूर्ण विधेयक हैं और सदस्यों को इसमें बाधा नहीं डालनी चाहिए बल्कि

इन्हें पारित कराने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांसदों का निलंबन वापस लेने का मामला सत्ता पक्ष एवं विपक्ष को बातचीत कर सुलझाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदस्यों को अपने स्थानों पर लौट जाना चाहिए। लेकिन इसका तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ और उनका हंगामा जारी रहा। इस दौरान विधेयकों पर चर्चा में भाजपा के डी . पी. वत्स, अजय प्रताप सिंह तथा सीमा द्विवेदी और बीजू जनता दल के अमर पटनायक, अन्ना द्रमुक के थंबी दुरई तथा तेलुगू देशम पार्टी के कनकमेदला रविंद्र कुमार ने हिस्सा लिया।

बड़ी कंपनियों का मुनाफा आर्थिक समृद्धि नहीं : सोनिया

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि सरकार के प्रवक्ता लगातार अर्थव्यवस्था में सुधार की बात कर रहे हैं लेकिन इसका असर जमीन पर कहीं नजर नहीं आ रहा है और कुछ ही चुनिंदा पूजी पतियों को इसका लाभ मिल रहा है। गांधी ने बुधवार को यहां संसद के केंद्रीय कक्ष में कांग्रेस संसदीय पार्टी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ शेयरों के दाम बढ़ना और चंद कंपनियों को फायदा होना ना अर्थवयवस्था में सुधार है और ना ही यह किसी तरह की आर्थिक प्रगति नहीं है। उनका कहना था कि आम आदमी को विकास का लाभ नहीं मिल रहा है, बेरोजगारी चरम पर है और लोगों का काम धंधा चौपट पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था में सुधार नहीं कर रही है बल्कि बैंक, इंश्योरेंस कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों, रेल, एयरपोर्ट आदि को बेच रही है और उससे पैसा जुटा रही है। पिछले सात दशकों के दौरान मेहनत से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को

खड़ा किया गया है लेकिन मोदी सरकार इन्हें ध्वस्त करने में लगी हुई है और सरकारी कंपनियों को अनान फानन में बेचा जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नवंबर 2016 को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोट बंदी लागू की थी तो उसी समय से देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त होना शुरू हो गई थी और वह अब तक नहीं समझ पाई है। अर्थ्यवस्था में तेजी से सुधार के सरकार के दावे निरर्थक हैं । उन्होंने सवाल किया कि यह जानना जरूरी है कि यह सुधार किसके लिए हो रहा है। उन्होंने महंगाई को आम लोगो कि कमर तोड़ने वाला बताया और कहा कि सरकार इस रोकने मै असफल हो रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-मार्च 2024 तक चलेगी

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण को मार्च 2024 तक जारी रखने का फैसला किया है। इस पर 2,17,257 करोड़ रुपये की कुल लागत

■ केंद्र 1,25,106 करोड़ रुपये देगा

आने का अनुमान है और इसमें से 1,25,106 करोड़ रुपये केंद्र उपलब्ध कराएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल के इस निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस योजना को 31 मार्च 2021 से आगे बढ़ाने के ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। उन्होंने बताया कि इसे मार्च 2024 तक जारी रखा जाएगा और इसके तहत बाकी 155.75 लाख आवासीय इकाइयों के निर्माण का काम पूरा किया जाएगा। इस योजना के तहत 29 नवंबर तक 1.65 करोड़ मकान बनाए जा चुके थे। सरकार का अनुमान है कि 15 अगस्त 2022 तक 2.02 करोड़ मकान बन कर तैयार कर लिए जाएंगे और प्रतीक्षा सूची पूरी कर ली जाएगी। सरकार ने इस योजना में ग्रामीण इलाकों में गरीबों के लिए कुल 2.95 करोड़ मकान बनाने लक्ष्य रखा है। ठाकुर ने बताया कि बाकी 155.75 लाख घरों के बनाने में अनुमानित 2,17,257 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसमें राज्यों की तरफ से 73,475 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और केंद्र 1,25,106 रुपये का योगदान करेगा। इसके अलावा नाबार्ड से प्राप्त कर्ज सहायता पर ब्याज चुकाने के लिए अतिरिक्त 18,676 करोड़ रुपये की जरूरत होगी। सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस योजना के लिए कर्ज की जरूरत को धीर-धीरे खत्म कर इसको सकल बजट सहायता (जीबीएस) से चलाने के बारे में वित्त मंत्रालय के साथ चर्चा की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट से केंद्र ने कहा, विधि आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों की नियुक्ति विचाराधीन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि भारत के विधि आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति पर विचार किया जा रहा है, जबकि इसे वैधानिक निकाय बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं वकील अश्वनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका के जवाब में एक हलाफनाम के जरिये शीर्ष अदालत को नियुक्ति एवं अन्य सवालों पर अपने जवाब से अवगत कराया है। मंत्रालय ने बताया है कि 22वां विधि आयोग का गठन 21 फरवरी 2020 का किया गया था। इसके अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति विचाराधीन है, जबकि इसे वैधानिक निकाय बनाने का सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है। केन्द्र सरकार ने याचिकार्ता पर अदालत को गुमराह करने और समय बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए याचिका को भारी जुर्माने के साथ खारिज करने का भी अनुरोध किया है।

कैबिनेट का फैसला : स्वामी आत्मानंद स्कूलों के लिए सरकार ने बस्तर एवं सरगुजा संभाग तथा कोरबा जिले के स्थानीय होने की शर्त हटाई

कोरोनाकाल से बंद स्कूल बसों से नहीं लिया जायेगा शुल्क

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जारी राशनकार्डों पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के समक्ष अतिरिक्त खाद्यान्न निःशुल्क वितरण करने का निर्णय लिया गया। इस पर 223.58 करोड़ रूपए की व्ययभार की प्रतिपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के अंतर्गत की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक नीति 2019-24 में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के उद्यमियों को औद्योगिक नीति में वर्णित पिछड़े विकासखण्ड श्रेणी ''द'' में रियायती दर पर विभागीय लैंड बैंक की (औद्योगिक पार्कों/क्षेत्र के लिए हस्तांतरित भूमि को छोड़कर), अविकसित औद्योगिक प्रयोजन की भूमि आबंटित किए जाने संबंधी प्रावधान एवं अन्य संशोधनों का अनुमोदन किया गया। सोलर विद्युत उत्पादन में लगने वाले प्लांट एवं मशीनरी पर आधारित उद्योगों को उच्च प्राथमिकता की श्रेणी में शामिल किया गया। निजी भूमि पर उत्पादन किए जाने वाले काष्ठ पर आधारित उद्योग को प्राथमिकता उद्योग में शामिल किया गया। औद्योगिक नीति के अंतर्गत एमएसएमई सेवा श्रेणी उद्यमों की सूची अनुमोदित की गई। उद्योग नीति में पूर्व में किए गए संशोधनों को एक नवम्बर 2019 से प्रभावशील किए जाने का अनुमोदन दिया गया। धान/चावल उपार्जन में प्रयुक्त होने वाले जूट बैग/बारदाना को उच्च प्राथमिकता में शामिल किया गया। राज्य में स्थापित होने वाले निजी औद्योगिक पार्कों में विस्तार के लिए 3 करोड़ रूपए तक के अनुदान का प्रावधान किया गया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में सहायक

शिक्षक पद पर भर्ती के लिए बस्तर एवं सरगुजा संभाग तथा कोरबा जिले में लागू स्थानीय निवासी होने के शर्त से छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। कोविड-19 संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण लॉकडाउन एवं शैक्षणिक संस्था के बसों के संचालन नहीं होने के कारण शैक्षणिक संस्थान के लिए संचालित बस द्वारा देय त्रैमासिक कर में एक जुलाई 2020 से 31 दिसम्बर 2021 तक छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य में किसानों से धान खरीदी के लिए पुराने जूट बारदानें की दर 18 रूपए प्रति नग से बढ़ाकर 25 रूपए प्रति नग निर्धारित करने तथा किसानों को इसका भुगतान समर्थन मूल्य के भुगतान के साथ करने मुख्यमंत्री के अनुमोदन का अनुसमर्थन किया गया। डीजल के मूल्य पर वृद्धि होने के कारण संविदा वाहन एवं प्रकरण वाहन के रूप में संचालित नगर वाहन के यात्री किराए की दर में परिवहन विभाग द्वारा प्रस्तावित वृद्धि दर का अनुमोदन किया गया। आबकारी विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली आबकारी उप निरीक्षक के पद पर सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में आवेदकों/कर्मचारियों को आयु सीमा में केवल एक बार के लिए छूट देते हुए आगामी सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया। रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर को पट्टे पर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में पूर्ण में आबंटित शासकीय भूमि को एक रूपए प्रति वर्ग फुट की दर से आबंटित करने का निर्णय लिया गया। रायपुर विकास प्राधिकरण को रायपुर के कटोरा तालाब पुरैना, अमलीडीह, तेलीबांधा, रायपुरा, बोरियाखुर्द, सरौना, हीरापुर, देवेन्द्र नगर, पंडरीतराई, फाफाडीह सहित अन्य स्थानों पर कुल 162.31 एकड़ रकबा पट्टे पर आबंटित है, जिसमें से 158.50 एकड़ आवासीय प्रयोजन तथा 3.81 एकड़ की व्यावसायिक प्रयोजन की भूमि है। मुख्यमंत्री द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में राइस मिलों को कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन राशि 120 रूपए प्रति क्विंटल दिए जाने की घोषणा की गई है। प्रोत्साहन राशि में वृद्धि किए जाने पर अतिरिक्त व्यय भार राशि 945 करोड़ सहित प्रोत्साहन राशि में कुल व्यय 1295 करोड़ रूपए संभावित है। इसकी प्रतिपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ को अतिरिक्त व्यय मद से किए जाने का निर्णय लिया गया।

चालू वित्त वर्ष में आर्थिक विकास अनुमान 9.5 प्रतिशत पर यथावत : आरबीआई

एजेंसी मुंबई
www.dailypioneer.com

रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रबी की बुवाई में तेजी आने, त्योहारी सीजन से मांग बढ़ने , कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों में नये रोजगार सृजित होने के बीच कोरोना के नये वेरिएंट ओमीक्रॉन के आने के बाद से इसके मामलों में हो रही

बढोतरी तथा वैश्विक घटनाक्रमों से भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रभावित होने की आशंका जताते हुये आज चालू वित्त वर्ष में विकास के अपने पूर्वानुमान को 9.5 प्रतिशत पर यथावत बनाये रखा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद जारी बयान में यह अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर का प्रभाव कम होने और टीकाकरण में तेजी से घरेलू आर्थिक गतिविधिया कोरोना के पहले के स्तर पर पहुंच रही है। हालांकि कोरोना के नये वेरिएंट का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि इसके कारण नये मामलों में बढोतरी हुयी है जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि जो सूचनायें मिल रही हैं उसके अनुसार उपभोग की मांग बढ़ रही है। ग्रामीण मांग के साथ ही शहरी मांग में भी बढोतरी हुयी है और लोग यात्री और पर्यटन आदि पर व्यय करने लगे हैं। अक्टूबर नंबवर के दौरान रेलवे माल ढुलाई , बंरगाह पर माल परिवहन, जीएसटी राजस्व संग्रह, टॉल संग्रह, पेट्रोलियम उपयोग और हवाई यात्रियों की संख्या में बढोतरी हुयी है। हाल ही में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क और वैट में कमी किये जाने के कारण क्रय शक्ति बढ़ने से उपभोग की मांग में बढोतरी होगी।

मुख्यमंत्री ने इको लर्निंग सेंटर दुधावा और इको पर्यटन स्थल कोडार का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने के लिए उत्तर बस्तर कांकेर में दुधावा डेम पर निर्मित इको लर्निंग सेंटर और महासमुंद जिले में कोडार जलाशय पर निर्मित इको पर्यटन स्थल का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र की वन प्रबंधन समिति को वन क्षेत्र में जलाशय के पास खुबसूरत पर्यटन क्षेत्र विकसित करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि इन स्थलों पर पर्यटक आकर्षित और कुदरत का नजारा देख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दोनों पर्यटन स्थल जन सामान्य में वन्यजीव और जैव विविधता की जानकारी देने के साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने में अवश्य सफल होगा।

इको पर्यटकों स्थल वन चेतना केन्द्र कोडार में 39 लाख 14 हजार रूपए का कार्य किया जा चुका है और 40 लाख रूपए का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में पहुंच मार्ग उन्नयन, वाटर सप्लाई सिस्टम, मचान, ट्री हाउस, नेचर ट्रेल, बर्ड वाचिंग और मोटर बोट की सुविधा के विकास कार्य प्रगति पर हैं। पर्यटकों को लुभाने के लिए यहां वन परिवेश में रहने और साहसिक शिविर आयोजित करने की सुविधा उपलब्ध है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पुरातत्व निर्मित सिरपुर में मार्च 2021 में रामवनगमन पथ के अंतर्गत पर्यटन विकास के लिए की गई घोषणा के अंतर्गत वन चेतना केन्द्र कोडार का विकास इको पर्यटन स्थल के रूप में किया गया है। वन चेतना केन्द्र कोडार राजधानी रायपुर के 65 किलोमीटर, महासमुंद मुख्यालय से 17 किलोमीटर और सिरपुर नगरी से 20 मीटर की दूरी पर नेशनल हाईवे क्रमांक 53 पर स्थित है। यहां पर्यटकों की सुविधा के लिए एडवेंचर, मनोरंजन, स्वास्थ्य लाभ, संस्कृति पर्यावरण संचेतना और स्थानीय रोजगार के विकास का अद्भुत समागम प्रस्तुत किया गया है। यहां पर्यटकों के ठहरने के लिए नाईट कैम्पिंग, कैम्प फॉयर एवं स्टार गेजिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मनोरंजन के लिए बॉलीवाल, नेट क्रिकेट, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, निशानेबाजी की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही नौका विहार, बैम्बू रॉफ्टिंग और पर्यटकों के स्वाल्पाहार के लिए स्थानीय छत्तीसगढ़ी व्यंजन और सुपाच्य भोजन की व्यवस्था उपलब्ध है। ऊंची-ऊंची पहाड़ियों के बीच से घिरे जलाशय स्थल पर सन्सेट देखने का सुकून भरा अनुभव, सेल्फी जोन एवं फिशिंग का आनंद पर्यटकों द्वारा लिया जा सकेगा। इस केन्द्र में जिले के स्व सहायता समूहों द्वारा बनाए उत्पादों और संजीवनी के उत्पादों के विक्रय की सुविधा का विकास भी किया जा रहा है। स्थल के समीप खल्लारी माता का मंदिर स्थित है, जहां पर्यटकों द्वारा दर्शन भी किया जा सकता है।

जिला खनिज न्यास संस्थान मद, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, विधायक निधि और वन विभाग के पर्यावरण वानिकी मद के अभिसरण से पोषित, प्रकृति की गोद में स्थिति इको पर्यटन केन्द्र के इस केन्द्र में न्यूनतम निर्माण कार्य किए गए हैं। वनों की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखते हुए जन सामान्य में वन चेतना का संचार करने का प्रयास किया जा रहा है।

कांकेर जिले के दुधावा जलाशय में स्थित इको लर्निंग सेंटर का संचालन वन प्रबंधन समिति द्वारा किया जाएगा। यह पर्यटन स्थल मुख्यमंत्री की प्रेरणा के गढ़बो नवा कांकेर के रूप में विकसित किया गया है, जहां पर्यटकों के ठहरने, खान-पान के लिए रेस्टोरेंट, एडवेंचर के लिए दो मोटर बोट से शुरू किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां पर ट्रेकिंग की व्यवस्था भी की गई है। इस केन्द्र में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस स्थल को इको पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री को केन्द्र के उद्घाटन के अवसर पर वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवचंद भास्कर ने बताया कि यहां की सुंदरता को देखकर पर्यटक आकर्षित होंगे। इससे हमें आशा है कि सेंटर खोलने से लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राम पंचायत दुधावा की सरपंच श्याम नेताम ने कहा कि इस क्षेत्र को इतने सुंदर ढंग से विकसित किया है कि ऐसा लगता है कि हम मिनी गोवा आ गए हैं।

छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की बढ़ रही पहचान, आने लगे हैं विदेशी मेहमान

तीन साल में ढाई करोड़ से अधिक पर्यटकों ने देखी छत्तीसगढ़ की खूबसूरती

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की खूबसूरती न सिर्फ देश के पर्यटकों को भा रही है, अपितु सात-समंदर पार विदेशी पर्यटकों को भी अपनी ओर खींच ला रही है। ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक धरोहरों के साथ प्राकृतिक विविधताओं से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ का पर्यटन देश में अपनी पहचान स्थापित करता जा रहा है। यहाँ की खूबसूरती को करीब से निहारने के लिए पर्यटकों का लगातार छत्तीसगढ़ आना हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के पर्यटन को लगातार बढ़ावा देने के परिणामस्वरूप पर्यटन के नक्शे पर छत्तीसगढ़ उभर रहा है। राज्य में आने वाले पर्यटकों की संख्या को देखे तो विगत 3 साल में यहाँ ढाई करोड़ से अधिक पर्यटक आए। घरेलू पर्यटकों के अलावा 9145 विदेशी पर्यटकों ने भी छत्तीसगढ़ की खूबसूरती देखी।

अक्टूबर से मार्च का मौसम पर्यटकों को खींच लाता है पर्यटन स्थल तक

राज्य में सरगुजा से लेकर बस्तर तक पर्यटन स्थल है। इन पर्यटन स्थलों पर वैसे तो हर माह पर्यटकों का आना जाना लगा होता है। लेकिन पर्यटन विभाग के आंकड़ देखे तो स्पष्ट होता है कि अक्टूबर से लेकर मार्च के मौसम में पर्यटकों के आने का सिलसिला कभी-कभी 10 लाख से भी ऊपर पहुँच जाता है। 2019 से 2021 के बीच पर्यटकों की संख्या देखे तो कुल 2 करोड़ 54 लाख 11 हजार 440 घरेलू और 9145 विदेशी पर्यटकों का आगमन हुआ। साल 2019 में कुल 131 पर्यटन स्थलों में 1 करोड़ 73 लाख घरेलू और 6817 विदेशी पर्यटक छत्तीसगढ़ आये। इसमें जनवरी माह में 2 लाख 35 हजार से अधिक, फरवरी माह में 1 लाख 67 हजार से अधिक और मार्च में 1 लाख 33 हजार से अधिक पर्यटक आए। अप्रैल में 1 लाख 28 हजार, मई में 1 लाख 31 हजार, जून में 1 लाख 27 हजार, जुलाई में 1 लाख 34 हजार, अगस्त में 1 लाख 42 हजार, सितम्बर में 1 लाख 34 हजार, अक्टूबर में लगभग 2 लाख, नवंबर में 6 लाख 66 हजार और दिसम्बर में 1 लाख 27 हजार से अधिक पर्यटक आए।

गुफाओं एवं शैल चित्रों से परिपूर्ण

भारत के हृदय स्थल में स्थित छत्तीसगढ़ प्राचीन स्मारकों, बौद्ध स्थलों, दुर्लभ वन्य प्राणियों, नक्काशीदार मंदिरों, राजमहलों, गुफाओं एवं शैलचित्रों से भी परिपूर्ण है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक हरे-भरे जंगल, जलप्रपात, झरने, विहंगम जलाशय सहित प्रकृति की नैसर्गिक सुंदरता को करीब से निहारने और यहां की संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों को समझने के साथ आदिवासी समाज के जनजीवन को जानने और उनकी कलाकृतियों को देखने का भरपूर आनंद पर्यटक उठाते हैं। लखनऊ के कृपाशंकर यादव को छत्तीसगढ़ का पर्यटन स्थल अन्य स्थानों से कुछ अलग ही महसूस कराता है। यादव बताते है कि सिरपुर में बुद्ध की ऐतिहासिक प्राचीन धरोहरों को देखकर मन अभिभूत हो उठता है। उनका कहना है कि सिरपुर दुनिया का बड़ा बौद्ध विरासत है, इसका संवर्धन और संरक्षण आवश्यक है। ऐसे महत्वपूर्ण स्थलों में सुविधाएं और बढ़ेंगी तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि गुरू घासीदास की जन्म स्थली गिरौदपुरीधाम और बस्तर क्षेत्र में मौजूद प्राकृतिक पर्यटन स्थल बहुत आकर्षित करते हैं।

नगरीय प्रशासन मंत्री का दौरा कार्यक्रम

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, सूरजपुर एवं अम्बिकापुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. डहरिया 8 दिसम्बर को रात्रि 9.30 बजे रायपुर से रेल द्वारा प्रस्थान कर 9 दिसम्बर को सवेरे 5.30 बजे सूरजपुर पहुंचेंगे और सवेरे 6 से 11 बजे तक सूरजपुर के विश्राम गृह में रहेंगे और 11 बजे वहां से बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के लिए कार से प्रस्थान करेंगे। बैकुण्ठपुर में दोपहर 12.15 से 2.30 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। डॉ डहरिया दोपहर 2.30 बजे बैकुंठपुर से शिवपुर चरचा जायेंगे और वहां 3.15 बजे से शाम 7 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वहां से सूरजपुर जायेंगे एवं वहां विश्रामगृह में रात्रि विश्राम करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. डहरिया 10 दिसम्बर को सवेरे 10 बजे सूरजपुर से कार से प्रस्थान कर अम्बिकापुर जिला सरगुजा आयेंगे और अम्बिकापुर में 11 बजे से 12 बजे तक स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने के बाद वहां से सूरजपुर जिले के प्रेमनगर जायेंगे और वहां दो बजे से शाम 5 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। डॉ डहरिया शाम 5 बजे प्रेमनगर से सूरजपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और शाम 6.15 बजे सूरजपुर के विश्रामगृह पहुंचेंगे। डॉ. डहरिया रात्रि 10.50 बजे विश्राम गृह सूरजपुर से रेल्वे स्टेशन सूरजपुर जायेंगे और वहां से रात्रि 11.15 बजे ट्रेन से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

धान खरीदी केंद्र पर किया जा रहा कोविड टीकाकरण

- हर घर दस्तक अभियान के तहत टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने नई पहल

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए किसान धान बेचने के साथ ही कोरोना से बचाव का टीका भी लगवा रहे हैं। प्रदेश में 6 दिसंबर तक 91 प्रतिशत लोगों को पहला टीका लगाया जा चुका है। वहीं 51 प्रतिशत लोगों को दोनों टीके लग चुके हैं। इधर कोरोना के नए वेरिएंट को भी लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। हर घर दस्तक अभियान के तहत कोरोना के नए वेरिएंट के खतरे के बीच शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए नई पहल की है। इस सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग के मीडिया प्रभारी गजेंद्र डोंगरे ने बताया, मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने 30 नवंबर को कलेक्टरों की ऑनलाइन मीटिंग ली थी। जिसमें धान खरीदी केंद्रों में भी कोरोना टीका लगाने के निर्देश दिए गए थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अब धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर किसानों को भी टीके लगाए जा रहे हैं। विकासखंड धरसीवां में कुल 25 धान खरीदी केंद्र है । जहां पर 3 सदस्यों की 8 टीमें टीकाकरण का कार्य कर रहीं हैं 8 धान खरीदी केंद्रों में ड्यूटी कर रही टीम द्वारा 161 लोगों को टीकाकरण किया गया है जिसमें से 45 लोगों को पहली डोज दी गई है जबकि 116 लोगों को दूसरी डोज दी गई है।साथ ही इस दौरान कोविड-19 अनुरूप व्यवहारों का पालन करने के बारे में भी सलाह दी जा रही है । जैसे नियमित रूप से मास्क लगाएं, शारीरिक दूरी का पालन करें, भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाने से बचें। सार्वजनिक स्थानों पर जैसे अस्पताल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार जाने पर सावधानी भी बरतें।

केंद्र पर धान बेचने आए टिकेश्वर साहू कहते हैं, धान बेचने के साथ ही कोविड टीकाकरण भी हो गया है अब अलग से समय निकालकर टीका लगवाने नहीं जाना पड़ेगा । टीका लगाने के बाद टीका कर्मियों ने एक टेबलेट भी दी है और बताया है कि टीके से बुखार आ सकता है और हाथ पैरों में दर्द हो सकता है अगर ऐसी स्थिति हो तो यह टेबलेट खाने की सलाह दी है । टीकाकरण के बाद क्या करना है और क्या नहीं करना है के बारे में भी बताया गया । आधा घंटा टीका लगाने के बाद उन्होंने मुझे अपनी निगरानी में रखा ।

3 दिवसीय नेशनल एक्सपो 10 से साइंस कॉलेज ग्राउंड में

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

इंदौर इन्फोलाइन प्रा.लिमिटेड का 10-11-12 दिसंबर से साइंस कॉलेज ग्राउंड रायपुर में 3 दिवसीय नेशनल एक्सपो स्टील एंड पावर का आयोजन कर रहा है। यह एक्सपो का 11वां वर्ष है। एक्सपो को उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन,रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज का समर्थन प्राप्त है। कोविड के बाद रायपुर में इस शो का आयोजन करना एक बड़ी चुनौती थी और इंदौर इंफोलाइन ने मध्य भारत में प्रदर्शनियों को फिर से स्टार्ट करने का यह काम किया है। इंदौर इन्फोलाइन प्रा लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि प्लग और उत्पादन, औद्योगिक उपकरण, स्मार्ट निर्माण प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण, ह्रश्वञ्ज (इंटरनेट ऑफ थिंग्स), आभासी वास्तविकता और दैनिक कार्यों में संवर्धित वास्तविकता, मैन्युफैक्चरिंग, प्लानिंग और शेड्यूलिंग में बिग डेटा और मशीन लर्निंग कुछ ऐसे ट्रेंड हैं जो भारत में मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में फैल रहे हैं और उत्पादों को एक्सपो के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा। देश भर से आने वाले लगभग 10,000 विजिटर के आने की उम्मीद है। इस शो से रायपुर और छत्तीसगढ़ के उद्योगों को स्थानीय उद्योगों के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी एक्सपोजर के साथ लाभ होगा। यह एक्सपो एमएसएमई क्षेत्र की नेटवर्किंग के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा। एक्सपो में विभिन्न औद्योगिक 25000 उत्पादों की प्रदर्शित की जाएगी, जो शहर और छत्तीसगढ़ में अब तक की सबसे बड़ी डिस्प्ले हैं। इन उत्पादों का सकल मूल्य 40 करोड़ रूपये को पार कर सकता है। इस एक्सपो के माध्यम से हमें अगले एक वर्ष की अवधि में 100 करोड़ रूपये की बिक्री दर्ज करने का विश्वास है।रायपुर, भिलाई, मुंबई, बैंगलोर, चेन्नई, नई दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद जैसे शहरों से देश भर के 100 से अधिक एक्सहिबीटर्स औद्योगिक स्वचालन, कूलिंग टॉवर, मशीन टूल्स, बियरिंग्स, स्विचगियर, टायर, वेल्डिंग उपकरण जैसे अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। बिजली उपकरण, हाथ उपकरण, काटने के उपकरण, वैज्ञानिक उपकरण, प्रयोगशाला उपकरण, पूर्व इंजीनियरिंग सामग्री, सामग्री हैंडलिंग उत्पाद, सुरक्षा उत्पाद, रखरखाव उत्पाद और कई अन्य उत्पाद। इस आयोजन के शांति गियर्स प्रायोजक है।

संवरा नन्हीं कृषिका का बचपन, कुपोषण से मिली आजादी

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

गर्म पौष्टिक आहार स्वाद के साथ सेहत भी प्रदान करते हैं, इसे देखते हुए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को गर्म पौष्टिक भोजन देने की शुरूआत की गई है। अभियान का सकारात्मक असर महिलाओं और बच्चों की पोषण की स्थिति में सुधार के रूप में देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे कुपोषण से बाहर आ रहे हैं। योजना के अंतर्गत कोरबा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र जूनापारा में सवा दो साल की नन्ही बालिका कृषिका अब कुपोषण से आजाद हो गई है।

जन्म के समय कम वजन की कृषिका अब पोषण स्तर की सामान्य श्रेणी में आ गई है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत कृषिका को आंगनबाड़ी के माध्यम से पौष्टिक रेडी-टू-ईट भोजन दिया गया। साथ ही पौष्टिक चिक्की और अण्डे भी दिये गये। आंगनबाड़ी में दिए गए स्वास्थ्यवर्धक पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सलाह से कृषिका कुपोषण से मुक्त हो चुकी हैं। बालिका कृषिका कम खाने व देखभाल में कमी होने के कारण कमजोर हो गई थी। जिसके कारण उसका पोषण स्तर मध्यम कुपोषित श्रेणी में आ गया था। आंगनबाड़ी में कृषिका का वजन लिया गया तब छह किलो 800 ग्राम था और लंबाई 84.3 से.मी. थी, जो उसके उम्र के अनुसार मध्यम कुपोषित स्तर को बताता था। इसे देखते हुए कृषिका के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से बच्ची को जोड़ा गया। उसे आंगनबाड़ी केन्द्र में पौष्टिक गरम भोजन चावल, रोटी, दाल, दो सब्जी, आचार, पापड़, सलाद, गुड, अण्डे, चिक्की दिया गया। आंगनबाड़ी के माध्यम से लगातार पौष्टिक आहार मिलने से कृषिका के पोषण स्तर में सुधार होने लगा। मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर में उसका स्वास्थ्य जांच भी कराया गया और दवाई भी दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा नियमित गृह भ्रमण कर स्वच्छता एवं पोषण के संबंध में कृषिका के माता-पिता को जागरूक कर गरम भोजन के लिए बच्चे की आंगनबाड़ी केन्द्र में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की गई। लगातार अच्छे पौष्टिक आहार मिलने से कृषिका का वजन 27 माह में 9.7 किलोग्राम हो गया और उसका पोषण स्तर सामान्य हो गया। अब कृषिका स्वस्थ्य एवं कुपोषण मुक्त हो गई है।

माता-पिता के गुजरने के बाद गांव के बड़े-बुर्जुगों को ही बनाया अपना अभिभावक

बेसहारा दिव्यांग ठगन मरकाम ने कठिन परिश्रम से बदली अपनी तकदीर

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

दुनिया में ऐसे कई दिव्यांग हैं, जिन्होंने अपनी कमजोरी को ही अपनी ताकत बनाया है। इन्होंने कभी हौसला नहीं खोया और सफलता के मुकाम पर पहुँचकर औरों के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है। ऐसे ही उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ग्राम मुंडाटोला विकासखण्ड छुईखदान जिला राजनांदगांव निवासी ठगन मरकाम ने दिव्यांगता को कभी जीवन में बाधक नहीं बनने दिया और कठिन परिश्रम से अपनी तकदीर को बदला है। दरअसल बात यह है दिव्यांग ठगन मरकाम मुंडाटोला ग्राम पंचायत में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) में मेट बनकर न सिर्फ योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया बल्कि वे स्वयं सशक्त हुईं और अपने जीवन की शानदार नई शुरूआत की है। ठगन मरकाम अपने काम से काफी खुश हैं और कहती हैं कि अगर व्यक्ति चाह ले तो सफलता में दिव्यांगता बाधक नहीं हो सकती है। गौरतलब है कि माता-पिता के गुजरने के बाद गाँव के बड़े-बुर्जुगों को ही अपना अभिभावक मानकर मनरेगा के जरिये गाँव के लिए कुछ कर गुजरने का हौसला रखने वाली वह आज सबके लिए आदर्श बन गई है।

35 वर्षीया ठगन मरकाम एक पैर से दिव्यांग हैं और जनवरी 2021 से गाँव मुंडाटोला में महिला मेट की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं। मेट बनने के बाद उन्होंने गाँव में नया तालाब निर्माण, विनय धुर्वे के खेत में भूमि सुधार कार्य एवं श्यामलाल के खेत में कूप निर्माण का कार्य करवाया है। उनकी सक्रियता से योजना के तहत खुले कामों में महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़कर 50 प्रतिशत पर पहुँच गई है। महात्मा गांधी नरेगा में वर्ष 2019-20 में जहाँ महिलाओं के द्वारा सृजित मानव दिवस रोजगार का प्रतिशत 42.36 था, वह वर्ष 2020-21 में बढ़कर 50.86 प्रतिशत हो गया। गाँव में महिलाओं के बीच अपने सरल व्यवहार को लेकर लोकप्रिय ठगन ने अपनी लगनशीलता के बलबूते चालू वित्तीय वर्ष में भी महिलाओं की भागीदारी को 50 प्रतिशत बरकरार रखा है। नवम्बर, 2021 की समाप्ति तक गाँव में कुल रोजगार प्राप्त 615 श्रमिकों में से 310 महिला श्रमिकों को 6802 मानव दिवस का रोजगार मिल चुका है। मनरेगा मेट सुश्री ठगन का अतीत कठिन परिश्रम और संघर्षों से भरा रहा है। मनरेगा मजदूर से मनरेगा मेट बनने का सफर उनके लिए आसान नहीं था। माता-पिता के स्वर्गवास होने और बहनों के विवाह उपरांत वह परिवार में अकेली हो गई थी। एक पैर से दिव्यांग होने के कारण पंचायत से उन्हें उनकी क्षमता के अनुसार काम मिलता था। अपने अतीत के संघर्षों के बारे में ठगन मरकाम कहती हैं कि उनके पास लगभग डेढ़ एकड़ की पुश्तैनी कृषि भूमि है, जिसे वे अधिया में देकर कृषि कार्य कराती हैं। जीवन-यापन के सीमित साधनों के कारण उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। ऐसे में ग्राम रोजगार सहायक सरिता धुर्वे उनके लिए नवा बिहान (नई सुबह) बनकर आयी और उन्हें महात्मा गांधी नरेगा में महिला मेट के रुप में काम करने की सलाह दी। यह उनकी सलाह का ही परिणाम है कि सुश्री ठगन गाँव में आज मनरेगा मेट के रुप में सम्मानपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर पा रही हैं। मनरेगा से मिले पारिश्रमिक से उन्होंने अपने लिए एक सिलाई मशीन खरीद ली है, जिसका उपयोग वे अपनी आजीविका समृद्धि के लिए कर रही हैं।

राजेश जैन चैम्बर के मंत्री मनोनीत



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के व्यापारियों एवं उद्योगपतियों की सर्वोच्च संस्था छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अमर पारवानी ने चेंबर ऑफकॉमर्स की मंत्री पद पर समर्पित समाज सेवी राजेश जैन विद्यासागर को मनोनीत किया ।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु होने पर परिजनों को आठ लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्रदाय

रायपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में पदस्थ संविदा कर्मचारी स्व. डॉ बी.पी चंद्राकर, नेत्र रोग विशेषज्ञ (एन.एच.एम) के आकस्मिक निधन उनके परिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नियमानुसार मानव संसाधन नीति 2018 के तहत आठ लाख रूपये की अनुग्रह भुगतान/अनुकंपा अनुदान राशि प्रदान की गई है।

एनएसयूआई ने कन्या विद्यालय के सामने बार को हटाने को लेकर नेशनल हाईवे का किया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ॰ कांकेर
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई प्रदेश महासचिव चमन साहू एवं जिला उपाध्यक्ष सुमित राय एवं विधानसभा महासचिव सुरेश नाग के नेतृत्व में शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या क्रीडा परिषद लट्टी पारा कांकेर के समीप सिटी सेंटर जिसमें बार संचालित किया जा रहा। जिसको लेकर कांकेर ज़िला एनएसयुआई के द्वारा नेशनल हाइवे का चक्का कर विरोध प्रदर्शन किया गया। एनएसयुआई प्रदेश महासचिव चमन साहू ने कहा कि ये बार कन्या शाला के बाजू में संचालित किया जा रहा है। जिसमें शराबियों का हमेशा जमावड़ा लगा रहता है छात्राओं के शाला आने एवं जाने के समय छेड़-छाड़ की घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है शाला परिसर के आस पास हमेशा शराबी शराब के नशे में पड़े रहते हैं जिससे छात्राओं में भय बना रहता है आस पास रहने वाले मोहल्ले वासी शराबियों से परेशान रहते हैं तथा आए दिन बार के सामने मारपीट शोर शराबा होते रहता है जिससे शाला समय में छात्राओं के पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। जिला उपाध्यक्ष सुमित राय ने कहा कि ये बार आठ महीने पहले खुला गया है जब कोरोना काल चल रहा था जिस वजह से विद्यालय संचालित नही हो रहा था लेकिन अब विद्यालय फिर से संचालित हो रहा है जिससे छात्रों को बहुत ज़्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसको लेकर छात्र हित में एनएसयुआई ने चक्का जाम किया है ओर पहले। इसकी शिकायत कलेक्टर से एनएसयुआई ने किया है ज़िला प्रशासन से एक सप्ताह के अंदर बार को हटाने का आवासन मिलने पर चक्का जाम को समाप्त किया गया है अगर बार को नही हटाया गया तो इसकी शिकायत।मुख्यमंत्री से किया जाएगा ओर फिर चक्का जाम किया जाएगा! जिसमें मुख्य रुप से प्रदेश महासचिव चमन साहू, जिला उपाध्यक्ष सुमित राय, विधानसभा महासचिव सुरेश नाग, जिला उपाध्यक्ष आयुषी मिश्रा, शहर अध्यक्ष अमन गायकवाड, संभाग संयोजक लोमेंद्र यादव, जिला महासचिव अमित साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष तारा सिन्हा, शहर महासचिव हर्ष राज ठाकुर,पवन कांगे , अकीब रजा,सत्यथ करायत, हुसैन खान, फैज़ल खान,राहुल गिडलानी, सुफ्यान ,तराश खान , अभिषेक ठाकुर ,हर्ष दीप राजपुत् , किशन यादव, साहिल पांडे, संदीप मांझी एनएसयूआई के सभी साथी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने किया दुधावा बांध क्षेत्र में ईको लर्निंग सेंटर का शुभारंभ, मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा

पायनियर संवाददाता ॰ कांकेर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर जिले के दुधावा बांध क्षेत्र में ईको लर्निंग सेंटर का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। ईको लर्निंग सेंटर का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर जिला वासियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगा। इसका संचालन वन प्रबंधन समिति द्वारा किया जाएगा, जिससे उनको भी रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि दुधावा बांध क्षेत्र चारों ओर पहाड़ों से घिरा हुआ है, यहां पर ईको लर्निंग सेंटर शुरू होने से प्रदेश भर के पर्यटक दुधावा के मनोरम दृश्य, जैव विविधता एवं भौगोलिक विविधता का आनंद ले सकेंगे। यह विद्यार्थियों और ग्रामीणों के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों की जरूरतों को पूरा करने वाला एक अच्छा प्राकृतिक शिक्षा केन्द्र होगा। दुधावा के बांध क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिशुपाल शोरी थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यहां पर प्रकृति की सेवा करते हुए पर्यटन को बढ़ावा दिया जायेगा। इसका संचालन स्थानीय वन प्रबंधन समिति द्वारा की जायेगी, जिससे उन्हें और यहां के ग्रामीणों के लिए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। दुधावा के पहाड़ी में बायो डायवर्सिटी पार्क बनाये जाने की भी योजना है। शोरी ने कहा कि कांकेर एवं उसके आसपास के क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। पर्यटकों के लिए 'टूरिस्ट हट' बनाने की भी योजना है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर मिल सके। दुधावा बांध क्षेत्र में ईको लर्निंग सेंटर के शुभारंभ होने से उनके द्वारा क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के सदस्य नरेश ठाकुर ने- भी दुधावा बांध क्षेत्र में ईकों लर्निंग सेंटर शुरू होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के लोगों को यहां पर्यटन का आनंद मिलेगा तथा ग्रामीणों को रोजगार का साधन उपलब्ध होगा। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई ने ईको लर्निंग सेंटर प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में यहां की संस्कृति, परंपरा, रीति रिवाज, तीज त्यौहार को संवारने एवं सहजने का कार्य किया जा रहा है, जो बहुत प्रशंसनीय है। दुधावा में ईको लर्निंग सेंटर प्रारंभ होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

निर्वाचन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ॰ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में नगरपालिका के भेलवापदर वार्ड में होने वाले उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर वेणु गोपाल राव द्वारा अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, मतदान से संबंधित कार्यों, मतपेटी की सिलिंग तथा मतदान के समय आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सावधानियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। यह उप निर्वाचन मतपत्र के माध्यम से किया जायेगा। अतः मतपत्र की वैधता के संबंध में, मतदान की पूर्व तैयारी, मतदान दिवस के कार्य एवं मतदान के पश्चात की तैयारी की पूरी जानकारी दी गयी। इस प्रशिक्षण में मुख्यतः मतपत्र लेखा शुद्धतापूर्वक भरने पर मुख्य ध्यान दिया गया। प्रशिक्षण के बाद पीठासीन अधिकारियों द्वारा स्वयं मतपेटी तैयार कर प्रक्रिया की प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उप निर्वाचन हेतु नियुक्त पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1,2,3, सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का यह प्रथम चरण था। आगामी दो दिनों तक यह कार्यक्रम चलाया जायेगा।

कलेक्टर दीपक ने ली समय-सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता ॰ दन्तेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के डंकिनी सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने लंबित आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव और टीकाकरण की तैयारियों के सबंध में जानकारी ली।

जिले में समर्थन मूल्य पर मक्का, रागी, कोदो, कुटकी का उपार्जन किया जाना है इसके लिए संबंधित विभाग को बेहतर प्रबन्धन करने हेतु निर्देशित किया। भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के आवेदनों के सबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले में संचालित गौठानों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गौठानों को सुचारू रूप से संचालन करने एवं शेष अपूर्ण गौठानों में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। गौठानों में पशुओं के लिए चारागाह पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। गौठानों में हो रहे पैरादान के सबंध में जानकारी ली। कुम्हारों के लिए बनाए जा रहे माटीकला बोर्ड के निर्माण के सबंध में जानकारी ली। सौर सुजला योजना की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से लाभन्वित करने हेतु निर्देशित किया। मछली पालन हेतु बीज आहार प्रदाय, नव निर्माण आश्रम, छात्रवास, जल जीवन मिशन के प्रगति के सबंध में जानकारी ली। बैठक में वनमंडलाधिकारी संदीप बलगा, अपर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, एसडीएम अबिनाश मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ॰ कांकेर
www.dailypioneer.com

राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिये गये प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रभारी कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य द्वारा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम देवरीबालाजी निवासी 37 वर्षीय दशरथ कोर्राम की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस प्राणसिंह कोर्राम और कमलबती कोर्राम के लिए चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान हितग्राही को तहसीलदार नरहरपुर के माध्यम से किया जायेगा।

स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा 26 दिसम्बर को

कांकेर। विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड बस्तर संभाग द्वारा जिले के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु स्वीकृति उपरान्त 26 दिसम्बर दिन रविवार को लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। उक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री जी.एस. नाग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, उनका मोबाईल नम्बर 94242-74982 है। परीक्षा हेतु विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड प्राप्त ऑनलाईन आवेदन के अनुसार जिले से तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु लगभग 493 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्र शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर निर्धारित की गई है तथा केन्द्राध्यक्ष डॉ. विजय रामटेके होंगे।

प्रभारी सचिव चंपावत ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ॰ दन्तेवाड़ा
www.dailypioneer.com

संसदीय मामलों के सचिव तथा पंचायत आयुक्त एवं दंतेवाड़ा जिला के प्रभारी सचिव अविनाश चंपावत ने मंगलवार को जिले में चल रहे धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चंपावत ने जिले में स्थित बालूद एवं गीदम के धान उपार्जन केन्द्रों का जायजा लिया। उन्होंने धान बेचने आये किसानों से चर्चा कर उनके फसलों की पैदावार तथा धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इसके साथ ही हमालों से भी चर्चा की। प्रभारी सचिव ने खरीदी केन्द्रों पर बारदानों की उपलब्धता, भण्डारण एवं उठाव के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को आमदनी बढ़ाने के लिए धान की फसल लेने के साथ ही दलहन-तिलहन की खेती करने का भी सुझाव दिया।

गांव वालों ने दिया मानवता परिचय जंगल में मील हिरण के नवजात बच्चों को दूध पिलाकर वन विभाग को सौंपा

पायनियर संवाददाता ॰ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

दक्षिण वनमंडल कोण्डागांव के वन परिक्षेत्र मर्दापाल व वन परिक्षेत्र नारंगी अंतर्गत जंगल मे हिरण के द्वारा बच्चे जन्म देकर छोड़ जाने के बाद ग्रामीणों के द्वारा देखे जाने के बाद नवजात बच्चों को घर लाकर सरपंच को सूचना दी गयी। जिसके बाद सरपंच के माध्यम वन विभाग को सूचित किया गया। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत हंगवा अंतर्गत जंगल मे कुछ गाय चराने हेतु गए हुए थे, उन्होंने देखा कि एक हिरण बच्चों को जन्म देकर भाग गई है। बच्चों ने गांव आकर बताया तो गांव के ही शुधु पिता बासु व भोसाराम पिता मृताली ने जंगल जाकर देखा तो बच्चे भूख से व्याकुल हो रहे थे, उन्होंने दोनों नवजात बच्चों को साफ करने के बाद घर लाकर ग्राम सरपंच हीरालाल को जानकारी दी, सरपंच ने वन विभाग को अवगत कराया, जिसके बाद वन तत्काल हरकत में आया व डीएफओ उत्तम गुप्ता के मार्गदर्शन में मर्दापाल वन परिक्षेत्र अधिकारी एसआर नेताम व नारंगी वन परिक्षेत्र अधिकारी विजय कुमार अपने स्टाप के साथ टीम बनाकर हिरण के बच्चों को लेकर वापिस आये। डॉ नीता मिश्रा पशु चिकित्सक ने बताया कि हिरण के 02 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तो दोनों नर है व दोनों का वजन व स्वास्थ्य नॉर्मल है, जिसके बाद उन्हें लिक्विड में दूध प्रोटीन पाउडर दिया गया। उन्हें यदि जंगल सफारी शिफ्ट किया जाएगा तो रास्ते के लिए मेडिसिन दे दी गयी है। डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने जनकारी देते हुए बताया कि जैसे ही हिरण के नवजात बच्चों की जानकारी मिली तत्काल रेस्क्यू टीम भेज कर कोण्डागांव लाया गया जिसके बाद पशु चिकित्सक के द्वारा दोनों मेमना का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया, कोण्डागांव में वन्य जीव रखने की सुविधा ना होने के चलते 09 दिसम्बर की सुबह रेस्क्यू टीम के साथ कांगेर वेली नेशनल पार्क में भेजा जाएगा।

एसडीएम कांकेर द्वारा 25 क्विंटल धान जप्त

पायनियर संवाददाता ॰ कांकेर
www.dailypioneer.com

व्यापारियों द्वारा बिना लाईसेंस, क्षमता से अधिक धान रखने एवं स्टॉक पंजी संधारित नहीं करने के कारण एसडीएम कांकेर डॉ. कल्पना ध्रुव ने आज नरहरपुर तहसील के ग्राम ईमलीपारा, आंखीहर्रा और किशनपुरी के तीन व्यापारियों से 25 क्विंटल धान जप्त कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

प्रभारी सचिव ने 1 करोड़ 80 लाख रूपये के 30 हजार कपड़ों के लॉट को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता ॰ दन्तेवाड़ा
www.dailypioneer.com

संसदीय मामलों के सचिव तथा पंचायत आयुक्त एवं दंतेवाड़ा जिला के प्रभारी सचिव अविनाश चंपावत ने विकासखण्ड गीदम के हारम स्थित गारमेंट फैक्ट्री डेनेक्स में 1 करोड़ 80 लाख रूपये के 30 हज़ार कपड़ो का लॉट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस गारमेंट फैक्ट्री को गरीबी, उन्मूलन के लिए जिला प्रशासन की पहल पर स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण देकर शुरू किया गया है। प्रभारी सचिव ने फैक्ट्री में कार्यरत दीदी-महिलाओं से बात-चीत की उनसे उनके कार्य और उनके आमदनी के बारे में जानकारी ली। फैक्ट्री में तैयार किए जा रहे वस्त्रों की गुणवत्ता की सराहना की। उनका काम के प्रति मनोबल देख खुशी जाहिर किया।

इस अवसर पर कलेक्टर सोनी ने अवगत कराते हुए बताया कि बारसूर, कारली में गारमेंट फैक्ट्री की अन्य यूनिट स्थापित है कटेकल्याण में स्थापित यूनिट में लोगो को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुआकोंडा में भी इसकी अन्य यूनिट जल्द ही शुरू की जाएगी। जिससे अधिक से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान कर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सकेगा। इस दौरान गीदम स्थित कोविड-19 अस्पताल का भी जायजा लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, तहसीलदार यशोदा केतारप, डिप्टी कलेक्टर विवेक चन्द्रा, गीदम जनपद सीईओ अमित भाटिया उपस्थित थे।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू दंतेवाड़ा के दौरे पर

दन्तेवाड़ा। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू केबिनेट मंत्री (दर्जा) एवं मान. सदस्य आर.एन. वर्मा 09 एवं 10 दिसम्बर को जिला दंतेवाड़ा के दौरे पर रहेगें। 10 दिसम्बर को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष (तृतीय तल डंकनी सभा कक्ष) में प्रेसवार्ता आयोजित की गई है। प्रेसवार्ता में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों/पत्रकारों को आहूत किया गया है।

मक्का, कोदो, कुटकी एवं रागी का समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए प्रचार-प्रसार शिविर का आयोजन

दन्तेवाड़ा। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के माध्यम से प्राथमिक समितियों के द्वारा नियोजित ग्राम/हाट बाजार स्तर पर गठित स्व-सहायता समूह के माध्यम से जिले के किसानों द्वारा खरीफवर्ष 2021 में उत्पादित फसल कोदो, कुटकी एवं रागी के उपार्जन (खरीदी) शासन स्तर से पहली बार 1 दिसम्बर से 31 जनवरी 2022 तक खरीदी की जायेगी। राज्य शासन ने कोदो कुटकी तथा रागी का समर्थन मूल्य क्रमशः कोदो तथा कुटकी का 30 रूपये प्रति किलो ग्राम तथा रागी का समर्थन मूल्य 33.77 रूपये प्रति किलो ग्राम निर्धारित किया है। इसी तरह मक्का फसल के समर्थन मूल्य 1870 रूपये प्रति क्विंटल के दर से प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से पंजीकृत कृषकों से खरीदी की जायेगी। जिसके लिए प्रचार-प्रसार शिविर 08 दिसम्बर दिन बुधवार को जावंगा ऑडिटोरियम एजुकेशन हब गीदम में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जा रहा है।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED
(C.G. Govt. Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GST – 22AADCC5773E1ZX
CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR
PHONE : 0771- 2574172, FAX NO. 0771-2574174. Web Site :www.sldccg.com, email- csebsldc@sldccg.com

NO. 03-02/SLDC/TR-171/1467 Raipur, Dated 06.12.2021

Notice Inviting Tender (NIT)

Tender NO. 03-02/SLDC/TR-171/1467 Raipur, Dated **06.12.2021**
Name of the Work:
Tender for Installation of UVGI System in HVAC for Air Disinfection and Energy Efficiency at Main SLDC, Building, CSPTCL, Raipur.
Important dates:
Last date for submission of Tender Document: **04-01-2022**, upto **03:00 PM** only.Date of opening of Tender Document: **04-01-2022** at **03:30 PM. The detailed Tender is also available at our official website:** www.sldccg.com & www.cspc.co.in.

EXECUTIVE DIRECTOR(SLDC)
CSPTCL, RAIPUR
// Save Electricity // S.-30711/7

कार्यालय नगरपालिका परिषद् बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)

क्रमांक/1439/रा.शा./न.पा.प./2021-22 बीजापुर, दिनांक 03/11/2021

// घोष पद्धति से दुकान नीलामी सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् बीजापुर के स्वामित्व का नगर पालिका परिषद् बीजापुर के स्वामित्व का कोतवाली थाना के सामने निर्मित दुकान का घोष नीलामी द्वारा नगर पालिका परिषद् बीजापुर कार्यालय के सभाकक्ष में किया जावेगा।

बोली में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति निर्धारित अमानत राशि जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं। अमानत राशि नगद एवं एफ.डी.आर. के माध्यम से जमा की जावेगी।

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 17/12/2021 शाम 05:00 बजे तक।
2. अमानत राशि जमा करने की अंतिम तिथि :- 17/12/2021 शाम 05:00 बजे तक।
3. नीलामी दिनांक :- 20/12/2021 दोपहर 11:00 बजे से।

क्र.	दुकानों की संख्या	आकार	शासकीय बोली/ प्रीमियम राशि	मासिक किराया	अमानत राशि	रिमार्क
01	01 नग अनारक्षित	58 वर्ग मीटर	24,50,000.00	7350.00	2,45,000.00	अनारक्षित

उपरोक्तानुसार नीलामी का नियम शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) अवलोकन कर सकते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीजापुर
जिला-बीजापुर (छ.ग.)

किसी भी समाज और परिवार को आगे बढ़ाने में मातृशक्ति का सबसे बड़ा होता है योगदान : चोवाराम

पायनियर संवाददाता ◄ पलारी, सण्डी, घोटिया
www.dailypioneer.com

मनवाकुर्मी क्षत्रिय समाज के राजकार्यकारणी के सपथ ग्रहण समारोह राजकीयगीत अपरपा पैरी के धाम गीत से प्रारंभ हआ। इसके पहले सर्वप्रथम समाज के माहा पुरषो शिवा जी महराज, डॉं.खुबचंद बघेल जी, स्वामी आत्मानंद जी के छायां चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। साथ ही पूर्व केन्द्रिय अध्यक्ष स्वा. रामकुमार सिरमौर को भी श्रध्दांजलि अर्पित किया । तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजन ग्राम इकाई सण्डी मुडपार के द्वारा केन्द्रिय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा के साथ सभी समाज प्रमखो का साल श्रीफल व स्मृति चिंह भेटकर सम्मानीत किया । मनवा कुर्मी समाज के केन्दिय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा ने पलारीराज की राज प्रधान भुनेश्वरी तिलक वर्मा के साथ उनकी राजकार्यकारणी को पद और गोपनीयता की सपथ दिलाया। इस दौरान चोवाराम वर्मा ने समारोह मे उपस्थित स्वजातीयो को सम्बोधित करते हुये काहा कि संसार मे किसी भी घर और समाज के आगे बडने का प्रमख कारण मातृशक्ति ही होती है। बडे ही गर्व की बात है कि इस बार पलारी राज महिलाशक्ति के लिये आरक्षित है। लोकतांत्रिक ढंग से हुये चुनाव मे जीतकर आई है इसी तरह लोकतांत्रिक रुप से चुनाव करा आप लोगो ने मुझे भी केन्द्रिय अध्यक्ष के रुप में स्वीकार कर काफी बहुमत से जिताया है इसके लिये मै आप सभी का बहुत ही अभारी रहूंगा। आप लोगों के भरोसे व विश्वास का ऋणी रहूंगा । समाज मे योग्य व प्रतिभाशाली लोगों की कमी नहीं है। समाज में चुनौतियां बहुत है जिसे मैं अकेला नहीं लड़ पाऊँगा इसमं आप सभी के सहयोग से ही आगे बढ़ पाऊँगा । जिस समाज में शिवा महाराज स्वामी आत्मानंद और खूबचंद बघेल जैसे महान विभूतियों का जन्म हुआ इसके बाद भी पिछड़े है तो हमें अपने आपको स्वयं में जानने व सधारने की जरुर है। अन्य समाज के लिये यह लोकतांत्रिक प्रणाली से हुआ चुनाव प्रेरणादायक है। हर ग्रामप्रमुख हरेक गांव में घर- घर जाकर सदस्यता रसीद काटकर समाज के लोगों को जोड़कर

समाज के मतदाता सूची मं नाम जोड़कर समाज के असली संख्याबल को दर्शाएं। जिससे मनवा कुर्मी समाज की ताकत सही मायने में दिखेगी जो कि आने वाले समय में प्रदेश के हर क्षेत्र में दशा दिशा तय करने की अहम भमिका निभायेंगा । वही पलारीराज की राजप्रधान भुनेश्वरी वर्मा ने अपने सम्बोधन मे कहा कि अब नारी सशक्तीकरण के इस दौर हमारा मनवा अग्रिम पंक्ति पर है जिसका उदहारण दस राज में दो राज को महिलाओं के लिये आरक्षण किया जाना है ।मैं निश्चित रुप से अपने राजकार्यकारिणी के साथ अब समाज के गरीब शोषित अबला माता बहनों के उथान व उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिये कार्य करुंगी ।साथ ही साथ ही समाज के युवाओं के शिक्षा और बेरोजगरी जैसे गम्भीर विषयों पर बड़ी ही सुद्रिढ़ताकारक काम करने का प्रयास करेंगे। समाज में कभी को जीतता हारता नहीं है। उसे चुना जाता है ।आप सभी ने अपना आशीर्वाद देकर मुझे पलारीराज की प्रथम महिला राजप्रधान होने का गौरव प्रदान किया है जिसकी मैं ताउम्र समाज की ऋणी रहूंगी। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष विपिन बिहारी वर्मा ने काहा कि समाज में पहली बार प्रजातंत्रिक तरीके से अपने प्रतिनिधियों को चुना है। हमारा समाज एक वृह्द समाज है जब अन्य पिछडावर्ग की जब बात होता है तो सबसे प्रमुख समाज के रुप में हम प्रतिनिधित्व करते है ।वही राजमंत्री नेरेन्द्र वर्मा ने काहा समाज मे हार जीत नही केवल सेवा का अवसर प्रप्त होता है । बलौदा बाजार जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने काहा समाज को नये दिशा मे लेकर जाने के लिये पलारी राज एक नई उचाई और दिशामें जायेगी ।मातृत्व शक्ति के मार्ग दर्शन मे जो समाज चलता है। निश्चितरुप से उस समाज पर हमे कर्म बंध होना पढेगा । राज कार्यकारणी मे प्रमखरूप से सपथ लेने वाले पदाधिकारीगण - उपराज प्रधानगण- सधे वर्मा ,ईतवारी वर्मा, राकेश वर्मा,- राजमंत्री-नरेन्द्र वर्मा-उपराजमंत्रीगण- ओंकार वर्मा, खेमराज वर्मा, - सचिव - दयालराम वर्मा-सहसचिव-रामखिलावन वर्मा- कार्यलय सचिव-बिसौहा राम वर्मा-कोषाध्यक्ष- मंतराम वर्मा- उपकोषाध्यक्ष- रामकृपाल वर्मा- संगठनमंत्री- संतोष वर्मा-सहसंगठन मंत्रीगण - बसंत वर्मा, मनहरण वर्मा - कार्यलय सचिव प्रभारी -भरत लाल वर्मा-मीडियाप्रभारी-तरुण वर्मा- सोशलमिडिया प्रभारी-दिपक वर्मा- युवाध्यक्ष-बिसेसर वर्मा-महिलाध्यक्ष- टुकेश्वरी वर्मा, संरक्षकगण- विपिन बिहारी वर्मा, देवकराम वर्मा, अमरनाथ वर्मा, तेजराम वर्मा, जनक राम वर्मा, रामखिलावन वर्मा, इन्द्रदेव वर्मा, केशरी वर्मा, नेमसिंह वर्मा, मुकुतराम वर्मा, मिथिलेश वर्मा, मेंघुराम वर्मा, कांतिलाल धुरंधर, रमेश वर्मा-राजकार्यकारिणी सदस्यगण-धनेश वर्मा, रुपेंद्र वर्मा, हेमंत वर्मा, हुलास वर्मा, खेमेश्वर वर्मा, जगदीश वर्मा, धनसाय वर्मा, पुनीत वर्मा, ओंकार वर्मा, छगन धुरंधर, संतोष वर्मा, कुलेश्वर वर्मा, शशी वर्मा, प्रतिमा वर्मा, सकुन वर्मा, बृजबाई वर्मा,भरथरी वर्मा , पारबती वर्मा । इस अवसर पर समस्त झेत्रप्रधानगण युवा कार्यकारणीय सदस्य सलाहकार मंडल व विधि , शिक्षा, कृषि, व्यापार, चिकित्सा, अधिकारी, कर्मचारी प्रकोष्ठ ,प्रचार प्रसार ,विवहा प्रभारी ,व विशेष आमंत्रीतगण सहित मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज प लारी राज के साथ केन्द्रय सदस्यगण के साथ स्वजातीगण प्रमख रुप से उपस्थित रहे ।

नगर पालिका ने किया कोरोना वैक्सीन लगाने जनजागरूकता रैली का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कोविड-19 के संक्रमण से रोकथाम एवं 08 दिसंबर 2021 को घर-घर दस्तक टीकाकरण अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। आयोजित रैली में नगर पालिका के पार्षदगण, एल्डरमेन, कर्मचारीगण एवं आंगनबाड़ी व स्वच्छता समूह की महिलाये रैली में शामिल हुई। इस दौरान नारा लगाते हुये रैली नगर पालिका से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए नयापारा, गांधी चौक, नेहरू चौक, सदर रोड, बजरंग चौक, पुरानी बस्ती, पुराना बस स्टैण्ड, दशहरा मैदान, गौरव पथ होते हुये रैली का समापन नगर पालिका में किया गया। आयोजित जनजागरूकता रैली में पार्षद संकेत शुक्ला, गौतम ठेठवार, सतीष पटेल, मनोज कांत पुरैना, कमल टण्डन, सविता साहू, डिगेश्वरी नामदेव, पंकल मरैया (गोल्डी), मनजीत कौर सलूजा, क्रांति साहू, रोहित साहू, सुरेन्द्र जायसवाल, दिगम्बर साहू, प्रदीप साहू, रविन्द्र नामदेव, राजू सलूजा सहित कर्मचारीगण कृष्णकांत कुर्रे, गणेश राम पाड़े, अमित वर्मा, राजेश यादव, सुरेन्द्र सोनी, तुलसी राम यादव, शतेन्द्र सिन्हा, प्रसुन शर्मा, भूवनेश्वर साहू, रामनरेश मतावले, कृष्णा गेण्डरे, गुरूदत्त तिवारी, प्रीती ठाकुर, दीपिका बंजारे, रजनीश मिश्रा, संजय कुमार साहू, टिकेन्द्र द्विवेदी, यशवंत सिंह ठाकुर, हितेश वर्मा, सुनीता साहू, सुभाषिनी शेन्द्रे सहित नगर पालिका के कर्मचारीगण व आंगनबाड़ी महिलाएं मणिकंचन केन्द्र की महिलाएं उपस्थित थे।

चिट फंड कंपनी मामले में थाना सिटी कोतवाली की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिले का कमान संभालते ही सर्वप्रथम चिट फंड कंपनियों से जुडे अपराधो पर विशेष ध्यान देने कड़े निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है जिसके परिपालन में थाना प्रभारी विजय चौधरी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध के आरोपी को मध्यप्रदेश जेल से गिरफ्तार किया गया । आरोपी- दिनेश सैनी पिता नंदकिशोर सैनी निवासी मक्सी थाना मक्सी जिला शाजापुर मप्र। मामले का विवरण इस प्रकार है कि स्स्च्य इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा अपने अलग अलग स्कीमों से ग्राहकों को पैसा दुगुना करने का एवं भुखण्ड देने का लुभावना देकर कुल 2515 निवेशकों से कुल आठ करो? आठ लाख इनक्यावन हजार चार सौ इनक्यानबे रू जमा करवा लिए और निवेशको को न ही जमा की गई राशि मिली और न ही कोई जमींन जिस पर प्रार्थी देवकुमार साहू ने थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में एसयूएसके इंडिया लिमिटेड कंपनी के संचालक कैलाश सिंह लोधी, दिनेश लोधी एवं उसके सहयोगीयों के विरूद्ध अपराध दर्ज कराया गया। विवेचना के दौरान कैलाश सिंह लोधी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा एक टीम मध्यप्रदेश उज्जैन भेजा गया जहां प्रकरण के आरोपी दिनेश सैनी पिता नंदकिशोर सैनी को उज्जैन जेल में फार्मल गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में गरीब जनता द्वारा निवेश की गई राशि को वापस दिलाने के लिए कंपनी के डायरेक्टरों की संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही किया जा रहा है।

जनप्रतिनिधियों समेत जिला अधिकारीगण उतरे टीकाकरण प्रचार-प्रसार में

- कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लिया टीकाकरण महा अभियान का जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

हर घर दस्तक कोविड टीकाकरण महाअभियान को सफ्ल बनाने के लिए जिलें के सभी जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं के सदस्य,मीडिया कर्मियों समेत जिला अधिकारियों ने गांव गांव पहुँचकर जन जागरूकता अभियान में सहयोग दे रहें है।टीकाकरण के पूर्व आज जिला प्रशासन इस टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। एक ओर जहां समस्त जनप्रतिनिधि गण एवं सामाजिक कार्यकर्ता गावों गावों में पहुँचकर लोगो को जागरूक कर रहें है। वही दूसरी और जिला अधिकारी गण भी गांव गांव में पहुंचकर टीकाकरण के प्रति जागरूक एवं टीकाकरण नही कराने वाले से मिलकर उनको वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित कर रहें है। जिलें में टीकाकरण को लेकर बहुत ही उत्साह देखने को मिल रहा है। साथ ही साथ आज सभी एसडीएम अपने अपने स्तर में मैदानी अमलो की तैयारियों को अंतिम रूप देतें हुए कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दे रहें है।

कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर लिया टीकाकरण महा अभियान का जायजा : कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने आज शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जरिए जिलें के समस्त अधिकारियों के साथ बैठक कर टीकाकरण महा अभियान का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने चेक लिस्ट के अनुसार तैयारियों को परखा। सम्बंधित अधिकारियों ने भी कलेक्टर श्री जैन को तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर जैन ने कहा की आंगनबाड़ी एवं मितानिनी कार्यकर्ता सर्वे के अनुसार चिन्हांकित व्यक्ति

को सुबह से ही घर से सेंटर तक लाने में मदद करेंगे। एसडीएम एवं जनपद सीईओ को निर्देश देतें हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कार्य को पूर्ण करेंगे। कोविड वैक्सिन के टीम को किसी भी तरह की असुविधा नही होनी चाहिए। उनकी सभी तरह की व्यवस्थाएं पंचायत की तरफसे करनें के निर्देश दिए गए है। गांव से दूर अन्य गावों में टीकाकरण केंद्र होने पर उन केंद्रों तक पहुँचाने के लिए वाहन की व्यवस्था करनें के निर्देश भी दिए गए है। श्री जैन कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को शुभकामनाएं दिए। उन्होंने यह भी कहा कि टीकाकरण के फ टोटो वीडियो को हैशटैग बीबीबी वैक्सिनेशन महाअभियान लिखकर सोशल मीडिया में शेयर करें। बैठक में जिला मुख्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि विकासखंड से लेकर जिला मुख्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया जहां पर हर 2 घन्टे में टीकाकरण की रिपोर्ट दी जाएगी। जिलें में अतिरिक्त मोबाईल एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी है। जिलें के किसी भी स्थान में वैक्सिन एवं सिरिंज की कमी नही है। सभी जगहों में मांग के अनुसार पर्याप्त संख्या में पहुंचा दी गयी है। वैक्सीन कोल्ड सेंटर में भी सभी जगह वैक्सीन पहुँचा दी गयी है। सुबह 5 बजें से सभी सेंटरों के लिए वैक्सिन रवाना हो जायेगी। उन्होंने आगे बताया कि प्रति विकासखंड 30-30 हज़ार के हिसाब से 1 लाख 80 हजार वैक्सीन कार्ड आवंटित कर दिया गया । इसके साथ ही वैक्सिन को ग्राम स्तर तक पहुंचाने के लिए कुल 763 वैक्सीन कैरियर उपलब्ध हैं। इनमें से बिलाईगढ़ को 102, कसडोल में 140, पलारी में 150, बलौदा बाजार में 157, सिमगा में 119 तथा भाटापारा में 95 वैक्सीन कैरियर नियुक्त किये गय हैं। साथ ही इस महा अभियान को सफ्ल बनाने के लिए जिले में 549 बूथ निर्माण किए गए हैं, जिसमें बिलाईगढ़ में 102, कसडोल में 120, पलारी में 74, बलौदा बाजार में 100, सिमगा में 72 भाटापारा में 81 बूथ शामिल हैं। इसके साथ ही बलौदाबाजार 42 हजार 330 डोज, भाटापारा 33 हजार 50, बिलाईगढ़ 44 हजार 180, कसडोल 40 हजार 965, पलारी 31 हजार 620 एवं सिमगा को 43 हजार 440 डोज दिए गए है। इसी तरह कुल 2 लाख 7 हजार 339 सिरिंज मुहैया करा दी गयी है। साथ ही इसी कड़ी में उक्त विकासखण्डों में ए ई एफ आई किट की मात्रा क्रमशः 102, 130, 100, 100,100 एवं 85 उपलब्ध है। बूथ पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला एवं पुरुष ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्टाफ नर्स की भी ड्यूटी लगा दी गई है। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ डॉ. फरिहा आलम सिद्की सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी, सीएमओ, जनपद पंचायत सीईओ, अन्य विभागों के विकासखंड मुख्यालयो के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

बासीन में साड़ी व श्रीफल भेंट कर किया मितानिनों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सिमगा ब्लाक अतर्गत ग्राम पंचायत बासिन में मितानिन दीदियों का साड़ी व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि क्षेत्र की जनपद सदस्य उमा अनंत ने मितानिनों के सम्मान में कहा कि निः स्वार्थ सेवा भाव से हमारी मितानिन बहनें कार्य करती हे। चौबीस घंटे सेवा देती है। कोरोना काल में सभी लोगों के घर जा जा कर स्वास्थ्य के प्रति सजग किया ये उनकी महत्वपूर्ण कार्य है। मितानिनो के सम्मान में सरपंच दसोदा जांगड़े ने कहा कि मितानिन

स्वास्थ्य क्षेत्र मे पहली सीढ़ी है। जो हमेशा मदद के लिए तैयार रहती है। कोरोनाकाल के बीच मे अपनी जान की परवाह न करते हुए मितानिनों ने अपनी सेवा दी। कार्यग्रम को संबोधित करते हुउ बुड़गहन सरपंच ने भी मितानिनों की कार्य की सराहना की वहीं इस कार्यक्रम में मितानिन एम टी इन्द्राणी चौहान, डिगेश्वरी, ईश्वरी वर्मा, किरण विश्वकर्मा, स्वास्थ्य विभाब से ब्लाक समन्वयक अश्वनी वर्मा, उपसरपंच उमा यादव सविच रामस्नेही यदु, पंच गण किरण बंजारे, सीमा वर्मा, ममता वर्मा, उत्तरी जांगड़े, सुशीला वर्मा, नेतराम निषाद, ज्योति ध्रुव, सहित अंगनबड़ी कार्यकर्ता भारती वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

किसानों को ठगने वाले भाजपाई खुद कर रहे गंदी राजनीति : शादाब

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई अध्यक्ष शादाब जालियावाला ने न्याय योजना पर भाजपा नेताओं द्वारा की जा रही गंदी राजनीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये वही भाजपाई है जो किसानों के नाम पर राजनीति करते है जब मध्यप्रदेश के मंदसौर में किसानों के ऊपर भाजपा सरकार ने गोली चलवाई थी तब इनके मुंह में सांप सूंघ गया था जब छत्तीसगढ़ के किसान भाजपा सरकार के समय अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरते थे या धरना देते थे तब उन्हें गिरफ़्तार कर जेल में डाल

दिया जाता था। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह को निर्वचान क्षेत्र में किसान महीनो भर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते थे सड़क पर लड़ाई लड़ते थे तब भाजपा नेताओं द्वारा उनकी सुध तक नहीं ली जाती थी। आज किसान हित का झूठा दिखावा कर रहे, आज जब छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार अपने घोषणा के अनुसार किसानों को उनके हक़ का पैसा समर्थन मूल्य 2500 रुपए दे रही है तब भाजपा नेताओं के पेट में खलबली मच गई है, क्योंकि अब भाजपाई इस पर राजनीति नहीं कर पाएगे। शादाब ने कहा कि भाजपा नेताओं को न्याय ओर अन्याय का फ़र्क़ नहीं मालूम है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लागू होना, किसानो के साथ न्याय है ओर भाजपाईयो के साथ अन्याय है। भाजपाईयों के साथ अन्याय इसलिए है क्योंकि अब भाजपा को राजनीति करने का मोका नहीं मिलेगा। रमन सरकार ने किसानो को 2 साल का बोनस नहीं दिया यह किसानों के साथ अन्याय है।

शराब पीकर अभद्र व्यवहार करने वाला आरक्षक निलंबित

बलौदाबाजार। लाहोद प्रशिक्षण केंद्र में शराब पीकर अभद्र करने वाले आरक्षक क्र. 204 चंद्रपाल बर्मन को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित आरक्षक की लाहोद प्रशिक्षण केंद्र में ड्यूटी लगी थी। इस दौरान उसके द्वारा 05.दिसं. की रात्रि में शराब पीकर मोबाइल फोन के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी अधिकारी सुबेदार अशोक गिरी से अश्लील गाली गलौज किया गया था। इस दौरान निलंबित आरक्षक का तुरंत मेडिकल मुलाहिजा कराया गया जिसमें उसके शराब पीने की पुष्टि हुई। उक्त आरक्षक द्वारा ड्यूटी के दौरान शराब पीकर वरिष्ठ अधिकारियों से अश्लील गाली गलौज कर अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने के फलस्वरुप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आरक्षक 204 चंद्रपाल बर्मन को निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा जिले के पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों में अनुशासन बनाए रखना पहली प्राथमिकता है।

पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर

// पुनः निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक-पु.मु./सा.शा./स्टोर/159A/21 दिनांक 01/12/2021

छत्तीसगढ़ के राजयपाल की ओर से पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर में स्थापित वोल्टास एवं अन्य एयर कंडीशनर के नियमित मरम्मत/सर्विसिंग AMC (Annual Maintenance Contract) हेतु वर्ष 2021-22 के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। ऐसी फर्मे जिन्हें किसी शासकीय, अर्ध शासकीय अथवा सार्वजनिक निकाय की संस्थाओं में एयर कंडिशन के वार्षिक रखरखाव अनुबन्ध का 03 वर्ष का अनुभव तथा विगत 03 वर्षों का औसत वार्षिक टर्न ओवर 54.00 लाख रूपये से अधिक हो इस निविदा प्रक्रिया में शामिल हो सकती है।

Annual Maintenance Contract of VOLTAS & OTHER AIR CONDITIONERS SET-141 Nos.
नोट- एयर कंडीशनर की संख्या घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

निविदा प्रपत्र 1000.00 (एक हजार रूपये मात्र) कोषालय में लेखा शीर्ष 055 पुलिस 800 अन्य प्राप्तियां मद में जमा कर चालान की मूल प्रति निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे। निविदा प्रपत्र छत्तीसगढ़ हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से निर्धारित आवेदन पत्र (आयकर चुकता प्रमाणपत्र सहित) के साथ रू. 1000/- कोषालय में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियों के अन्तर्गत जमा कर चालान की मूल प्रति अथवा बैंक ड्राफ्ट सहायक पुलिस महानिरीक्षक (लेखा) पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर के नाम से प्रस्तुत करना होगा, जो वापसी योग्य नहीं होगी।

1. निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि : 24.12.2021
2. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि : 27.12.2021 समय 15.00 बजे
3. निविदा खोलने की तिथि : 27.12.2021 समय 16.00 बजे

नोटः-
1. निविदा खुलने की तिथि में यदि शासकीय अवकाश होता है, तो निविदा अगले तिथि को खुलेगी।
2. निविदा प्रपत्र पुलिस की वेबसाईट www.cgpolice.gov.in से डाउनलोड कर स्वयं अथवा प्रतिनिधी के माध्यम से पु.मु.नवा रायपुर स्टोर शाखा में निविदा बाक्स में डाली जायेगी, डाक द्वारा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. निविदा प्रक्रिया में किसी प्रकार का संशोधन समाचार-पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा, इसकी जानकारी पुलिस विभाग की वेबसाईट का अवलोकन कर प्राप्त की जाये।

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (यो/प्र)
हेतु-पुलिस महानिदेशक

G- 65691/4

मुख्यमंत्री के दिए गए निर्देशों के अनुरूप चिटफंड मामलों की त्वरित जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी

पदभार ग्रहण करते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने ली अपराध समीक्षा बैठक

- थाना/चौकी में आने वाले फरियादियों से संयमित व्यवहार कर उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण कर आवेदकों को संतुष्ट करने हेतु दिया गया हिदायत

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अपराध समीक्षा बैठक लिया गया। बैठक में विस्तार से अपराधों, कानून व्यवस्था एवं गुंडे बदमाशों की स्थिति की समीक्षा की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा लंबित अपराध, लंबित चालान, लंबित शिकायत एवं एफएसएल संबंधी मामलों का तत्काल निकाल करने, महिला, नाबालिक बालक-बालिका संबंधी मामलों में अपराध दर्ज कर आरोपियों के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु सख्त निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप चिटफंड मामलों की जांच कार्यवाही में गतिशीलता लाकर, आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी एवं चिटफंड कंपनी द्वारा अर्जित संपत्तियों की कुर्की की कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि थाना/चौकी में आने वाले फरियादियों/आवेदकों से संयमित व्यवहार कर उनकी शिकायतों पर तत्काल समुचित वैधानिक कार्यवाही कर आवेदकों को संतुष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध कार्यों के संचालन एवं उस पर रोक नहीं लगाने वाले प्रभारियों पर कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, एसडीओपी बिलाईगढ़ संजय तिवारी, अभिषेक सिंह उप पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थ बघेल एसडीओपी भाटापारा, रक्षित निरीक्षक विक्रम बघेल, उपनिरी टी.एन.यादव एवं समस्त थाना एवं चौकी प्रभारीगण उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन 11 एवं 12 दिसंबर को प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर करेगा धरना-प्रदर्शन

13 दिसंबर को पूरी प्रदेश भर के सहायक शिक्षक रायपुर पहुंच कर करेंगे विधानसभा का घेराव

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ सहायक शिक्षा फेडरेशन ब्लॉक इकाई पलारी के द्वारा विकाशखण्ड में कार्यरत सहायक की आवश्यक बैठक का आयोजन स्थानीय brc सभाकक्ष में आयोजित किया गया था। जिसमे ब्लॉक सचिव चुरामन सिन्हा द्वारा सर्वप्रथम बताया गया कि 05 दिसंबर को रायपुर के कलेक्टर गार्डन में सहायक शिक्षक फेडरेशन के समस्त ब्लॉक के अध्य्यक्ष और जिलां अध्यक्षो के संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया था । शासन द्वारा पूर्व में 90दिन के अंदर सहायक शिक्षको के वेतन विसंगति को दूर करने के मियाद खत्म होने के बाद भी आज पर्यंत इसके लिए कोई ठोस कदम नही उठाया गया है।

अतः निर्णय लिया गया है कि आगामी 11 एवं 12 दिसंबर को ब्लॉक स्तर पर हड़ताल का आयोजन कर धरना दिया जाएगा उसके पस्चात 13 दिसंबर को विधानसभा का घेराव किया जाएगा, वही से जब तक वेतन विसंगति दूर करने के स्पस्ट निर्णय जब तक नही आएगा तब तक अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जाएगा। पलारी की बैठक में उपस्थित समस्त सहायक शिक्षको के द्वारा प्रंतीय नेतृत्व के दिशा निर्देश में 11 एवं 12 दिसंबर को पलारी में हड़ताल कर धरना देने और रैली का आयोजन करने की सहमति बनी। उसके पश्चात 13 दिसम्बर को ब्लॉक के अधिक से अधिक सहायक शिक्षक रायपुर पहुचकर विधासभा घेराव में अपनी सहभागिता देंगे। सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई पलारी के पदाधिकारियो द्वारा निर्णय लिया गया कि जब तक सहायक शिक्षको के वेतन विसंगति का समाधान शासन द्वारा नही किया जाएगा तब तक समस्त सहायक शिक्षक साथी हड़ताल में प्रांतीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में विद्यालय का बहिष्कार करते हुए अनिश्चित कालीन हड़ताल में रहेंगे। इस अवसर पर सहायक शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारी लोकनाथ सेन, चुरामन सिन्हा, चुम्मन लाल साहू, कविताय सरसिहा, अजय कुमार, हेम कुमार फेकर, धर्मेंद्र आडिल, तोषण शर्मा, वीरेंद्र कुमार साहू, ढालूराम सारंग, कुमार गौरव साहू, भूपेंद्र कुमार वर्मा, पुरुषोत्तम लाल यादव, रंजीता कनौजे, तारिणी धीवर, उषा शर्मा, भोजराम वर्मा, चैनलाल वर्मा, राधेलाल फेकर, अश्वनी कुमार वर्मा, श्रवण कुमार साहू, लोचन बांधे, सोनसाय साहू, चंद्रशेखर मूर्ती, दिलेश्वर भारद्वाज, भुवनलाल चौबे, वीरेंद्र बंजारे, अजय मिश्रा, कौशलेश किषोर साहू, संत कुमार जलहरे, संजीत कुमार डौंडे, बी दिवान, डिलेश कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

कलेक्टर सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीदों को याद किया

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा सहित जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने देश के युद्ध योद्धाओं, वीरांगनाओं, सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक, युद्ध में अपंग हुए सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा खरीद कर उन्हे याद किया। जिला कार्यालय में कलेक्टर के साथ संयुक्त कलेक्टर इन्द्रजीत बर्मन, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, अधीक्षक राजेन्द्र कुमार धुर्वे व सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने समय सीमा की बैठक में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीदों को नमन भी किए।

उल्लेखनीय है कि 07 दिसंबर, 1949 से झंडा दिवस मनाया जा रहा है। तत्कालिन सरकार ने सन 1949 से सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाने का निर्णय लिया। देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन झंडे की खरीद से होने वाली आय शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण में खर्च की जाती है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस द्वारा इकट्ठा की गई राशि युद्ध वीरांगनाओं, सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक, युद्ध में अपंग हुए सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण पर खर्च की जाती है।

7 दिसंबर, 1949 से शुरू हुआ यह सफर आज तक जारी है। आजादी के तुरंत बाद सरकार को लगने लगा कि सैनिकों के परिवार वालों की भी जरूरतों का ख्याल रखने की आवश्यकता है और इसलिए उसने 07 दिसंबर को झंडा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। इसके पीछ सोच थी कि जनता में छोटे-छोटे झंडे बांट कर दान अर्जित किया जाएगा जिसका फायदा शहीद सैनिकों के आश्रितों को होगा। शुरूआत में इसे झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता था, लेकिन 1993 से इसे सशस्त्र सेना झंडा दिवस का रूप दे दिया गया।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस का इतिहास

भारत के तत्कालीन रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में 28 अगस्त 1949 को एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने हर साल 7 दिसंबर को झंडा दिवस मनाने का फैसला किया। यह दिन मुख्य रूप से लोगों को झंडे बांटने और उनसे धन इकट्ठा करने के लिए मनाया जाता है। देश भर में लोग धन के बदले में तीन सेवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लाल, गहरे नीले और हल्के नीले रंग में छोटे झंडे और कार के झंडे वितरित करते हैं।

खेदूराम हुए राज्य स्तरीय प्रगतिशील कृषक पुरस्कार से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बेमेतरा जिले के एक किसान को जैविक खेती को प्रोत्साहन देने सम्मानित किया गया। न्यू इंडियन एक्सप्रेस द्वारा राज्य स्तर पर कृषि व सम्बद्ध क्षेत्र मे उन्नत एवं प्रगतिशील कृषकों को सम्मान हेतु सम्मेलन कल रायपुर के एक नीजी हॉटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के विकासखण्ड बेरला के ग्राम खुडमुड़ी के प्रगतिशील कृषक खेदूराम बन्जारे को जैविक खेती मे सराहनीय कार्य करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा शील्ड व 11 हजार रुपये का चेक के साथ गमछा पहनाकर पुरस्कृत किया गया।

जिला चिकित्सालय के ग्राउंड फ्लोर एवं प्रथम तल में सुरक्षा हेतु लगेंगे लोहे की चार चैनल गेट

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जीवन दीप समिति के अध्यक्ष अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज जिला चिकित्सालय के सभा कक्ष में जीवन दीप समिति के कार्यकारणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने जीवन दीप समिति के आय-व्यय के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक डी.आर आंचला और जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास विबोष रूप से उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने जीवन दीप समिति के कार्यकारणी समिति के पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने कहा कि कोविड के एक नया वायरस ओमिक्रॉन का रूप सामने आया है। इसकी रोकथाम एवं बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देष दिये। बैठक में उन्होने जिला चिकित्सालय के सुरक्षा के संबंध में चर्चा की और जिला चिकित्सालय के ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल में सुरक्षा हेतु लोहे की चार चैनल गेट लगाने की स्वीकृति दी। इसी तरह जिला चिकित्सालय के पार्किंग एरिया में एलीडी स्ट्रीट लाईट लगाने की भी मंजूरी दी गई। बैठक में उन्होने जिला चिकित्सालय में पेयजल हेतु उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आनंद मांझी ने बताया कि जिला चिकित्सालय में पेयजल हेतु 32 नग पानी टंकी बनाये गये है। टंकी में पानी का रिसाव होता है। इसके बदले उन्होने एक बड़ी साईज की टंकी की लगाने की मांग रखी। इस पर कलेक्टर श्री वसंत ने गौर करते हुए लोक निर्माण विभाग के कार्य पालन अभियंता को जॉच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसी तरह मातृ-षिषु चिकित्सालय में मातृ-षिषु विभाग का स्थानांतरण के संबंध में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के ओपीडी, आईपीडी, डिलव्हरी, स्टील बर्थ और एनआरसी के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

पुहुप सिंह ठाकुर एवं बाबूलाल कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कर्मचारियों को उनके कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं असाधारण काम करने पर प्रति माह पुरस्कृत किया जाता है। ऐसी कर्मचारियों को प्रति माह कर्म शिरोमणि पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में दल्ली राजहरा लौह अयस्क वयस्क खदान समूह मैं राज हरा यंत्री कृत खदान के वरिष्ठ टेक्नीशियन सीएस प्लांट पुहुप सिंह ठाकुर एवं बाबूलाल को नवंबर माह में कर्म शिरोमणि पुरस्कार से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम खदान के मुख्य महाप्रबंधक सपन सूत्रधार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ इस दौरान प्रभारी महाप्रबंधक एम एंड एस जी सी वर्मा, महाप्रबंधक झरन दल्ली रमेश बेहरा, पालीवाल उप महाप्रबंधक विपिन कुमार एवं श्रम अधिकारी संध्या वर्मा आदि लोगों उपस्थित थे।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के सातवें दिन आज 6 हजार 35 मीट्रिक टन धान की खरीदी

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 01 दिसम्बर से किया जा रहा है। कलेक्टर अजीत वसंत के कुशल मार्ग निर्देशन में धान खरीदी का कार्य सभी 66 सहकारी समितियों के 97 उपार्जन केंद्रों में किया जा रहा है। जिले में धान खरीदी के सातवें दिन आज शाम 05.30 बजे तक 06 हजार 35 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इसे मिला जिले में अब तक 29 हजार 881 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। आगामी दिनों में उपार्जन केंद्रो में धान की आवक में और वृद्धि होगी।

जिले के जनपद पंचायत पथरिया के मंगल भवन में दिव्यांगजन एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं नवनीकरण शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं को राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु जिले के जनपद पंचायत पथरिया के मंगल भवन में आज दिव्यांगजन एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं नवनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं दिव्यांग छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में उनके अभिभावकगण उपस्थित थे। कलेक्टर अजीत वसंत ने विकास खण्ड पथरिया के मंगल भवन पहुँचकर वहां आयोजित दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं नवनीकरण शिविर का अवलोकन किया और दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने डॉक्टरों को समग्र रूप से प्रत्येंक दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं का जॉच एवं उपचार करने के निर्देश दिये। तत्पश्चात् विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बारी-बारी से 413 दिव्यांग जनों की जाचं एवं उपचार की गई। इनमें अस्थि बांधित के 259, श्रवण बांधित के 73, दृष्टि बांधित के 70 और मानसिक मन्दता के 11 दिव्यांग शामिल थे। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रेयांश पारख, दृष्टि रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेश खाण्डेय, श्रवण रोग विशेषज्ञ डॉ. एम के राय, सिकलसेल रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवपाल सिंह सिंदार और मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज शुक्ला ने अपने चिकित्सक दलो के साथ दिव्यांग जनों का जॉच एवं उपचार किया। इसके साथ ही दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र का नवनीकरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास, पथरिया अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रिया गोयल सहित समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर वसंत ने किया धान उपार्जन केंद्र मदनपुर और झगरहट्टा का निरीक्षण

मुंगेली। राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 01 दिसम्बर से नियमित रूप से किया जा रहा है। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा 01 दिसम्बर से ही धान उपार्जन केंद्रों का लगातार निरीक्षण एवं अवलोकन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में उन्होने आज विकास खण्ड मुंगेली के धान उपार्जन केंद्र मदनपुर और झगरहट्टा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होने धान विक्रय करने पहुँचे किसानों से रूबरू होते हुए उनसे धान की रकबा, उपार्जन केंद्र में लाये गये धान की मात्रा और उन्हे मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि धान विक्रय में किसी भी किसान को समस्या नहीं होगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने कन्हैया अग्रवाल को दी उत्तर प्रदेश के चुनाव की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आने वाले उत्तर प्रदेश राज्य के विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के छाया कांग्रेस विधायक कन्हैया अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई है,तथा रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र छाया कांग्रेस विधायक कार्यालय रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार 9 दिसंबर को दिल्ली में प्रियंका गांधी के नेतृत्व में यूपी चुनाव को लेकर अहम बैठक आयोजित की गई है, जिसमें कन्हैया अग्रवाल रायपुर भी बैठक में शामिल होंगे, तथा कन्हैया अग्रवाल ने इस संबंध में बताया कि यूपी चुनाव आने वाले महीने में होने हैं, तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा भी यूपी चुनाव में कांग्रेस पार्टी के बेहतर प्रदर्शन एवं चुनाव पूर्व की तैयारियों को लेकर अहम बैठकें की जा रही हैं, तथा इसी श्रृंखला में 9 दिसंबर को दिल्ली में बैठक होगी, उल्लेखित हो कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के छाया कांग्रेस विधायक कन्हैया अग्रवाल का उत्तर प्रदेश के अनेकों शहरों में काफी प्रभाव है,तथा उन्हें यूपी चुनाव के दौरान भी अहम जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं,एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में लगातार कन्हैया अग्रवाल सामाजिक, राजनीतिक रूप से प्रवास करते रहते हैं।

कैरियर निर्माण एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण पर चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट बेमेतरा में कैरियर निर्माण एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण पर चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रभारी प्राचार्य अनिल सोनी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा वर्तमान संदर्भ में कैरियर जागरूकता एवं शिक्षा में व्यावसायिक प्रशिक्षण की अत्यंत आवश्यकता है, अतः आप सब इस कार्यशाला में बहुत गंभीरता पूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान करें। शुभारंभ अवसर पर संस्था के व्याख्याता खुटियारे, तुकाराम साहू, के.के. सोनी, कीर्ति घृतल्लहरे, सहित प्रशिक्षण कार्यशाला संयोजक यमुना जांगड़े, मास्टर ट्रेनर सुनील झा, जीधन देवांगन, शालिनी दुबे, सरिता गुप्ता उपस्थित थे।

कार्यशाला के प्रथम दिवस सुनील झा ने कैरियर निर्माण एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण में बाल मनोविज्ञान विषय पर शिक्षकों के समूह प्रस्तुति के माध्यम से कार्यशाला संचालित की। दूसरे सत्र में अंधियारा खोर के व्यावसायिक प्रशिक्षक लोकेंद्र साहू ने पीपीटी के माध्यम से आई टी के क्षेत्र में कैरियर निर्माण की संभावनाओं पर अपनी प्रस्तुति दी। इस कार्यशाला में जिला के चारों विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 60शिक्षक सम्मलित हो रहे हैं।

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर देंगे योग का प्रशिक्षण

15 से 19 दिसंबर तक पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन

■ **व्हाट्सएप के माध्यम से निशुल्क अग्रिम पंजीयन करवा कर कार्यक्रम में हो सकते हैं शामिल**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती शहर की जनसेवा एवं जनहित के कार्यों में अग्रणी रहने वाली संस्था जन सेवा समिति हटरी धर्मशाला द्वारा आगामी 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से 8:30 बजे तक पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन हटरी धर्मशाला परिसर में किया गया है, उक्तआशय की जानकारी देते हुए जन सेवा समिति शक्ति के अध्यक्ष अशोक खेतान ने बताया कि वर्तमान समय में मनुष्य को स्वस्थ बेहतर रखने एवं योग के माध्यम से उन्हें योगाभ्यास कराने की सोच से उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हरिद्वार के प्रतिष्ठित पतंजलि योगपीठ के मास्टर ट्रेनर एवं छत्तीसगढ़ के अनुभवी प्रशिक्षक तेजराम सेन तथा संतोषी सेन सहित उनकी पूरी टीम इस पांच दिवसीय आयोजन में निशुल्क योग का प्रशिक्षण देंगे, अशोक खेतान ने बताया कि हटरी धर्मशाला में आयोजित इस निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में पुरुष, महिलाएं, युवा वर्ग, बच्चे तथा युवतियां भी शामिल हो सकती हैं, एवं योगाभ्यास स्थल पर अलग-अलग योग प्रशिक्षण हेतु व्यवस्था की जा रही है, तथा इस योग शिविर में शामिल होने हेतु अपना अग्रिम निशुल्क पंजीयन मोबाइल नंबर-9302847132, 8817851 220 एवं 8770041145 पर फोन कर या कि व्हाट्सएप के माध्यम से अपना जानकारी दे सकते हैं, जन सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक खेतान ने बताया कि हटरी धर्मशाला में आयोजित इस निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से योग की विभिन्न क्रियाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी, तथा हरिद्वार के प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षक योग को लेकर प्रतिभागियों से चर्चा भी करेंगे,उल्लेखित हो की शक्ति शहर की जन सेवा समिति हटरी धर्मशाला द्वारा हटरी धर्मशाला के संचालन के साथ ही निरंतर धार्मिक, सामाजिक, जनकल्याण एवं जनहित के कार्यों में आपके नाम के अनुरूप ही सक्रिय रूप से भागीदारी की जा रही है, तथा जन सेवा समिति हटरी धर्मशाला में जहां आम नागरिकों की सुविधाओं एवं ज्ञान को बढ़ाने के लिए लाइब्रेरी पुस्तकालय की भी स्थापना की गई है, तो वहीं इस समिति द्वारा विगत दिनों बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान भी देश के विभिन्न राज्यों से पधारे श्याम प्रेमियों के लिए निशुल्क आवास एवं स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी, तथा इस समिति द्वारा निरंतर विभिन्न रचनात्मक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर अपना योगदान दिया जा रहा है।

संपादकीय

दोहरी चुनौती

डेल्टा के साथ ओमीक्रान

भारत में विचित्र स्थिति पैदा हो रही है। कोरोनावायरस के नए रूप ओमीक्रान ने पांच राज्यों में सिर उठाया है। इसके साथ ही कोविड-19 के संभवतः डेल्टा स्वरूप के नए मामले आठ राज्यों से सामने आ रहे हैं। जहां वैज्ञानिक दो स्वरूपों के बीच अंतर का अध्ययन कर रहे हैं, वर्तमान समय में रोगियों पर उनका समान प्रभाव दिखता है। अब तक वे बिना लक्षणों वाले हैं या उनके मामूली लक्षण दिखे हैं तथा उनमें गंभीर चिकित्सकीय हस्तक्षेप की जरूरत नहीं आई है। देश में वैश्विक महामारी के नवीनतम उभार के चार आयामों पर गौर करना चाहिए। कर्नाटक में बिना किसी यात्रा इतिहास के एक व्यक्ति को ओमीक्रान संक्रमण हुआ। ओमीक्रान से लोग प्रभावित हो रहे हैं, भले ही उनके टीकाकरण की स्थिति चाहे जो हो। यह चिन्ताजनक बात है कि इससे किशोर भी प्रभावित हो रहे हैं, जैसा कि गुजरात में पाया गया है। भारत में दोनों स्वरूपों के क्लस्टर संक्रमण पाए गए हैं। ओमीक्रान क्लस्टर महाराष्ट्र और कर्नाटक में पाए गए हैं। गैर-ओमीक्रान कोविड-19 क्लस्टर तेलंगाना और महाराष्ट्र में पाए गए हैं। तेलंगाना में एक मेडिकल कालेज के 40 से अधिक छात्र कालेज में एक आयोजन के बाद संक्रमित पाए गए जिसमें वे मास्क नहीं लगाए थे। कर्नाटक के एक स्कूल और एक कालेज में अलग-अलग क्लस्टर पाए गए। इनमें फ्रेशर्स पार्टी के बाद 300 से अधिक छात्र व कर्मचारी शामिल थे। तेलंगाना सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक डा. जी. श्रीनिवास ने चेतावनी दी है कि जनवरी के मध्य तक कोविड के मामले बढ़ सकते हैं तथा उनकी संख्या फरवरी में शिखर पर पहुंच सकती है। सरकार का चिकित्सकीय ढांचा पहले ही नई लहर का सामना करने के लिए तैयार हो, पर इसके साथ ही यह तथ्य भी है कि अब तक टीकाकृत या उससे वंचित रोगियों में ओमीक्रान संक्रमण गंभीर नहीं दिखा है। ऐसे में सरकार को दो मुद्दों का सामना है। पहला यह है कि वायरस के मनुष्यों में प्रसार को कैसे घटाया जाए। इसका एकमात्र विकल्प देश में व्यापक पैमाने पर स्क्रीनिंग करना है जिनमें खासकर हवाईअड्डे, रेलवे स्टेशन तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन केन्द्र हैं। पाजिटिव पाए गए लोगों को अनिवार्य क्वारंटीन में भेजना समय की आवश्यकता है। केन्द्र को राज्यों के साथ समन्वय बना कर टेस्टिंग व टेऔसिंग तेज करनी चाहिए। हवाईअड्डों व रेलवे स्टेशनों को बंद करना उस समय तक उचित नहीं होगा जब तक संक्रमण इतना गंभीर न हो जाए कि उससे जटिलतायें व मौतें सामने आने लगें। सरकार को बच्चों के टीकाकरण का निर्णय भी जल्दी लेना होगा। भारत में 12-17 आयुवर्ग के लगभग 14 करोड़ बच्चे हैं। अधिकांश पहले ही डेल्टा स्वरूप का सामना कर चुके हैं। ओमीक्रान अब गुजरात में इस वर्ग के बच्चों को संक्रमित करने लगा है। भारत की खास स्थिति है। एक ओर डेल्टा के स्थानीय प्रकोप उन क्षेत्रों में दिख रहे हैं जहां लोग अब तक संक्रमित नहीं हुए थे, वहीं दूसरी ओर ओमीक्रान के रूप में परिवर्तित वायरस भी आ गया है। हमें इस दुहरे हमले के प्रभावों का तत्काल आंकलन करना चाहिए। कोविड-19 टास्क फोर्स को दो मुद्दों से निपटना होगा। पहला, अब तक हमने बच्चों के टीकाकरण की प्रतीक्षा की है, ऐसे में क्या हमें बच्चों की नई वैक्सीन के लिए और प्रतीक्षा करनी चाहिए जो नए और भावी स्वरूपों से उनकी रक्षा कर सके? दूसरा, दक्षिण अफ्रीका के मामलों से स्पष्ट है कि ओमीक्रान पहले संक्रमित हो चुके लोगों को भी संक्रमित कर रहा है। ऐसे में सवाल है कि क्या ओमीक्रान में वैक्सीन से पैदा प्रतिरक्षा को धोखा देने की क्षमता है?

एमएसपी व्यवस्था छोड़े भारत

सरकार को किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए। इससे वर्तमान एमएसपी व्यवस्था में व्याप्त कमियां और दुरुपयोग समाप्त करने में मदद मिलेगी।

उत्तम गुप्ता
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

कोरोनावायरस के नए स्वरूप ओमीक्रान के सिर उठाने को देखते हुए विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ की बारहवीं मंत्रिस्तरीय कान्फ्रेंस-एमसी की 30 नवंबर को होने वाली बैठक अनिश्चित काल के लिए टाल दी गई है। सरकार को इस मौके का लाभ उठा कर समान सोच वाले विकासशील देशों से विचार-विमर्श कर समन्वय के साथ साझा रणनीति तैयार करनी चाहिए। इसमें इन क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता है-1. खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग-पीएसएच का स्थाई समाधान, 2. विकासशील देशों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था-एसएसएम, 3. मछली सब्सिडी में वर्तमान असमानतायें दूर करना, 4. कोविड-19 वैक्सीन तैयार करने के लिए पेटेंट हटाना तथा 5. डब्लूटीओ में सुधार। भारत खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग का व्यापक कार्यक्रम चलाता है। इसके अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां गेंहूं, चावल व मोटे अनाज जैसे कृषि उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर किसानों से खरीदती हैं तथा उनको अत्यधिक सस्ती 1, 2, 3 रुपये प्रति किलो की कीमत पर सस्ते राशन की दूकानों से वितरित करती हैं ताकि भारत के गरीबों और संकटग्रस्त तबकों की जरूरतें पूरी हो सकें। बिक्री मूल्य के अतिरिक्त एमएसपी के साथ ही हैंडलिंग, भंडारण व वितरण पर आने वाला खर्च केन्द्रीय बजट से सब्सिडी के रूप में दिया जाता है।

इसमें किसानों को एमएसपी के अतिरिक्त सब्सिडी शामिल है। इसे डब्लूटीओ की शब्दावली में अंतरराष्ट्रीय कीमत या एक्सटर्नल रिफरेंस प्राइस-ईआरपी कहते हैं। इसके अलावा खाद्य उपभोक्ता को ईआरपी के अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है। डब्लूटीओ को 'उत्पाद संबंधी' सब्सिडी के साथ ही कृषि निवेशों जैसे उर्वरक, बीज, सिंचाई, बिजली, आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी से चिन्ता है जिनको 'गैर-उत्पाद संबंधी' सब्सिडी कहा जाता है।

डब्लूटीओ के अंतर्गत कृषि समझौते-एओए में उत्पाद व गैर-उत्पाद सब्सिडी या कुल सहायता-एएमएस को विकासशील देशों के कृषि उत्पाद मूल्य के 10 प्रतिशत तक सीमित किया गया है। यदि कोई देश एएमएस के 10 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी देता है तो यह उल्लंघन होगा। एओए 1 जनवरी, 1995 से लागू है। भारत में 2005 तक एमएसपी ईआरपी से कम था। इसके बाद एमएसपी ईआरपी से अधिक हो गया तथा पिछले दशक में यह अंतर बढ़ा है। उदाहरण के लिए, मई 2018 में अमेरिका द्वारा डब्लूटीओ को दिए प्रतिवेदन के अनुसार 2013-14 में भारत का चावल पर एएमएस 77 प्रतिशत था। वर्तमान समय में भारत को 'शांति प्राविधान' के अंतर्गत संरक्षण मिला है जिसकी अनुमति 2013 में बाली की नवीं एमसी में दी गई थी। इसमें कहा गया था, 'यदि कोई विकासशील देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो किसी सदस्य को इसे 2017 तक चुनौती देने का अधिकार नहीं होगा, जब डब्लूटीओ इसके स्थाई समाधान पर गौर करेगा।'

दिसंबर 2014 में आयोजित जनरल कौंसिल-जीसी में इस अनुमति के बारे में कहा गया है, 'शांति प्राविधान उस समय तक लागू रहेगा जब तक कोई स्थाई समाधान न निकाला जाए।' लेकिन शांति प्राविधान कोई समाधान नहीं है क्योंकि इसके साथ अनेक शर्तें जुड़ी हैं। इनमें खाद्यान्न खरीद, स्टाकहोल्डिंग, वितरण और सब्सिडी का डेटा देना शामिल है। इनमें यह शर्त भी शामिल है कि सब्सिडी 'व्यापार विकृत' करने वाली न हों। इससे भारत की स्थिति संकटग्रस्त हो जाती है क्योंकि 2018-19 में शांति प्राविधान लागू करने के बाद कुछ देश 'सुरक्षा' और 'पारदर्शिता' प्राविधान लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसलिए भारत एक 'स्थाई समाधान' खोज रहा है। उसने 'खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच सहायता को पूर्ण अपवाद' मानने की पैरवी की है। लेकिन यह कोरी कल्पना है क्योंकि इससे सीमा की अवधारणा अर्थहीन हो जाएगी और इसका अर्थ एओए को पुनः तैयार करना होगा। एक व्यावहारिक विकल्प एओए के अंतर्गत एएमएस तय करने में कमियां दूर करना होगा। ईआरपी को 1986-88 की कीमत पर लिया जाता है, जबकि एमएसपी संबंधित वर्ष के लिए होती है। गरीब किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी अलग नहीं की जाती है। पीएसएच के लिए खरीदी मात्रा के बजाय पूरी मात्रा की गणना होती है। इन विकृतियों को दूर करने पर एमएसपी 10 प्रतिशत सीमा के भीतर आ जाएगा जिसकी अनुमति है। इस दृष्टिकोण से 2013-14 में चावल पर अमेरिकी प्रतिवेदन के अनुसार 77 प्रतिशत के बजाय एएमएस केवल 5.45 प्रतिशत था। लेकिन केवल इतने से एमएसपी तथा इसके बाद खरीद बढ़ाने में सहायता नहीं मिलेगी। सटीक गणना के बाद भी एएमएस वर्तमान सीमा के 10 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। 2018-19 में यह चावल पर 11 प्रतिशत से अधिक था।

यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एमएसपी को विधिक गारंटी देने की बात मान लेते हैं तो भारत को और बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सभी किसानों का सारा उत्पाद खरीदना पड़ेगा, जबकि वर्तमान समय में यह केवल 6 प्रतिशत है। इससे एएमएस असाधारण रूप से बढ़ेगा। यह 'खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच कार्यक्रम' में भी नहीं आ सकता है क्योंकि यह खरीद गरीबों को भोजन देने के बजाय केवल किसानों का समर्थन करने के लिए होगी। भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण से भारत को अमेरिका व यूरोपीय संघ जैसे विकसित देशों की तरह किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी पर विचार करना चाहिए। इससे डब्लूटीओ नियमों का पालन सुनिश्चित होने के साथ ही वर्तमान एमएसपी व्यवस्था में शामिल कमियां और विकृतियां दूर करने में भी सहायता मिलेगी। जहां तक एसएसएम का सवाल है, यह सदस्यों को बढ़ते आयात तथा उसके कारण गिरती कीमतों से निपटने में 'प्रतिबद्ध स्तरों' के बजाय अस्थाई रूप से टैरिफ बढ़ाने की अनुमति देता है जो बाउंड रेट समझौते के अंतर्गत सदस्य देश द्वारा लागू की जा सकने वाली अधिकतम अनुमन्य ड्यूटी है। 2015 में नैरोबी की 10वीं एमसी में विकासशील देशों का एसएसएम अधिकार माना गया था जिसकी अनुमति हांगकांग मंत्रिस्तरीय घोषणा से मिली थी। लेकिन यह भारत द्वारा एओए के अनुच्छेद 5 में संशोधन की मांग के निकट नहीं है जिससे विकसित देशों को विशेष कृषि सुरक्षा-एसएसजी के अंतर्गत कुछ रियायतें मिलती हैं। 2018 में विकसित देशों ने मछली पकड़ने पर भारी सब्सिडी दी थी, जबकि यह भारत में केवल 227 मिलियन डालर थी। इससे विकसित देश दुनिया की अधिकांश मछलियां पकड़ते हैं, जबकि छोटे मछुआरों को आजीविका के लिए संघर्ष करना पड़ता है। भारत ने प्रस्ताव किया है कि विकसित देश अगले 25 साल में अपनी सब्सिडी समाप्त करें तथा विकासशील देशों को और मछलियां पकड़ने के लिए सब्सिडी की अनुमति दें। वह समझौते में विशेष एवं भिन्न व्यवहार-एसएंडडीटी की मांग करता है।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका के साथ अक्टूबर, 2020 में एक प्रस्ताव कर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थितियों से निपटने के लिए ट्रिप्स को अस्थाई रूप से स्थगित करने की मांग की थी। हालांकि, इसे अमेरिका समेत बहुसंख्य देशों का समर्थन मिला है, पर यूरोपीय संघ व ब्रिटेन इसका विरोध कर रहे हैं। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने डब्लूटीओ की विवाद समाधान संस्था-डीएसबी में सदस्यों की नियुक्ति पर रोक लगा दी थी। यह संस्था डब्लूटीओ नियमों के उल्लंघन की स्थिति में विवादों का समाधान करती है।

वर्तमान समय में इस संस्था में निर्धारित सात सदस्यों के बजाय केवल एक सदस्य है। ऐसे में विवाद समाधान प्रक्रिया को गहरा धक्का लगा है। संक्षेप में कहा जाए तो भारत को एमएसपी का रास्ता छोड़ कर किसानों की सुरक्षा के लिए डीबीटी का रास्ता अपनाना चाहिए। एसएसम, मछली पकड़ने पर सब्सिडी तथा कोविड-19 के लिए ट्रिप्स को स्थगित रखने के मामले में इसे समान सोच वाले सभी विकासशील देशों से समर्थन प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। प्रस्ताव मंजूर करवाने के लिए खासकर जी-33 का समर्थन उपयोगी होगा। जहां तक डब्लूटीओ में सुधार का सवाल है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को समझाना होगा कि वे अमेरिकन वीटो हटा दें।

नागालैंड घटना पर आत्मनिरीक्षण की जरूरत

"इस तरह के शत्रुतापूर्ण एजेंडे देश की सुरक्षा को क्षति पहुंचाने वाले अवसर को जाने नहीं देंगे। आखिर उनका एकमात्र मकसद भारत पर आघात करना है।"

जयदीप सैकिया
(लेखक एक संघर्ष विश्लेषक हैं)

नागालैंड के मोन जिले के तिरु इलाके में 4 दिसंबर की घटना, जब सुरक्षा बलों द्वारा गलत पहचान के मामले में कुछ लोग मारे गए थे, शायद हाल के दिनों में अप्रिय घटनाओं में से एक है, और एक जिसे सुरक्षा बलों द्वारा वास्तव में खेद व्यक्त किया गया है। लेकिन तथ्य यह है कि यह एक अजीबोगरीब घटना थी और जिस तरह से कर्नल विप्लव त्रिपाठी और उनके निर्दोष परिवार की मणिपुर में हत्या की गई थी, यह पूर्व नियोजित नहीं था। उस अंत तक, इस प्रकरण का इलाज किया जाना चाहिए, एक ऐसी असंगति जिसके लिए वास्तव में एक ऐसी ताकत द्वारा पश्चाताप किया गया है जिसने न केवल उत्तर पूर्व की सुरक्षा में योगदान दिया है, बल्कि इसके सर्वांगीण कल्याण में भी योगदान दिया है।

यदि इस घटना को भारत-विरोधी ताकतों द्वारा अपहृत करने की अनुमति दी जाती, जो इस तरह के अवसर के लिए विस्तार को परिमार्जन करते रहे हैं, तो एक बड़ी गलती की जाएगी। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के राज्य सुरक्षा मंत्रालय और पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस जैसी एजेंसियां ??या तो अलगाव में या एजेंडा की एकजुटता में भारतीय सुरक्षा बलों को आतंकवाद विरोधी अभियानों और उनके प्राथमिक सीमा प्रबंधन से दूर करने का प्रयास कर रही हैं। कर्तव्य। वास्तव में, ये एजेंसियां उत्तर-पूर्व के शांतिप्रिय लोगों को भारत विरोधी कार्रवाई के लिए उकसाने का कोई रास्ता नहीं छोड़तीं, जब विपथन उनके रास्ते में आते हैं जैसा कि वास्तव में सोम में हुआ था। इस तरह के शत्रुतापूर्ण एजेंडे - जैसा कि अतीत में बार-बार देखा गया है, असम, कश्मीर और मणिपुर और भारत में कहीं और - देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने के अवसर को जाने नहीं देंगे। आखिरकार, उनका एकमात्र मकसद भारत को हजारों आघातों के साथ खून करना और 'सौ प्रैरी फायर' स्थापित करना है, जो न केवल एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में भारत की बढ़ती शक्ति को विफल करने की कोशिश करेगा, बल्कि अपने सुरक्षा बलों पर अपमान का ढेर लगाएगा। देश की आबादी को विकास वक्र और ऊपर की ओर गतिशीलता से गुमराह करने के लिए जिसे राष्ट्र हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोम घटना स्टॉक लेने के अभ्यास के लिए एक आदर्श अवसर प्रदान करती है। हालांकि यह विश्लेषण किया गया है कि प्रकरण निश्चित रूप से था - शेक्सपियर से एक कालातीत अभिव्यक्ति को स्पष्ट

करने के लिए एक था - एक जिसे हमेशा पालन की तुलना में उल्लंघन में अधिक सम्मानित किया गया है, इस मामले का तथ्य यह है कि सुरक्षा बलों ने निश्चित और विश्वसनीय जानकारी है कि एक आतंकवादी संगठन, अर्थात् नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग-युंग आंग) गुट नागालैंड के मोन जिले में तिरु के आसपास के क्षेत्र में छल करने के उद्देश्य से क्षेत्र में था। इसलिए, देशद्रोहियों के नापाक मंसूबों का मुकाबला करने के लिए क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई थी। ल%एफ़ेयर मोन उन घटनाओं के कारण हुआ, जिसमें तैयारी और कर्तव्य की भावना दोनों शामिल हैं, जिसके साथ सुरक्षा बल 13 नवंबर की घटना को दोहराने की कोशिश कर रहे थे, जब कर्नल के परिवार के रूप में गैर-लड़ाकों को निर्मम आतंकियों द्वारा जानबूझकर निशाना बनाया गया था। मोन घटना, अगर निष्पक्ष खेल का सहारा लिया जाना है, तो यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि 3 और 4 दिसंबर को मणिपुर के फेरज़ावल जिले में क्या हुआ था जब असम राइफल्स की वांग बटालियन अपना ऑपरेटिंग बेस खाली करने की प्रक्रिया में थी। परबुंग। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित परबुंग के ग्रामीण बड़ी संख्या में असम राइफल्स से क्षेत्र से बाहर न जाने का अनुरोध करने के लिए सामने आए। बल छुट्टी पर विचार कर रहा था क्योंकि उस स्थान पर उग्रवाद कम हो गया था। यह अभूतपूर्व घटना न केवल असम राइफल्स इकाई की असाधारण परिचालन उपलब्धि और नागरिक कार्रवाई नीतियों के कारण थी, विशेष रूप से ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 महामारी के दौरान हर प्रकार की सहायता के प्रावधान के माध्यम से आबादी की सहायता के कारण, बल्कि इसलिए भी कि एक भावना की भावना थी। 2006 के बाद से परबुंग और असम राइफल्स के निवासियों के बीच विकसित हुआ था, जब असम राइफल्स के एक अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल राजीव बख्शी ने क्षेत्र में कर्तव्य की पंक्ति में सर्वोच्च बलिदान दिया था। वास्तव में, एक स्मारक फुटबॉल मैच, लेफ्टिनेंट कर्नल बख्शी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट, हर साल परबुंग में आयोजित किया जाता है, जिस तरह से असम राइफल्स के अधिकारियों और पुरुषों ने पूर्वोत्तर के लोगों के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। इसलिए, चीजों की उपयुक्तता में यह है कि जिस क्षेत्र के लिए असम राइफल्स ने अपने पूरे अस्तित्व को अलग रखा है, उसे वास्तव में पूर्वोत्तर के मित्र कहा जाता है।

फरमाया

सरकार नागालैंड की घटना पर तहेदिल से खेद जताते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

फिलहाल, अब तक, ऐसा तो नहीं लगता कि नए कोविड प्रतिरूप में बहुत गंभीरता है।

– **एंथनी फॉसी**
एनआईएआईडी निदेशक

जब भाजपा वोट मांगने आए तो यह याद रखें यूपी सरकार ने रोजगार मांगने वालों को लाठियों से पीटा था।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

आंतरिक सुरक्षा पर मंथन

भारत देश मे आंतरिक सुरक्षा के सामने वर्षो से आतंकवाद, अलगाववाद ,नक्सलवाद और अराजकता गम्भीर संकट पैदा कर रहे हैं। कश्मीर में आतंकवाद, उत्तरपूर्व में उग्रवाद और कई राज्यों में नक्सलवाद फैला हुआ है। इनके खिलाफ चलाये जा रहे अभियानों में कभी कभी निर्दोष लोगों की जाने चली जाती है। नागालैंड में हुई दुखद घटना नाकाम गुप्तचर तन्त्र के कारण हो गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का राजनीतिक लाभ लेने की किसी भी दल को कोशिश नही करना चाहिये। जो गलती सुरक्षा बलों से हो गई है। उससे निपटने और पीड़ित परिवारों को सहानुभूति और आर्थिक मदद सरकार को करना चाहिए। गुप्तचर व्यवस्था को सुधारने ,आधुनिक हाई टेक टेक्नालॉजी का उपयोग ,ड्रोन का उपयोग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग होना चाहिये। इन अभियानों में हमारे देश के सुरक्षाबलों को अनेको बार हमलों का शिकार होना पड़े। इसे रोकने के लिये गुप्तचर व्यवस्था का जाल सारे देश मे फैलाना होगा। गुप्तचर व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये इसे पुलिस विभाग से अलग करना होगा। भारतीय गुप्तचर और राज्य गुप्तचर सेवा बनाने कीओर केंद्र सरकार ध्यान दे।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव

उग्रवादी कहां हैं?

नागालैंड में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। चाहे सुरक्षाबल हों या किसी भी राज्य की पुलिस अपराधियों को पकड़ने में उनका काम मुख्य रूप से प्राप्त विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर निर्भर करता है। उसके अनुसार वे आगे की योजना बनाते हैं। उग्रवादीयों के बारे में सुरक्षाबलों को मिली विश्वसनीय खुफिया जानकारी संदेह के घेरे में आ गई है। जवानों की फायरिंग में मजदूर मारे गए है तो उग्रवादी कहां हैं? क्या किसी के पास उन्हें बिना मारे सुरक्षित रूप से छुटकारा पाने की कोई पूर्व नियोजित योजना होगी? इसे देखना होगा। स्थानीय लोग और सुरक्षा बलों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश को नकारा नहीं जा सकता। ताकि स्थानीय लोग आक्रामक हो जाएं और सुरक्षा बलों पर टूट पड़े। स्थानीय लोगों में सुरक्षा बलों को लेकर गुस्सा कैसे आएगा? और इसका लाभ उठाकर जवानों का मनोबल कैसे कम किया जा सकता है? इसके लिए कौनसी ताकतें (उग्रवादी) काम कर रही हैं? इस पर भी गहन शोध करने की जरूरत है। इसे केवल उपर से नहीं, बल्कि बहुत बारीकी से देखना होगा। यह ध्यान रखना होगा कि देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मन में सुरक्षाबलों की छवि खराब न हो।

– **जयेश राणे,** मुंबई

कानून वापसी से नुकसान

हाल ही में तीन कृषि सुधार कानूनों की वापसी से कृषि-बाजार सुधारों की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। हाल ही में इनके पुनर्जीवित होने की भी कोई संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह पता लगाने के लिए एक समिति गठित की है कि 'एमएसपी को कैसे ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है', जबकि यह केवल सतही कदम है। इस बीच किसानों के नेता और मांगें पेश कर रहे हैं तथा सरकार रक्षात्मक दृष्टिकोण अपना रही है। इस प्रकार देश एक खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। एमएसपी की विधिक गारंटी राष्ट्रीय खजाने को दीवालिया कर सकती है। इससे भंडारण व परिवहन सुविधाओं पर भारी बोझ पड़ेगा, बरबादी कई गुना बढ़ेगी तथा भारत को खाद्य सब्सिडी के मामले पर डब्लूटीओ में शर्मिन्दा होना पड़ेगा क्योंकि किसानों को आसमान के तारे देने के लिए व्यापार विकृत हो जाएगा। किसानों को बिजली संशोधन कानून से अलग रखने से पहले से ही भारी घाटे का शिकार बिजली वितरण कंपनियों पर और अधिक बोझ पड़ेगा।

– **श्रीवत्स द्विवेदी,** वाराणसी

जिला अस्पताल बेमेतरा में पहली बार दो मरीजों का हुआ मेजर आर्थोपेडिक सर्जरी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल में पहली बार दो मरीजों के पैर की टूटी हुई हड्डी का सफल ऑपरेशन किया गया। जिला अस्पताल में दोनों मरीजों का ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना और जीवनदीप समिति के अंतर्गत निशुल्क किया गया है। हितग्राही नमन कुर्रे और ईश्वर दास मानिकपुरी का फीमर फ्रैक्चर को मेजर आर्थोपेडिक सर्जरी द्वारा अस्पताल की ओटी में ढाई-ढाई घंटे तक चले ऑपरेशन में सफलतापूर्वक कर लिया गया है। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ वंदना भेले ने बताया, जिला अस्पताल में इस तरह का यह पहला ऑपरेशन था। प्राइवेट अस्प?ताल में आर्थोपेडिक सर्जरी ऑपरेशन का खर्च लगभग 40,000 रुपए तक आता है। लेकिन मरीज के परिजनों और अस्पताल के डाक्टरों की टीम ने ऑपरेशन में सहयोग प्रदान कर जिला अस्पताल में अब मेजर आर्थोपेडिक सर्जरी की शुरुआत कर दी जोकि जिले के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुविधाओं का विस्तार करते हुए उपलब्धि? हासिल की है। ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अरविंद साहू, एनेस्थिया विशेषज्ञ डॉ अविनाश बंजारे, ओटी प्रभारी कुमारी रेखा कविलास, ओटी टेक्निशशियन धीवादास व स्टॉतफ नर्स रुखमणी साहू सहित अन्य मेडिकल स्टॉफ टीम का सहयोग रहा। डॉ भेले ने कहा, इस ऑपरेशन में अस्पताल प्रशासन एवं स्टॉफ का सराहनीय सहयोग रहा। जिला अस्पताल में इस तरह का यह पहला ऑपरेशन था। जिला अस्पाताल में आर्थोपेडिक सर्जरी शुरु होने के बाद अब जिले के मरीजों को राजधानी में रिफर करने की जरुरत नहीं पड़ेगी।

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अरविंद साहू ने बताया, सप्ताहभर पहले 11 वर्षिय बालक नमन कुर्रे को बेरला सीएचसी में भर्ती कर जिला अस्पताल रिफर किया गया था। ग्राम लेंजवारा निवासी नमन कुर्रे 11वर्ष पिता जगन्नाथ कुर्रे का बैला गाड़ी से गिरने पर दाहिने जांघ की हड्डी टूट गई थी। इस वजह से पैर में दर्द से कराह रहा था। डॉ. अरविंद साहू से जब नमन के परजिनों की ओपीडी मुलाकात हुई तो डॉ. साहू ने बच्चे का इलाज निशुल्क करने सिविल सर्जन से चर्चा कर ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। सिविल सर्जन ने ऑपरेशन के लिए जरुरी सामाग्री रायपुर से ऑडर कर मंगवाया। तीन चार दिन की तैयारियों के बाद मंगलवार यानी 7 दिसंबर को जिला अस्पताल के ओटी में ढाई घंटे तक चले ऑपरेशन में नमन के पैर की टूटी हुई हड्डी का ऑपरेशन कर राड डाल कर जोड़ा गया, ऑपरेशन के मरीज पूर्णतः स्वस्थ्य है। इसी तरह आज बुधवार को नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम बघुली निवासी ईश्वर दास मानिकपुरी उम्र 48 वर्ष का ऐक्सिडेंट होने से पैर की हड्डी टूट गई थी। नवागढ़ सीएचसी से ईश्वलरदास को जिला अस्पताल बेमेतरा रिफर किया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अरविंद साहू के नेतृत्वी में ईश्वअर दास के फीमर फ्रैक्चर में ऑपरेशन कर प्लेट डाली गई। दोनों ही ऑपरेशन सफलतापूर्वक टीम के द्वारा किया गया। डॉ. अरविंद साहू के प्रयास ने नमन और ईश्व र का निशुल्क ऑपरेशन का कर एक बार फिर दोनों मरीज को अपने पैरों पर खड़ा होने वाले स्थिति कर दिया।

लाल पानी प्रभावित किसानों ने जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में प्रदर्शन किया

दल्लीराजहरा। लाल पानी से प्रभावित धोबेदण्ड पंचायत और कुमुड़कट्टा पंचायत के किसान जो कि विगत 18 वर्षों से संघर्ष करते आ रहे है। ज्ञात रहे कि दल्ली राजहरा क्षेत्र में संचालित माइंस से निकलने वाले लाल पानी से धोबेदण्ड पंचायत और कुमुड़कट्टा पंचायत के किसानों के खेत खेती करने लायक नही रहे। इस बात को लेकर ये किसान विगत 18 वर्षों से अपना विरोध प्रदर्शन करते आ रहे है जिसे जिला कलेक्टर ने भी स्वीकार किया है कि भी बीएसपी प्रबन्धन की लापरवाही के कारण इन किसानों की जमीन खराब हुई है और बीएसपी प्रबन्धन को इन किसानों को स्थाई रोजगार प्रदान करना होगा। लेकिन आज तक जिला कलेक्टर के आदेश को बीएसपी प्रबन्धन द्वारा अनदेखा कर लाल पानी से प्रभावितों को अब तक कोई स्थायी रोजगार की व्यवस्था नही की गई है। जिसके कारण यह किसान जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के बैनर तले अपना विरोध कर रहे है इसी कडी में सैकड़ों किसानों ने 06दिसम्बर को जन मुक्ति मोर्चा कार्यालय से रैली निकाल कर नगर के मुख्य मार्ग से होकर वीरनारायण सिंग चौक, गुप्ता चौक, शहीद शंकर गुहा नियोगी चौक ,श्रम वीर चौक, जैन भवन चौक से होकर माइंस ऑफिस चौक पहुँचकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया ।जिसमें महेन्द्र कुमार कुलदीप, भरत बघेल, चेतन सिन्हा राजू, पवन, शम्भू यादव, कसुद, बाबूलाल, कंसलाल, सन्तराम, ब्रिजनन्द, सतवन, हरि, गीता, अशोक, के साथ जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के कॉ. जीत गुहा नियोगी, कॉ. बसन्त रावटे, कॉ. मूलचन्द चन्देल, कॉ. हुमन तुमरेकी, कॉ. चन्द्रशेखर यादव, कॉ. राजा मसीह, कॉ. भोमराज, कॉ. अनिल दास, कॉ. गोपाल राजपूत, कॉ. संजय निषाद, कॉ. ग्रिजित दुग्गा के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

बच्चे खेल-खेलकर अपने समाज, ग्राम, देश और परिवार का कर सकते हैनाम रोशन: सावित्री साहू

पायनियर संवाददाता < बोड़ला
www.dailypioneer.com

विकास खण्ड स्तरीय युवा महोत्सव में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री साहू ने बोड़ला स्टेडियम में महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जीवन मे खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खेल भावना से खेल खेलने एवं समाज को एकता का सन्देश देने सभी का सहयोग एवं मिल जुल कर परस्पर आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने बताया कि स्वस्थ्य शरीर पर स्वस्थ्य मन का वास होता है और स्वस्थ्य मन से ही हम एक अच्छी सोच रख सकते है क्योकि कहा गया है कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। हमारे जीवन मे खेलो का बहुत महत्व है और एक अच्छे खेल खेलकर हम अपने समाज गॉव, देश और अपने परिवार का नाम रोशन कर सकते है। आप सबकी भावना को समझते हुए हमारी सरकार ने युवा महोत्सव के माध्यम से खिलाड़ियों को महत्व देने और समाज को एक नई दिशा देने की ओर कार्य कर रही। महोत्सव में कब्बडी, खो-खो, गेड़ी, फुगड़ी, निबन्ध प्रतियोगिता और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमे राउत नाचा, सुवा नित्य, बांसुरी वादन, वाद्य यन्त्र, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कार्यक्रम को महत्व देते हुए आयोजन किया गया। भूपेश सरकार एवं लोकप्रिय मंत्री मो. अकबर के मंशानुरूप युवाओं के प्रतिभा को निखारने के लिए सरकार के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमे आप सभी की भागीदारी से ही हम सब मिलकर गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ सरकार की कल्पना को साकार करेंगे कार्यक्रम को तुकाराम चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। आयोजन में जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी, रामकुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष तुलसी पटेल, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अजमत उल्ला खान, रामचरण साहू एवं नगर पंचायत पार्षद शमसाद बेगम जी, भरत गुप्ता, संतोषी साहू, परेटन धुर्वे, शशी खरे, पूरन मानिकपूरी, श्याम मसराम दीपक मागरे एवं विकास खण्ड तहसीलदार, Beo, एवं शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास के अधिकारी - कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सभी बच्चें उपस्थित रहे।

कबीरधाम पुलिस लाइन में केन्द्रीय पुलिस कल्याण भंडार का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों को उचित मूल्य में राशन सामग्री तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक-07/12/2021 को पुराने पुलिस लाइन कंट्रोल रूम के बगल में केन्द्रीय पुलिस कल्याण भंडार (सहायक कल्याण भंडार) छत्तीसगढ़ पुलिस कबीरधाम का शुभारंभ।

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं पूर्व पुलिस कप्तान मोहित गर्ग के द्वारा पूजा अर्चना कर रिबन काटकर उद्घाटन किया गया साथ ही उपस्थित पुलिस परिवार के स्कूली छात्र छात्राओं को चॉकलेट बिस्किट एवं अन्य खाद्य पदार्थो का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मोनिका सिंह परिहार उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल पी.आर. कुजूर, रक्षित निरीक्षक नरगिस तिग्गा बघेल एवं पुलिस के अधिकारी जवान तथा पुलिस परिवार के सदस्य तथा स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

कलेक्टर सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीदों को याद किया

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

सशस्त्र सेना झंडा दिवस का इतिहास

भारत के तत्कालीन रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में 28 अगस्त 1949 को एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने हर साल 7 दिसंबर को झंडा दिवस मनाने का फैसला किया। यह दिन मुख्य रूप से लोगों को झंडे बांटने और उनसे धन इकट्ठा करने के लिए मनाया जाता है। देश भर में लोग धन के बदले में तीन सेवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लाल, गहरे नीले और हल्के नीले रंग में छोटे झंडे और कार के झंडे वितरित करते हैं।

जिले में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा सहित जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने देश के युद्ध योद्धाओं, वीरांगनाओं, सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक, युद्ध में अपंग हुए सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा खरीद कर उन्हे याद किया। जिला कार्यालय में कलेक्टर के साथ संयुक्त कलेक्टर इन्द्रजीत बर्मन, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा, अधीक्षक राजेन्द्र कुमार धुर्वे व सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने समय सीमा की बैठक में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीदों को नमन भी किए।

उल्लेखनीय है कि 07 दिसंबर, 1949 से झंडा दिवस मनाया जा रहा है। तत्कालिन सरकार ने सन 1949 से सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाने का निर्णय लिया। देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन झंडे की खरीद से होने वाली आय शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण में खर्च की जाती है।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस द्वारा इकट्ठा की गई राशि युद्ध वीरांगनाओं, सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक, युद्ध में अपंग हुए सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण पर खर्च की जाती है। 7 दिसंबर, 1949 से शुरू हुआ यह सफर आज तक जारी है। आजादी के तुरंत बाद सरकार को लगने लगा कि सैनिकों के परिवार वालों की भी जरूरतों का ख्याल रखने की आवश्यकता है और इसलिए उसने 07 दिसंबर को झंडा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

इसके पीछ सोच थी कि जनता में छोटे-छोटे झंडे बांट कर दान अर्जित किया जाएगा जिसका फायदा शहीद सैनिकों के आश्रितों को होगा। शुरूआत में इसे झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता था, लेकिन 1993 से इसे सशस्त्र सेना झंडा दिवस का रूप दे दिया गया।

सौ युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन

दल्लीराजहरा। कांग्रेस पार्टी की रीति नीति और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनहितैषी कार्यो से प्रभावित होकर हमारे क्षेत्र की विधायक एवं कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर के समक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर एवं नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के नेतृत्व में 100 युवाओं ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया ने नजीम खान, गुलाम नबी सहित सभी नए सदस्यों को कांग्रेस पार्टी का पारंपरिक गमछा पहनाकर कांग्रेस में प्रवेश कराया एवं सभी को शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संगीता नायर, मंत्री मीडिया प्रभारी विवेक मसीह ,सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडेय ,जिला कांग्रेस के महामंत्री रत्तीराम कोसमा, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रवि जायसवाल सहित कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को नवीन पदस्थापना के लिए भावभीनी विदाई दी गई

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कबीरधाम मोहित गर्ग का स्थानांतरण जिला कबीरधाम से सेनानी 14वी वाहिनी छ.स.बल करकाभाट बालोद होने पर शहर के भोरमदेव क्लब में कबीरधाम जिले के शासन प्रशासन एवं पुलिस के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर विदाई दिया गया साथ ही नये पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह का पुष्पगुच्छ से जिले में स्वागत किया गया। विदाई समारोह में जिलाधीश रमेश कुमार शर्मा, डी.एफ.ओ. दिलराज प्रभाकर, पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे, उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मोनिका सिंह परिहार, उप. पुलिस अधीक्षक अजाक बी. आर. मंडावी, उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल अजीत ओगरे, उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल पी.आर. कुंजर, उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल आशीष मिश्रा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेंद्र कुमार बेंताल, रक्षित निरीक्षक नरगिस तिग्गा बघेल, एवं जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी तथा कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा स्थानांतरण पर जा रहे अधिकारी के कार्यों की जमकर सराहना करते हुए कहा गया कि गर्ग के द्वारा जिले में बहुत ही कम समय में लोगों के दिलों में अपनी एक अलग से जगह बनाकर विभिन्न वनांचल नक्सल प्रभावित ग्रामों तक पहुंच कर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल कूद का आयोजन करा लोगों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं का त्वरित हल किया गया, जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्र में नवा बिहान कार्यक्रम, खाकी संघ चाय, अभिव्यक्ति कार्यक्रम यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत लगातार कबीरधाम पुलिस की छवि को बेहतर बनाने एवं आम जनों की समस्याओं का यथासंभव हल निकालने का बेहतर प्रयास किया गया, जिले में कानून व्यवस्था ड्यूटी निर्मित होने पर तत्काल एक्शन लेते हुए बड़े दंगे पर बिना किसी जनहानि के जिले में शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों तथा जिले वासियों के सहयोग से शांति व्यवस्था कायम करने में सफल रहे हैं।

अवैध रूप से खेत का जुताई करने की शिकायत थाने में किया

बेमेतरा। अवैधानिक रूप से खेत गुनर्बोड के खसरा नम्बर 439 के कुछ हिस्से में सुमित्रा बाई पति स्व. जयप्रकाश जाट व रणधीर सिंह द्वारा जुताई करने व शासकीय भूमि में तार घेरा करने शिकायत थाने में दर्ज कराया है इस संबंध में शिकायत करते हुए नगर के संजय तिवारी ने थाना प्रभारी को बताया है कि दिनांक 05/12/2021 दिन रविवार को सुबह हम अपने खेत गुनर्बोड के खसरा नम्बर 439 को देखने गए तो पता चला की अवैधानिक रूप से हमारे खेत में घुसकर खेत के कुछ हिस्से में सुमित्रा बाई पति स्व. जयप्रकाश जाट व रणधीर सिंह द्वारा जुताई कर रही है। एक हिस्से मे नया कब्जा बनाने का प्रयास कर रही है हमारे द्वारा विरोध करने पर बहस कर रही है। हमने थाने में फोन से सूचना तत्काल दिए हैं लिखित में सूचना दे रहे है। उन्होंने बताया कि गुनर्बोड पटवारी हल्का 49 खसरा नंबर 457 व 456/1 जो कि शासकीय भूमि है जिसमे शासकीय ऑफिसर क्वॉटर भी बना हैं, नया मास्टर प्लान में 40 ?ीट रोड है जिसके कुछ हिस्सा सुमित्रा बाई जाट के खेत खसरा नंबर 458 से लगा हुआ है मे जाली तार से घेरा कर ली है।

धर्म ध्वज धर्म सभा स्थल का संतों ने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < थानखमरिया
www.dailypioneer.com

ज्योतिष पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज के शिष्य प्रतिनिधि दण्डी स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम के सत संकल्पों की पूर्ति की कड़ी में धर्म ध्वज धर्म सभा स्थल पी कालेज मैदान में 08 दिसंबर को भूमि पूजन किया गया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए शङ्कराचार्य जन कल्याण न्यास के शङ्कराचार्य जन कल्याण न्यास के मिडिया प्रभारी पण्डित देव दत्त दुबे ने बताया कि 10 दिसंबर को होने वाले भगवा ध्वजारोहण के लिए धर्मध्वज धर्मसभा स्थल में बुधवार को भूमिपुजन किया गया, जहाँ स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती संत, महात्माओं, महा मण्डलेश्वरों ,राजाओं एवं जन मानस की उपस्थिति में 108 फिट की ऊँचाई पर विशाल भगवा धर्म ध्वजा फहरायेंगे। धर्म ध्वज धर्म सभा स्थल के भूमिपूजन के अवसर पर ब्रम्ह्चारी निर्विकल्प स्वरूप, ब्रम्ह्चारी ज्योतिर्मयानंद, संत भगवन, सनातन राजमणि, हृदयानंद, धनंजय वैध, केशवानंद, सिद्धेश्वरानंद, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, आनंद उपाध्याय, उमंग पांडे, गिरिराज वैष्णव एवं लगभग सैकड़ो की संख्या में संत एवं धर्मनुरागी सज्जन उपस्थित थे।

अशुद्धजल का संवर्धन कर उपयोग लायक बनाया जाएगा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत कुम्हारी स्वच्छ स्वस्थ बनने की ओर अग्रसर

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्थानीय नगरपालिका सभागार में यूनिसेफ एवं समर्थन संस्था द्वारा संयुक्त रुप से मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसका उद्देश्य नागरिकों के मध्य स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता का विस्तार करना है नगर में प्रत्येक घर में शौचालय एवं उसके अपशिष्ट पदार्थो की निकासी की व्यवस्था तथा नालियों की समुचित व्यवस्था होने से स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा स्वच्छता बनी रहेगी कुम्हारी क्षेत्र का उचित और सही ढंग से विकास हो सकेगा । यूनिसेफ एवं समर्थन संस्था द्वारा आयोजित कार्यशाला में कर्नाटक के बेंगलुरु शहर में स्थापित किए गए वाटर रिट्रीटमेंट से शहर के विकास स्वरूप को प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रदर्शित करें स्पष्ट किया गया कि अशुद्ध जल का किस प्रकार से संवर्धन कर व्यवसाय नगर सौंदर्यीकरण हेतु उपयोग में लाया जा सकता है अपशिष्ट पदार्थ को खाद में परिवर्तित कर कृषि व्यवसायियों को इसका लाभ दिलाया जा सकता है इसके लिए प्रबंधन की कुशलता अत्यावश्यक है कर्मचारियों की सुरक्षा भी मुख्य विषय है इसके लिए पीपीई किट आदि की व्यवस्था भी अनिवार्यता से प्रयोग किया जाना चाहिए सैयद मुश्ताक कंसलटेंट यूनिसेफ ने भी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला उन्होंने सर्वप्रथम ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के निवासियों द्वारा प्रयोग किए जा रहे शौचालयों के संबंध में बताया कि इसकी संरचना के अनुसार 3 वर्षों में टैंक की सफाई होनी चाहिए इस कार्य के लिए पर्याप्त व्यवस्था अत्यावश्यक है मनीष झा प्रशिक्षक समर्थन संस्था ने सभी उद्देश्यों के कार्य पद्धति को विस्तार पूर्वक स्पष्ट किया । इस प्रकार की परियोजना विकासशील कुम्हारी नगर के लिए अत्यन्त आवश्यक है । इस सजगता पूर्ण कार्यशाला के आयोजन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी जीतेंद्र कुशवाहा इंजीनियर सैनिटरी इंस्पेक्टर जिला समन्वयक नगर पालिका कुम्हारी स्वास्थ्य विभाग प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा एल्डरमैन अशोक साहू पार्षद थानेश पटेल, श्रीमती जानकी ध्रुव, रीना साहू, महेश सोनकर एवं अन्य उपस्थित थे ।

सैकड़ों वर्ष पुराना पुल का कांग्रेस कार्यकाल में हो रहा पूर्ण : गोरेलाल चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कवर्धा के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर है विकास पुरुष के नाम से जाने जाते है मीडिया प्रभारी गोरेलाल ने कहा की अकबर के कार्यकाल में लगातार कबीरधाम में विकास कार्य हो रहा है हर वर्ग के को ध्यान में रखते हुए लाभ पहुचाई जा रही है वर्षो पुराना पुल जो की जर्जर हालात में थी कई बार इस पुल की ऊंचाई कम होने की कारण हादसे होते रहते थे उसे भी अकबर भाई ने त्वरित निर्माण का आदेश दिया और कार्य प्रगति पर है। मंत्री अकबर है साफ छवि के करते है सभी धर्मो का सम्मान देते है भाईचारे का संदेश अपनी सरलता, सहजता व मृदुभाषी जमीनी जनसेवक के रूप में जाने जाते हैं ,सभी धर्मो के प्रति सम्मान और आदर भाव रखने वाले मो. अकबर कृषि उपज मंडी रायपुर में 85 से 1991 के अध्यक्षीय कार्यकाल में भव्य राम मंदिर बनवाया और मंदिर की देखरेख का जिम्मा खुद सम्हालते दोनो नवरात्रि में पहली जोत अकबर भाई के नाम से जलाया जाता है एवं साथ मे कबीरधाम जिले के कई मंदिरों में भी नवरात्रि पर उनके नाम पर जोत जलवाले जाते हैं एवम गणेश और दुर्गोत्सव में महत्वपूर्ण योगदान रहता हैं । मंत्री अकबर के राजधानी रायपुर स्थित शासकीय निवास में हनुमान मंदिर में नियमित पूजा-पाठ व देखरेख की व्यवस्था और विधि विधान से पूजा के लिए एक पुजारी भी नियुक्त है जहां आम लोग व श्रद्धालुओं भी उक्त हनुमान मंदिर में हनुमान के दर्शन करती है। सम्मानपूर्वक लगवाया झंडा.- गोरेलाल चंद्रवंशी भीरा सरपंच एवम मिडिया प्रभारी ने कहा कि कवर्धा में जब युवकों के दो गुटों के बीच झंडा विवाद हुआ तो अकबर भाई ने नगरपालिका को निर्देश दे कर सम्मानपूर्वक झंडा पुनः लगवाया ।जब शंकराचार्य न्यास ने विशाल झंडा लगाने 100 फीट शासकीय जमीन मांगी तो उन्होंने व्यक्तिगत रुचि लेकर 600 फीट जमीन आवंटित कराई।मंत्री अकबर का कहना है कि कवर्धा की पहचान शांत नगर की हैं, जहां के लोग बेहद अच्छे हैं। यहां के लोग आपसी सौहाद्र पूर्वक रहते है। उनका कबीरधाम जिले से अटूट नाता रहा है जिले से ही चुनाव लडना पसंद करते हैं।1993 1998 2003 में वीरेंद्र नगर सीट से लड़े।परिसीमन में ये सीट विलोपित हुई तो 2008 में पंडरिया से लड़े।2013 और 2018 में कवर्धा सीट से लड़े।

वर्तमान में कवर्धा विधान सभा क्षेत्र जो पिछले कई वर्षो से विकास से अछूता रहा जहां विकास की गंगा बहाते व्यक्तिगत रुप से क्षेत्र के सभी वर्गो व जनता से रूबरू होते बिना भेद-भाव के पूरे समय जनहित में समर्पित रहने वाले आज के समय के अपवाद राजनीतिज्ञ के रूप में अविभाजित मध्यप्रदेश के साथ-साथ छत्तीसग? में भी जाने जाते है जो हम सब के लिए गर्व का विषय है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार 2 महिला समेत तीन की मौत

मृतक केटरिंग का काम करते थे और शादी समारोह से काम खत्म कर लौट रहे थे घर

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मंगलवार को तीन बजे रात्रि के बाद बीच उस्लापुर ब्रिज पर बड़ा हादसा हुआ। बिलासपुर की तरफ से सकरी की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने मोटरसायकल सवार एक पुरूष समेत दो महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसायकल पर सवार दोनों महिलाएं उछ्लकर ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रेक के बगल में गिरी। एक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरी महिला ने सिम्स पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। मोटरसायकल चालक की ब्रिज पर ही मौत हो गयी। बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कार चालक को हिरासत में लिया गया है।

मंगलवार की अल सुबह यानि करीब रात्रि तीन बजे के बाद कैटरिंग का काम करने वाला बशीर खान दो वर्करों को लेकर अपने घर तालापारा की तरफ जा रहा था। बशीर और मोटर सायकल सवार संगीता के अलावा दूसरी महिला भी तालापारा की थी। तीनों कैटरिंग के काम काज में उस्लापुर स्थित सांई आनन्दम गए थे।

बारात को खाना खिलाने के बाद तीनो रात्रि करीब तीन बजे के बाद एक ही मोटर तालापारा की तरफ लौट रहे थे। चूंकि तीनों एक ही स्थान के रहने वाले थे..इसलिए तीनों एक ही मोटरसायकल से घर के लिए निकले। मृतक मोटरसायकल सवार के नजदीकी एक युवक ने बताया कि बशीर सज्जन इंसान थे। कैटरिंग के काम काज से जुड़े थे। काम खत्म होने के बाद संगीता और एक अन्य महिला के साथ तालापारा लौट रहे थे। बशीर की उम्र करीब 55 साल थी। बीच ब्रिज पर पहुंचते ही सामने से आर रही अनियंत्रित बेतहासा रफ्तार वाली कार के चपेट में तीनो आ गए। यद्यपि बशीर सामान्य गति से अपनी साइड पर चल रहे थे।

कार की टक्कर से ब्रिज के नीचे गिरी दोनों महिलाएं

अनियंत्रित कार की टक्क र से मोटरसायकल सवार दोनो महिलाएं उछकर करीब 100 फिट नीचे रेलवे ट्रैक के बगल में गर गयी। एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबति दूसरी महिला ने सिम्स पहुंचने से पहले ही दम तोड़ थी। बशीर की ब्रिज पर ही कार की चपेट मे आने से मौत हो गयी। इसके अलावा कार का अगला पहिया भी निकलकर ब्रिज के नीचे गिर गया। कार के चालक को भी चोट पहुंची है। इस दौरान वह काफी नशे में था। मामले की जानकारी कैटरिंग के काम से लौट रहे बशीर के साथियों ने पुलिस को दी। मौके पर पेट्रोलिंग पार्टी ने तीनों के शव को बरामद किया। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

20 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ाया आरोपी गया जेल

- अवैध शराब प्रतिबंधित करने घरघोड़ा पुलिस लगातार कर रही कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना घरघोड़ा क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब परिवहन तथा बिक्री पर रोक लगाने एवं अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त आरोपियों पर कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले के मार्गदर्शन पर जिले में लगातार कार्यवाहियां की जा रही है।

एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा धरमजयगढ़ अनुविभाग के थाना, चैकी प्रभारियों को मुखबिर लगाकर तथा आमजनों को जुआ-सट्टा एवं अवैध शराब की सूचना देने प्रेरित कर कार्वाही करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में 06 दिसंबर को मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि एक व्यक्ति छर्राटांगर की ओर से महुआ शराब बिक्री के लिए पैदल बैहामुडा की ओर लेकर आ रहा है। तत्काल पुलिस टीम शराब रेड कार्वाही करने रवाना हुई जिनके द्वारा पंडरीपानी बैहामुडा पास छर्राटांगर जंगल रास्ता में आरोपी कमलेश राठिया निवासी. बैहामुडा थाना घरघोड़ा को पैदल एक बोरी में शराब लेकर आते हुए पकड़े जिसके पास एक प्लास्टिक बोरी में 20 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना घरघोड़ा में धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत् कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

आबादी पट्टा दिलाये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक नायक से की मुलाकात

रायगढ़. जिले के पुसौर विकासखंड़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोतमा डीपापारा के ग्रामीणों ने सरपंच आशीष गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को आबादी पट्टा दिलाये जाने की मांग को लेकर विधायक प्रकाश नायक से उनके कार्यालय में मुलाकात की।इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि करीब 200 परिवार गोतमा डीपापारा में पिछले लगभग 50-60 वर्षो से निवासरत है। खसरा नंबर 930,1 रकबा 5.893 हे.भूमि में रहते है जो कि पटवारी रिकॉर्ड में छोटे झाड़ के जंगल नाम से दर्ज है।आज पर्यन्त तक यह आबादी घोषित नहीं हुआ है।अतः आबादी घोषित कर हमें पट्टा दिलाया जाए। विधायक प्रकाश नायक ने इन ग्रामीणों की बातों को सुनने के बाद रायगढ़ कलेक्टर से चर्चा की।इसके साथ साथ इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय को विधायक द्वारा पत्र भी भेजा जा रहा है।ग्रामीणों में हेमलाल, चक्रधर, श्रीराम बेहरा, रविशंकर, आनंदराम सहित अन्य उपस्थित थे।

अंडर 25 सलेक्शन मैंच के लिए छत्तीसगढ़ टीम में सचिन का चयन

रायगढ़. सीएससीएस के निर्देश पर जिला क्रिकेट संघ रायगढ़ के द्वारा खिलाडियों के खेल के स्तर को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास जारी है। इसी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की अंडर 25 क्रिकेट टीम के चयन हेतु चुने गए 52 खिलाडियों में शहर के होनहार खिलाड़ी सचिन चैहान का चयन किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि विगत माह अंडर 25 के सलेक्शन मैच के दौरान जिले के सचिन चैहान ने गेंदबाजी व बल्लेबाजी दोनों में ही शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। जिसके चलते अंडर 25 के छत्तीसगढ़ टीम के चयन के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है। जिसमें पूरे राज्य से लिए गए खिलाडियों में जिले से सचिन चैहान का भी चयन हुआ है। सचिन चैहान सलेक्शन मैचों के लिए टीम में शामिल होने हेतु 8 दिसंबर को राजधानी रायपुर के लिए रवाना हो गए हैं। इनका मैच 9 दिसंबर से 22 दिसंबर तक राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में व भिलाई के बीएसपी ग्राउंड में खेला जाएगा। जिसमें प्रदर्शन के आधार पर अंतिम रूप से छत्तीसगढ़ की अंडर 25 की टीम चुनी जाएगी।

ग्राम खपरीकला में उचित मूल्य दुकान के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम खपरीकला स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन स्वामित्व रिक्त होने पर दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृशि शाख समितियां, एवं अन्य सहकारी समितियों से समाचार प्रकाशित होने के 15 दिवस के भीतर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। इच्छुक समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजो के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जाएगा। लोरमी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा उचित मूल्य की दुकान संचालन की स्थिति मे ग्राम पंचायत को दुकान संचालन स्वतः करना होगा।

अर्थात् किसी निजी व्यक्ति को दुकान संचालन हेतु अधिकृत नही किया जा सकेगा। ग्राम पंचायत द्वारा दुकान संचालन करने पर सरपंच, एवं पंच, पंचायत सचिव तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले कार्डधारी और अंत्योदय कार्डधारी व्यक्ति जिसमें 2 महिला सदस्य होना आवश्यक है के समिति द्वारा संचालन करना होगा।

पत्रकार अनिल आहूजा की माता परमेश्वरी देवी का निधन

रायगढ़. शहर के चक्रधर नगर पक्की खोली सिंधी कालोनी निवासी दिलीप आहूजा एवं पत्रकार अनिल आहूजा की माता परमेश्वरी देवी आहूजा का हृदयघात के कारण दुःखद निधन हो गया। 88 साल की उम्र में वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चली गई। श्रीमती आहूजा शारीरिक रूप से काफी दिनों से पीड़ित थी, और उनका उपचार चल रहा था। श्रीमती आहूजा के निधन से पूरे शहर में शोक व्याप्त है। शहर के लोग शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने व आहूजा को श्रद्धांजलि देने उनके निवास स्थान पहुंच रहे हैं। मंगलवार की शाम पंजरी प्लांट मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

रायपुर में छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन की आमसभा 9 दिसंबर को

सक्ती। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सशक्त पत्रकार यूनियन छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन पंजीयन क्रमांक-653 का त्रिवार्षिक आमसभा चुनाव का आयोजन दिनांक- 09 दिसंबर को रायपुर चौबे कॉलोनी स्थित मायाराम सुरजन स्कूल के वीरांगना ऑडिटोरियम में समय दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा, आमसभा में प्रदेश भर के पत्रकार उपस्थित रहेंगे। ज्ञात हो कि छ ग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन की स्थापना विगत- 09 दिसंबर 2018 को की गई थी, यूनियन की कार्यकारिणी का चुनाव हर 3 वर्ष में किया जाना है, यूनियन इंडियन ट्रेड यूनियन एक्ट 1926 के तहत पंजीयक श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ शासन से पंजीकृत संगठन है। संगठन का कार्यक्षेत्र संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश है। यूनियन ने अपने 3 वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश के 12 बड़े अस्पतालों से पत्रकारों के लिए अनुबंध किया है, जिसके तहत उन्हें रियायती दरों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो पा रही है, कोरोनाकाल में यूनियन द्वारा प्रदेश के पत्रकारों को हर संभव मदद दिया गया जिसके चलते आज छ ग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन प्रदेश में सबसे सशक्त यूनियन बनकर उभरा है।

चंद्रहासिनी विद्यापीठ मिरौनी चंद्रपुर में छात्र संघ चुनाव व शपथ ग्रहण समारोह

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com

श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं माँ चंद्रहासिनी देवी सार्वजनिक न्यास चंद्रपुर द्वारा स्थापित व संचालित सीबीएसई विद्यालय चंद्रहासिनी विद्यापीठ में सोमवार 06 दिसम्बर को विद्यालय छात्रसंघ चुनाव में चयनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह उल्लास के साथ मनाया गया, कार्यक्रम में संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर जागृति प्रभाकर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के रूप में संस्था के प्रबंधक गोविंद अग्रवाल, डायरेक्टर पूनम अग्रवाल, नीलाम्बर देवांगन, शरद अग्रवाल, श्यामसुंदर देवांगन, रणजीत दास वैष्णव,अजित पांडेय उपस्थित रहे।विद्यालय के छात्र संघ चुनाव में उम्मीदवारों के लिए निर्वाचन के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया की जानकारी बच्चों को दी गयी, इस विषय पर मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को लोकतांत्रिक व चुनावी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी मिलती है।

यह हमारे लिए बहुत उपयोगी है। चयनित छात्र प्रतिनिधियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया, विद्यालय के चार हाउस निश्चय, शक्ती, सिद्धान्त व विश्वास हाउस के कैप्टन का चयन मतदान द्वारा किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में प्राचार्य देबोज्योति मुखर्जी द्वारा शपथ पत्र पढ़कर व नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा दोहराकर कर्तव्य के प्रति निष्ठावान बनने की सपथ दिलाई गई।नकार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।संस्था के प्रबंधक व डायरेक्टर जी ने इस आयोजन पर सभी को हार्दिक बधाई ज्ञापित किया।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूलों में शिक्षकीय पदों पर की जाएगी भर्ती

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी ने आज यहां बताया कि स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल दाऊपारा मुंगेली में शिक्षकीय पदों शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम), शिक्षक गणित (अंग्रेजी माध्यम), शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम), शिक्षक अंग्रेजी (हिन्दी माध्यम), व्यायाम शिक्षक एवं सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला सहायक), महंत जगन्नाथ दास शासकीय इंग्लिश स्कूल लोरमी में शिक्षकीय पदों (शिक्षक कला(अंग्रेजी माध्यम) एवं शिक्षक अंग्रेजी(अंग्रेजी माध्यम) एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल पथरिया में शिक्षकीय पदों शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम), शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) एवं सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) की पूर्ति के लिए संविदा नियुक्ति हेतु गूगल फार्म के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। संविदा नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरान्त पात्र सह मेंरिट एवं अपात्रों की सूची जारी कर दी गई है। सूची का अवलोकन www.mungeli.gov.in पर किया जा सकता है।

दिव्यांग धनसाय काठले को मिलेगा बैटरी चलित ट्राय-सायकल और बनेगा राशन कार्ड

- जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सुनी एक-एक ग्रामीणों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में आम लोगों की मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थिति मनियारी सभा कक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कलेक्टर अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक डी. आर आंचला द्वारा एक-एक ग्रामीणों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनी तथा उनसे आवेदन पत्र लिये। कलेक्टर वसंत ने उनके आवेदन पत्रों को गंभीरता से लिया और उन्हे सार्थक निराकरण का भरोसा दिया। जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचे जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम बघमार के 37 वर्षीय दिव्यांग धनसाय काठले ने आवेदन देकर बताया कि वह 90 प्रतिशत दिव्यांग है और उन्हे शासन द्वारा संचालित किसी भी जनकल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण उन्हे विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टरवसंत ने उनके आवेदन पत्र को गंभीरता से लिया और दिव्यांग काठले को 15 दिवस के भीतर बैटरी चलित ट्राय-सायकल और दिव्यांग राशन कार्ड प्रदान करने के लिए आस्वत किया। जन दर्शन कार्यक्रम में विकास खण्ड पथरिया के ग्राम डांडगांव के मुहल्ला नवापारा के निवासी झूमुक ने आवेदन देकर ग्राम में नल के सामने पानी निकासी हेतु पुलापा लगवाने की मांग की।

रायगढ़ से शुरू हुआ एफसीआई में कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराने का सिलसिला

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदर्शी सोच और उदार फैसलों का नतीजा

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में अभी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हुए हफ्ते भर का समय भी नहीं बीता है और राइस मिलर्स छत्तीसगढ़ राज्य के कोटे का चावल एफसीआई में जमा कराने लगे हैं। इसकी शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के मोर मुकुट वाले रायगढ़ जिले से हुई है, जहां सोमवार 6 दिसंबर को आकांक्षा राइस मिल सरिया के संचालक ने एफसीआई रायगढ़ में 290 क्विंटल यानी एक लाट चावल जमा करके इसका श्रीगणेश कर दिया है। संभवतरू राज्य में ऐसा पहली बार हुआ है जब धान खरीदी की शुरूआत के साथ-साथ एफसीआई में कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराना भी शुरू हो गया है। एफसीआई में इस साल के कोटे का चावल जमा कराने की रियल टाईम ऑनलाइन एन्ट्री भी हो रही है।

धान खरीदी की शुरुआत के साथ-साथ सोसायटियों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग की शुरुआत दरअसल मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल, उनकी दूरदर्शी सोच और उदार फैसलों का नतीजा है। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राइस मिलर्स एसोसिएशन के साथ हुई दो-दो बैठकों में जिस संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं को सुना और उस पर त्वरित फैसले लिये, उसी समय यह आभास हो गया था, कि राइस मिलर्स इस बार अपनी पूरी क्षमता और उत्साह के साथ कस्टम मिलिंग की जिम्मेदारी पूरी करेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राइस मिलर्स को ऑटो पंजीयन की सुविधाए पुराने बारदाने के मूल्य को 18 रुपये से बढ़ाकर 25 रुपये करने और कस्टम मिलिंग के लिए प्रति क्विंटल राइस मिलर्स को 120 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने जैसे उदार फैसलों ने मिलर्स के उत्साह को दोगुना कर दिया है। छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस उदारता का मान रखने के लिए एकजुट और संकल्पित हैं। हफ्ते भर के भीतर ही एफसीआई में चावल जमा होने की शुरुआत दरअसल मुख्यमंत्री के इसी उदार फैसलों का नतीजा है। राज्य में राइस मिलर्स ने जिस तेजी से धान का उठाव और मिलिंग की शुरुआत की है, इसको देखकर यह लगता है कि एक-दो दिनों में सभी जिलों में एफसीआई गोदाम में कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराने की तेजी से शुरुआत हो जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य को इस साल 61.65 लाख मेट्रिक टन अरवा चावल सेंट्रल पूल में देना है।

पात्र सह मैरिट सूची जारी

मुंगेली। जिला शिक्षा अधिकारी ने आज यहां बताया कि जिले के महंत जगन्नाथ दास शासकीय इंग्लिश स्कूल लोरमी एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल पथरिया में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी। इनमें अंग्रेजी माध्यम के व्याख्याता वाणिज्य, शिक्षक कला, शिक्षक अंग्रेजी, सहायक शिक्षक एवं ग्रंथपाल शामिल है। इन पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु प्राप्त दावा-आपत्ति के निराकरण के पष्चात् पात्र सह मैरिट सूची जारी कर दी गई है। सूची का अवलोकन www.mungeli.gov.in पर किया जा सकता है।

नगर पालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सम्हाली

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नवनियुक्त हेमेंद्र गोस्वामी ने विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरांत शपथ ग्रहण कर नगर पालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सम्हाली, इससे पूर्व नगर के पड़ाव चौक स्थित कांग्रेस भवन से नगरपालिका परिषद तके भव्य रैली निकाली गई, नगरपालिका परिषद पहुचने पर उनका स्वागत नगर पालिक कर्मचारियों द्वारा किया गया। ज्ञात हो कुछ दिनों पहले ही शासन के आदेष के बाद संतुलाल सोनकर को बर्खाषत कर दिया गया था जिसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष पद के दावेदारो ने ताल ठोकनी प्रारंभ कर दी थी किंतु नगर के चर्चित और लोकप्रिय नेता हेमेन्द्र गोस्वामी ने बाजी मारी, शासन द्वारा उनके नाम पर मोहर लगाई गई , शपथ ग्रहण कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि सौपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाउंगा, और मुंगेली नगर के विकास के लिये कटिबद्ध रहूंगा। इस अवसर पर मुंगेली प्रभारी सीमा वर्मा, छाया विधायक राकेश पात्रे शहर कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्रत मिश्रा चुरावन मंगेष्कर, दिलीप बंजारे, अभिलाष सिंह, सोम वर्मा, संजय यादव, प्रभु मल्लाह, देवेन्द्र वैष्णव, जीवन श्रीवास्तव, रत्नावली कौशल, रूप लाल कोसरे , कौशल सिंह क्षत्रिय, विनय चोपडा , आरिफ खोखर, राहुल कुर्रे, रोहित शुक्ला, श्रीनिवास ठाकुर, संजय ठाकुर, राज शेखर यादव, संजय चंदेल, अभिलाष सिंह, राजेश छेदईया, मंजू शर्मा, नवनीत शुक्ला,रवि शुक्ला, अरविंद बंजरा, रोमी अग्रवाल, राजा ठाकुर, नासिर खान, नानू ठाकुर,प्रिंसु दुबे, सूरज मंगलानी, टीपू खान, असद खोखर, राजा माणिक,असद खोखर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एव नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर पालिका चुनाव में सरगर्मी तेज, प्रत्याशी जीत सुनिश्चित करने हर पैंतरे को कर रहे हैं उपयोग

पायनियर संवाददाता < बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com

कोरिया जिले के दो नगर पालिका क्षेत्र बैकुंठपुर व शिवपुर चरचा में होने वाला नगर पालिका चुनाव अब निर्णायक मोड़ पर आ गया है। 20 दिसम्बर को होने वाले मतदान में प्रत्याशी अपना सारा दमखम लगा रहे है। नाम वापसी के बाद 127 प्रत्याशी मैदान में है। बैकुण्ठपुर नगरपालिका से 70 प्रत्याशी व शिवपुर चरचा से 57 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार में डेढ़ लाख की राशि निर्धारित करने के बाद अभी सभी प्रत्याशी सोशल मीडिया वह घर घर जाकर मतदाताओं को अपना हितेषी बता रहे हैं। जैसे जैसे समय नजदीक आता जा रहा है चुनाव और दिलचस्प होता जा रहा है कई बड़े दिग्गजों की साख दांव पर है तो वही कई नए भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि बाजी किसके हाथ में जाती है।

महिला अध्यक्ष होने पर प्रत्याशियों को और लगाना पड़ रहा है जोर

इस बार के चुनाव में बैकुंठपुर नगर पालिका ओबीसी महिला सीट के लिए आरक्षित हुआ है। ऐसे में अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी अब अपने घर की महिलाओं को आगे कर चुनाव लड़वा रहे हैं जो महिला पहले ग्रहणी हुआ करती थी वो अब घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रही हैं समाज सेविका के रूप में उपलब्धियां कुछ भी नहीं है लेकिन पति के नाम से शायद जीत मिल जाए।

आरोप-प्रत्यारोप का दौर हो गया शुरू

चुनाव प्रारंभ हुआ नहीं है लेकिन एक दूसरे पर टिकट नहीं मिलने और चुनाव को लेकर आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो चुका है। कुछ दिन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष स्वर्गीय तीरथ गुप्ता की प ी नूरजहां गुप्ता ने प्रेस वार्ता आयोजित कर अपनी ही पार्टी भारतीय जनता पार्टी में परिवारवाद का आरोप लगाया और टिकट नहीं मिलने पर अपने पति की उपलब्धियां बता कर अपना दुख जाहिर किया। ऐसे में होने वाले चुनाव में भीतरघात से इनकार नहीं किया जा सकता है।

प्रत्याशियों के साथ चुनाव प्रभारी भी अब आ रहे हैं मैदान में

चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है दोनों पार्टी के चुनाव प्रभारी अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं कांग्रेस से शिव कुमार डहरिया बैकुंठपुर व शिवपुर चरचा में प्रचार प्रसार करेंगे तो, भारतीय जनता पार्टी की बैठक रायपुर में आयोजित हो रही है जिसके बाद पूरी रणनीति से वो भी मैदान में उतरेंगे।

कुछ वार्डो के चुनाव में दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

बैकुंठपुर नगर पालिका के चुनाव में नजर डाले तो वार्ड नंबर 1 में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भानु पाल अपनी किस्मत आजमा रहे हैं और सामने कांग्रेस पार्टी के आशीष डबरे अपनी प ी सोनू डबरे को मैदान में उतारे हैं। ऐसे मे दोनों प्रत्याशियों के लिए इस वार्ड से चुनाव जीतना आसान नहीं होगा क्योंकि दोनों प्रत्याशी दूसरे वार्ड के हैं और निर्दलीय समीकरण बिगाड़ सकते है। इसके अलावा वार्ड नंबर 6 में मुख्य मुकाबला पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भाजपा के शैलेश शिवहरे का कांग्रेस के आशीष कुमार यादव लल्ला से होना है। आशीष कुमार यादव पूर्व में इस वार्ड में पार्षद रह चुके हैं और अपने वार्ड में कार्य को लेकर उनकी छवि अच्छी है लेकिन शैलेश शिवहरे भी सभी के दुख सुख में साथ खड़े रहने वाले अच्छे समाज सेवक के रूप में अपनी पहचान बनाए हैं अब देखना यह है कि उस वार्ड की जनता किसे स्वीकार करती है।

बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी

लवन। कर्मचारी ,अधिकारी समिति बलौदाबाजार ने विश्व रत्न, भारत रत्न, बोधिसत्व, ज्ञान का प्रतीक बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 66 वीं महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर संयुक्त कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर एवं डॉ अम्बेडकर चौक बलौदाबाजार मे स्थापित बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की आदम कद प्रतिमा के सामने केंडल दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन चढ़ा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों मे प्रमुख रूप से दूजराम चतुर्वेदी से. नि. प्राचार्य, भूषण बंजारे से. नि. प्रधान पाठक, एच एस जोशी प्राचार्य, डॉ भूपेंद्र गिलहरे प्रान्ताध्यक्ष छ ग वरिष्ठ व्याख्याता संघ, गणेश बघेल ब्लॉक अध्यक्ष प्रगतिशील छ.ग. सतनामी समाज, मुन्ना महहरे समन्वयक, ओमप्रकाश कोसले प्रधान पाठक, हरबंश कोसले परियोजना अधिकारी, दयानंद कोसले प्रान्ताध्यक्ष छग कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ, आर के खांडेकर सहा प्राध्यापक, संतोष सोनवानी प्रधान पाठक, देवेंद्र चतुर्वेदी, अशोक मांडले ब्लॉक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, शत्रुहन बंजारे प्रधान पाठक, देवलाल मांडले, सतीश भारद्वाज समन्वयक, महिपाल जोशी, विजय बांधे, महेंद्र वत्सल, सहित बड़ी संख्या मे प्रबुद्ध जन उपस्थित हुए।

किआ ने जारी किया किया कारेन्स का आधिकारिक स्केच

रायपुर। किआ इंडिया ने कंपनी के बहुप्रतीक्षित मॉडल किआ कारेन्स का स्केच जारी किया है, जिसका 16 दिसंबर, 2021 को वर्ल्ड प्रीमियर होना है। शानदार इंटीरियर, स्मार्ट कनेक्टिविटी फीचर्स, बोल्ड एक्सटीरियर और तीसरी पंक्ति में बैठने वाले सभी लोगों के लिए अच्छा स्पेस लेकर आने वाली किआ कारेन्स भारत में मनोरंजक वाहनों की एक नई श्रेणी स्थापित करने के लिए तैयार है। किआ कारेन्स को उन आधुनिक भारतीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित और डिज़ाइन किया गया है जो एक साथ घूमने- फिरने का आनंद लेना चाहते हैं। किआ कारेन्स ने भारत में कंपनी की नए डिजाइन फिलॉसफी ओपोजिट्स यूनाइटेड की शुरुआत की है यह बोल्ड डिज़ाइन प्रकृति और मानवता में पाए जाने वाले विरोधाभासों से प्रेरित है डिजाइन फिलॉसफी पांच मजबूत स्तंभों बोल्ड फॉर नेचर, जॉय फॉर रीजन, पावर टू प्रोग्रेस, टेक्नोलॉजी फॉर लाइफऔर टेंशन फॉर सेरेनिटी पर आधारित है। कैरेंस का डिज़ाइन बोल्ड फॉर नेचर थीम पर आधारित है और ब्रांड की नई डिज़ाइन दिशा से जुड़े हुए प्रकृति की पूर्णता और सादगी का नजराना है। किआ डिज़ाइन सेंटर के हेड और वाइस प्रेसिडेंट करीम हबीब ने कहा, किआ कारेन्स हमारी नवीनतम डिज़ाइन फिलॉसफी ओपोजिट्स यूनाइटेड को पूरी तरह से दर्शाता है यह एक परिष्कृत व्यक्तित्व और अद्वितीय सौंदर्यशास्त्र की शैली के साथ स्पोर्टीनेस को सफलतापूर्वक जोड़ती है उन्होंने कहा, किआ कारेन्स इस बात का सच्चा प्रतिबिंब है कि आज के ग्राहक अपने तीन- पंक्ति वाले वाहनों से क्या चाहते हैं। किआ कारेन्स, कंपनी की अनूठी और शक्तिशाली डिज़ाइन भाषा को प्रदर्शित करता है, जो इसके चरित्र में ताजगी को दर्शाता है।

गोदावरी ईमोबिलिटी प्रा. लि. के इबलू ने ईवी वाहनों के उत्पादन के नये बिजनेस मॉडल में की एंट्री

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कंपनी 2 और 3 व्हीलर्स के साथ प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को मजबूत करेगी

गोदावरी ई-मोबिलिटी प्रा. लि. का इब्लू ई-रिक्शा प्लेटफॉर्म के लिये एक ई-रेंटल मॉडल है, जिसका लक्ष्य कार्बन फुटप्रिंट कम करना और भारत के लाखों लोगों को स्व-रोजगार के अवसर देना है। इब्लू ने एक बड़ा कदम उठाते हुए यह घोषणा की है कि वह एक नये बिजनेस मॉडल में जाने के लिये तैयार है, जिसके तहत कंपनी के मैन्यूफैक्चरिंग प्लेटफॉर्म गोदावरी मोटर्स प्रा. लि. द्वारा ईवी का विनिर्माण किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म ई-साइकल्स , ई-स्कूटर्स, ई-बाइक्स, ई-ऑटोज, ई-लोडर्स और ई-रिक्शा बनाएगा। इस उपक्रम में हीरा रुप ने चालू वित्त वर्ष में 5000 करोड़ रुपये से ज्यादा का टर्नओवर अर्जित किया है और इसकी फ्लैगशिप कंपनी गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध है, जिसमें 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश अपेक्षित है। कंपनी ने यह कदम लीजिंग मॉड्यूल में प्रवेश कर ईवी को बाजार में स्वीकार्यता को समझते हुए इस नये कदम पर अपनी बात रखते हुए, गोदावरी ई-मोबिलिटी प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा, भारत में ईवी स्थाई वृद्धि कर रहे हैं, लेकिन अब भी शुरूआती अवस्था् में हैं। गोदावरी ई-मोबिलिटी प्रा. लि. का लक्ष्य अपनी तरह के पहल हमारे लीजिंग मॉडल के माध्युम से ईवी सेगमेंट को बढ़ावा देना है। इस उपक्रम के साथ स्व-रोजगार देना और कार्बन फुटप्रिंट कम करते हुए समाज को प्रदूषण-रहित संपूर्ण मोटर परिवहन समाधानों से समृद्ध बनाना।

गौठान में गाय को नोच-नोच कर खा रहे कुत्ते

तिल्दा नेवरा। तिल्दा नेवरा क्षेत्र में गौठानों में लगातार गायों की मृत्यु की खबर रुक ही नहीं रही है। बरसात और खेती होने के कारण गौठान समिति दाना पानी का बहाना किया जा रहा था। लेकिन वर्तमान समय में सभी ग्राम पंचायत में भरपूर मात्रा में खरीफ फसलों की चारा उपलब्ध है इसके बावजूद तिल्दा अंतर्गत ग्राम पंचायत पहरी के गौठान में पिछले दिनों दो गायों की मौत हो गई और अचंभे की बात यह है कि गौठान के अंदर ही गाय को कुत्ते नोच-नोच कर खा रहे थे। इस विषय में ग्राम के सचिव सरस्वती वर्मा से बात करने पर उन्होंने ने कहा कि गाय की तबीयत रात में खराब थी उसके उपरान्त मृत्यु हुई है । जिसे सुबह कुत्ते नोच रहे थे और जिन्हें बाद में गौठान के बाहर फेंक दिया गया। वहीं सरपंच रूपकमनी नंद कुमार निषाद ने कहा कि मैं अपने घर से पैरा लाकर गौ माता की सेवा करती हूं, लेकिन मेरा घर दूसरे गांव में होने के कारण मैं गौठान जा नहीं पाती हूं जिसके कारण में देख नहीं पाया। यह महीने की मात्र दूसरी घटना है गौठान के दरवाजा टूट जाने के कारण कुत्ते गाय को खा गए। प्रदेश सरकार द्वारा अपने हर सभा में मंच में गौठान मॉडल का राग अलापा जाता है और कहा जाता है कि गौठान माडल के माध्यम से सड़क पर गौवंश की मृत्यु बन्द हुई है । लेकिन उनके उलट यहां गौठान में ही गाय की लगातार मृत्यु हो रही है । तिल्दा भाजपा मण्डल अध्यक्ष ईश्वर यदु ने कहा कि यह घटना जो हृदयविदारक है प्रदेश सरकार की गौठान माडल का स्थिति बया कर रही है, वहीं तिल्दा भाजपा महामंत्री सौरभ जैन ने कहा कि प्रदेश स्तर के साथ पंचायतों का स्तर भी निम्न हो गया है। गौवंश को जिस गौठान में कुते नोचकर खा रहे हैं यही गौठान प्रदेश सरकार की नीयत को बया कर रही है।

एक्सिस बैंक का 'स्पलैश 2021' चुनेगा 'यंग माइंड्स' ऑनलाइन ड्राइंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता

रायपुर। भारत में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बैंक एक्सिस बैंक 7 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए 'स्पलैश' नामक एक अखिल भारतीय ड्राइंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता कर रहा है। स्पलैश 2021 को वर्चुअल रूप से होस्ट किया जाएगा, जिससे बच्चे आसानी से भाग ले सकेंगे और दूर-दराज के बच्चों की प्रतिभा भी सामने आ पाएगी। प्रतियोगिता के लिए बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर 6 दिसंबर, 2021 से पंजीकरण और प्रविष्टियां जमा की जा सकेंगी। 'स्पलैश' एक ऐसा स्पेशल प्लेटफार्म है, जिसे बच्चों की कल्पना को उड़ान देने के लिए बनाया गया है। ड्राइंग और निबंध लेखन दोनों में, दो थीम हैं - 7-10 वर्ष की आयु वर्ग के लिए थीम 'टुगेदर वी कैन' है, जबकि 11-14 वर्षों के लिए, थीम 'ए बेटर टुमॉरो'। प्रतिभागी ड्राइंग या निबंध लेखन प्रतियोगिता, या दोनों के लिए प्रविष्टियां जमा करा सकते हैं। एक्सिस बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनूप मनोहर के अनुसार - 'हम यंग माइंड्स की प्रतिभा को सही प्लेटफार्म देते हुए उन्हें आगे बढ़ाने में विश्वास करते हैं। स्पलैश के माध्यम से, हमारा लक्ष्य भारत के हर उस बच्चे तक पहुंचना है जो बड़ा सपना देखता है। हमने पहले भी इस तरह की पहल की है, जिसे बहुत सराहा गया है। स्पलैश के जरिए भी देश भर के बच्चे बड़े पैमाने पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इससे हमें पता चलेगा कि वे दुनिया को किस नजरिए से देखते हैं।

लेदर जंक्शन एंड क्लॉथ सेंटर के संचालक और समाजसेवी श्याम लाल नाग का दु:खद निधन

रायपुर। लेदर जंक्शन एंड क्लॉथ सेंटर के संचालक और

समाजसेवी श्याम लाल नाग का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनकी दशगात्र 16 दिसंबर को अपने गृह निवास बुनकर सोसाइटी के सामने, खपराभट्टी, आमापारा, जी.ई. रोड,रायपुर में रखा गया है। जो अपने पीछे पत्नि सहित एक पुत्र आदित्य (मिंकु) नाग और पुत्री रानी नाग छोड़कर गए हैं। व्यवहार कुशल और सहज व्यक्ति त्व के धनी स्व. श्याम लाल नाग को क्षेत्रवासियों ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की है।

स्वयं सेवकों ने किया कोविड टीकाकरण जागरूकता रैली

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत मुडपार मे रासेयो के विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस स्वयं सेवको ने कोविड टीकाकरण जागरूकता रैली का आयोजन हाई स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ मिलकर सब तिहार बार बार , टीकाकरण एक बार जैसे नारों के साथ गांव की सभी गलियों में गाजे बाजे के साथ भ्रमण करते हुये ग्राम वासियों को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जी एन भतपरे, हाई स्कूल मुडपार के प्राचार्य जे एल टाण्डे , गांव के सरपंच माण्डले, प्रो उत्तरा निराला, व्याख्याता साव के साथ मिलकर छात्र छात्राओं ने कोविड का दोनो डोज लगाने के लिये प्रेरित किया। आज के बौद्धिक परिचर्चा मे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो भतपरे जी ने भारतीय लोकतंत्र मे युवाओं की भूमिका को विस्तार से बताते हुये युवा शक्ति के महत्व से स्वयं सेवकों को परिचित कराया। हाई स्कूल प्राचार्य टाण्डे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देशयों व स्वयं सेवको के कार्य व्यवहार को राष्ट्रीय एकता हेतु सभी के लिये अनुकरणीय बताया। इस सात दिवसीय शिविर मे स्वयं सेवकों के द्वारा शिक्षा,स्वाथ्य, नारी, सशक्तिकरण, व अंधविश्वास सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। द्वितीय दिवस के बौद्धिक परिचर्चा में महाविद्यालय के सेवानिवृत्ति प्राचार्य डा ए आर बंजारे, ने भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रेरक उद्बोधन देकर स्वयं सेवकों को संविधान के प्रति निष्ठा रखने के लिये किया। उनके द्वारा उपस्थित छोटे बच्चों व छात्र छात्राओं को संविधान से संबंधित ज्ञान वर्धक पुस्तकों का वितरण भी किया गया। वही वरिष्ठ स्वयं सेवक संदीप पटेल ने रासेयो और व्यक्तित्व विकास पर संबोधित किया।

फ्लिपकार्ट होलसेल ने लांच किया 'स्कैन 2 बाय' इससे इनस्टोर खरीद में ईकॉमर्स को बढ़ावा मिलेगा

रायपुर। भारत में विकसित फ्लिपकार्ट ग्ररुप के डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट होलसेल ने अपने किराना एवं रिटेलर सदस्यों को खरीददारी का बेहतर अनुभव देने के लिए 'स्कैन 2 बाय' फीचर अपने ईकॉमर्स ऐप पर शुरु कर दिया है। 'स्कैन 2 बाय' का लक्ष्य है स्टोर में आकर खरीददारी करने वाले सदस्यों के बीच ईकॉमर्स को बढ़ावा देना, यह फीचर इस प्लेटफॉर्म के विज़न 'बिज़नेस बनाए आसान' को मजबूती प्रदान करेगा। प्लेटफॉर्म के ऐप के जरिए सभी 28 फ्लिपकार्ट होलसेल बैस्ट प्राइस स्टोर्स के लिए जारी किया गया यह फीचर 'स्कैन 2 बाय' लांच के केवल 10 दिनों के भीतर इस उपलब्धि का गवाह बना है की स्टोर में आकर खरीददारी करने वाले सदस्यों के बीच ईकॉमर्स अपनाए जाने में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आदर्श मेनन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं हैड, फ्लिपकार्ट होलसेल ने कहा, ''फ्लिपकार्ट होलसेल निरंतर छोटे किराना और एमएसएमई उद्यमों की वृद्धि एवं समृद्धि पर ध्यान देता है। इसी कोशिश को आगे बढ़ाते हुए हमने अपने ईकोसिस्टम को आधुनिक बनाने के लिए एक और कदम उठाया है जिसके तहत हमने अपने सदस्यों के लिए प्रौद्योगिकी की ताकत उपयोग किया है। हमारे स्टोर में आकर खरीददारी करने वाले अपने सदस्यों को ईकॉमर्स के फायदे देने से ईकॉमर्स को अपनाए जाने में तेज़ी आएगी तथा किराना व रिटेल कारोबारियों को व्यापार में सुविधा व आसानी होगी। इसके साथ, फ्लिपकार्ट होलसेल का लक्ष्य है की किराना कारोबारियों को ईकॉमर्स अपनाने में जो तकनीकी अड़चनें आती हैं उनका समाधान किया जाए। यह फीचर किराना कारोबारियों को सुविधा देता है कि वे स्टोर के जाने-पहचाने माहौल में डिजिटल कार्ट खरीद कर सकें। यह कैसे काम करता है: 'स्कैन 2 बाय' फीचर एक प्रमुख चुनौती का समाधान करता है जो ग्राहकों को चैकआउट से पहले अपना डिजिटल कार्ट बनाते वक्त पेश आती है।

मैं सोनी सिंह अग्निहोत्री सूचित करती हूं कि शादी (05.07.2018) से पूर्व मेरा नाम सोनी सिंह (Soni Singh) था, जोकि अब शादी के पश्चात् मेरा नाम बदलकर सोनी सिंह अग्निहोत्री W/O आनंद अग्निहोत्री, निवासी 25 विवेकानंद कालोनी, पेन्शनबाड़ा, V.T.C. रायपुर, जिला-रायपुर घोषित करती हूं कि भविष्य में सभी कार्यों एवं उद्देश्य हेतु मुझे सोनी सिंह अग्निहोत्री (Soni Singh Agnihotri) W/O आनंद अग्निहोत्री (Anand Agnihotri) के नाम से जाना और पहचाना जाए।

न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोकेश्वर पटेल पिता शिवप्रसाद निवासी ग्राम डंगनिया तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के माताजी तुलसी बाई का मृत्यु दिनांक 15.03.1995 को ग्राम डंगनिया में हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में मृत्यु की घटना पंजीकृत किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 21.12.2021 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
सरायपाली, जि. महासमुंद

प्राथमिक शाला का निरीक्षण

कवर्धा। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश पाण्डेय द्वारा कवर्धा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों का शैक्षिक गुणवत्ता आंकलन किया गया। विद्यार्थियों का पठन एवं लेखन कौशल संतोषजनक नहीं पाया गया। कक्षा अध्यापनरत शिक्षिका श्रीमती मनीषा ठाकुर को पंद्रह दिवस में विद्यार्थियों का गुणवत्ता स्तर सुधारने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पंद्रह दिवस पश्चात अवलोकन में स्तर उन्नयन नहीं पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

शुद्धिपत्र

कृपया इस समाचार पत्र के 07-09-2021 अंक में प्रकाशित दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की मांग सूचना विज्ञापन के पहले कालम में दी गई जानकारी निम्नानुसार पढ़ें : (एलसी सं. 00006019 हुब्बल्ली शाखा की) शरणप्पा देविंद्राप्पा सन्नाबालाप्पानवर (उधारकर्ता) देविंद्राप्पा हनामंथप्पा सन्नाबालाप्पानवर(सह-उधारकर्ता 1) विज्ञापन की शेष विषय-वस्तु पूर्वानुसार रहेगी।

हम असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं।
विज्ञापन विभाग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

आनलाईन नंबर 202112211100001 अ/2 वर्ष 2021-22

एतद द्वारा सर्व साधरण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुषमा गर्ग पति रमेश कुमार गर्ग एवं रमेश कुमार पिता भागबली गर्ग निवासी ग्राम कोसमंदा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 रा.नि.म. वो तहसील भाटापारा में **खसरा नं 11/37 रकबा 0.019 हेक्टर भूमि** को **आवासीय प्रयोजन** के लिये छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्न निर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा, नक्शा, ब्लू प्रिंट नक्शा सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत दिनांक 20.12.2021 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

आनलाईन नंबर 202112211100002 अ/2 वर्ष 2021-22

एतद द्वारा सर्व साधरण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार रजक पिता परसराम रजक निवासी बलभद्र वार्ड तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 रा.नि.म. वो तहसील भाटापारा में **खसरा नं 12/32 रकबा 0.010 हेक्टर भूमि** को **आवासीय प्रयोजन** के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्न निर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा, नक्शा, ब्लू प्रिंट नक्शा सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत दिनांक 20.12.2021 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक बी-121/2021-22
ग्राम खेढा प.ह.न.- 55

एतद द्वारा ग्राम खेढा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका प्रफुल पाण्डेय पिता/पति चंद्रशेखर पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी खेढा तहसील व जिला मुंगेली निवासी ने अपने दादा की मृत्यु दिनांक 03/03/1993 को हो जाने एवं उप पंजीयक ग्रा.पं./न.पा. खेढा के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 10.12.2021 को समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्रमांक/202112110300038/अ-74/वर्ष 2021-2022
ग्राम सासाहोली प.ह.न.18

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ग्वालिन बाई पति स्व. मोहनलाल कोसले निवासी वार्ड क्रमांक 20 तिल्दा नेवरा तहसील तिल्दा नेवरा जिला रायपुर द्वारा आवेदिका के पति स्व. मोहनलाल कोसले पिता स्व. कन्हैयालाल जो भारतीय थल सेना में सेवारत थे और दिनांक 25-03-1951 को सेवा से पृथक रहे सेवा के द्वारा आवेदिका के पति द्वारा भूमि मांग अथवा अन्य शासकीय योजना का लाभ नहीं लिया तथा ग्राम सासाहोली प.ह.न. 08 तहसील तिल्दा नेवरा सिमगा रोड पर खसरा नंबर 95/1 रकबा 2.0230हे. शासकीय भूमि रिक्त पड़ी है। जिसमें से 3 एकड़ लीज पर प्रदान करने माननीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायपुर से जांच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई न्यायालय तिल्दा में दिनांक 15.12.2021 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि हो तो वह स्वयं या अभिभावक या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथी बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

-: आम सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डगनिया रायपुर में निर्मित ई.डब्ल्यू. एस. योजना के अंतर्गत, भवनों/भूखण्डों में से भवन/भूखण्ड क्रमांक **ई. डब्ल्यू. एस-240 सेक्टर-4** में **श्रीमती चेतना सांगोड़े पति श्री कमलेश सांगोड़े** को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 26.05.2011 को विक्रय विलख निष्पादित करा लिया गया।

आबंटी उक्त भवन/भूखण्ड के विक्रय हेतु दिनांक 21.10.2021 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन/भूखण्ड **श्रीमती लता चंद्रवंशी पति श्री जलेश चंद्रवंशी** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन/भूखण्ड के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,
कबीर नगर रायपुर

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

// ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ) website-www.cgmsc.gov.in //

Main Portal-http//eproc.cgstate.gov.in — क्र./7410/निर्माण/2021 — दिनांक 08/12/2021

स.क्र.	नि.आ.सू.क्र.	कार्य का नाम	राशि (रू. लाख)	निविदा आमंत्रण
1	4774	जिला चिकित्सालय बिलासपुर में 20 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	70.25	द्वितीय
2	4775	जिला जशपुर के ड्रग वेयर हाउस में स्पेशल रिपेयरिंग, मैन इलेक्ट्रिकल पैनल बोर्ड, केबल कार्य एवं मेंटनेस एवं रिपेयर कार्य।	6.03	द्वितीय
3	4776	जिला कोरिया के सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	द्वितीय
4	4777	जिला सूरजपुर के सामुदायिक स्वा. केन्द्र लटोरी मे 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	द्वितीय
5	4778	जिला बलरामपुर के सामुदायिक स्वा. केन्द्र राजपुर में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	द्वितीय
6	4779	जिला गरियाबंद वि.खं. मैनपुर के गरहाडीह में उप. स्वा. केन्द्र का (शेष कार्य) निर्माण कार्य।	20.42	द्वितीय
7	4780	जिला गरियाबंद के वि.खं. देवभोग के सुपेबेड़ा में उप. स्वा. केन्द्र का (शेष कार्य) निर्माण कार्य।	16.69	द्वितीय
8	4781	जिला बलौदाबाजार के सामुदायिक स्वा. केन्द्र सिमगा में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	द्वितीय
9	4782	जिला रायपुर के सामुदायिक स्वा केन्द्र गोबरा-नवापारा में 10 बिस्तरीय आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	35.34	द्वितीय
10.	4783	जिला महासमुंद के जिला अस्पताल में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य।	66.10	द्वितीय
11.	4784	जिला बालोद वि.खं. गुण्डरदेही के ग्राम बलौदी में प्राथमिक स्वा. केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	57.96	द्वितीय
12.	4785	जिला दुर्ग वि.खं. निकुम के ग्राम खुरसुल में प्राथमिक में प्राथमिक स्वा. केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	57.96	द्वितीय
13.	4786	जिला दुर्ग वि.खं. निकुम के ग्राम रममडा में प्राथमिक स्वा. केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	57.96	द्वितीय
14.	4787	जिला दुर्ग के धमधानाका में शहरी प्राथमिक स्वा. केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	69.83	द्वितीय
15.	4788	जिला दुर्ग वि.खं. निकुम के ग्राम अंजोरा में उप स्वा. केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	26.55	द्वितीय
16.	4789	जिला बेमेतरा वि.खं. नवागढ़ के ग्राम बैजलपुर में उप स्वा. केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	26.55	द्वितीय
17.	4790	जिला क्षेत्र दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न लघु उन्नयन एवं मरम्मत कार्यो हेतु जोनल अनुबंध निविदा।	100.00	द्वितीय
18.	4791	जिला दुर्ग के जिला चिकित्सालय में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य।	66.10	द्वितीय
19.	4792	जिला कबीरधाम के जिला चिकित्सालय में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य।	66.10	द्वितीय
20.	4793	जिला राजनांदगांव के जिला चिकित्सालय में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य।	66.10	द्वितीय
21.	4794	जिला राजनांदगांव के सामुदायिक स्वा. केन्द्र छुरिया में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	द्वितीय
22.	4795	जिला राजनांदगांव के सामुदायिक स्वा. केन्द्र डोंगरगांव में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	द्वितीय
23.	4796	जिला कबीरधाम के सामुदायिक स्वा. केन्द्र बोडला में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	द्वितीय
24.	4797	जिला चिकित्सालय कवर्धा में ट्रू-नॉट लैब स्थापना कार्य।	30.91	द्वितीय
25.	4798	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन के बोरिद में उप स्वा. केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	25.82	द्वितीय
26.	4799	जिला राजनांदगांव, वि.खं. छुईखदान के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घिरघौली में 02 नग 2जी टाईप स्टॉफ क्वार्टर निर्माण कार्य।	57.65	द्वितीय
27.	4800	जिला चिकित्सालय बीजापुर में 20 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	70.25	द्वितीय
28.	4801	जिला बीजापुर वि. खं. उसूर के इलमिड़ी में प्राथमिक स्वा. केन्द्र का शेष निर्माण कार्य।	44.76	द्वितीय
29.	4802	जिला सुकमा वि. खं. छिंदगढ़ के अतकारीरात में उप स्वा. केन्द्र भवन का शेष निर्माण कार्य।	17.35	द्वितीय
30.	4803	जिला राजनांदगांव के डोंगरगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मॉडल माड्यूलर मरच्यूरी यूनिट का निर्माण कार्य।	20.27	तृतीय
31.	4804	जिला कबीरधाम के सामुदायिक स्वा. केन्द्र पिपरिया में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	तृतीय
32.	4805	जिला कवर्धा के वि.ख. बोदला के हाथीडोब में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य।	25.82	तृतीय
33.	4806	जिला चिकित्सालय दुर्ग में ट्रू-नॉट लैब स्थापना कार्य।	30.91	तृतीय
34.	4807	जिला राजनांदगांव के सिविल अस्पताल, खैरागढ़ में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	तृतीय
35.	4808	जिला दुर्ग के सिविल अस्पताल, सुपेला में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	तृतीय
36.	4809	जिला दुर्ग के जिला चिकित्सालय में 20 बिस्तर बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	70.25	तृतीय
37.	4810	जिला गरियाबंद, वि.खं. मैनपुर के भैंसमुडी में उप स्वा. केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	26.55	तृतीय
38.	4811	जिला गरियाबंद, वि.खं. राजिम के देवरी में उप स्वा. केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	26.55	तृतीय
39.	4812	जिला बेमेतरा के सामुदायिक स्वा. केन्द्र नवागढ़ में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	चतुर्थ
40.	4813	जिला दुर्ग के सामुदायिक स्वा. केन्द्र कुम्हारी में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	चतुर्थ
41.	4814	जिला कांकेर के सिविल अस्पताल पखांजूर में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	चतुर्थ
42.	4815	जिला नारायणपुर के सामुदायिक स्वा. केन्द्र ओरछा में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	चतुर्थ
43.	4816	जिला बस्तर, वि.खं. लोहण्डीगुड़ा के प्राथ. स्वा. केन्द्र मारडुम में 01 नगर 2 एच एवं प्राथ. स्वा. केन्द्र बिन्ता में 01 नग 2 एच टाईप स्टॉफ क्वार्टर निर्माण कार्य।	52.12	पंचम
44.	4817	जिला रायपुर के शहरी सामुदायिक स्वा. केन्द्र खोखोपारा में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	पंचम
45.	4818	जिला गरियाबंद के सामुदायिक स्वा. केन्द्र देवभोग में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य।	34.64	पंचम
46.	4819	जिला राजनांदगांव, वि.खं. छुईखदान के कोपरो में उप स्वा. केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	25.82	षष्ठ
47.	4820	जिला गरियाबंद, वि.खं. मैनपुर के खजुरपदर में उप स्वा. केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	25.82	सप्तम
48.	4821	जिला गरियाबंद, वि.खं. मैनपुर के तेतलखुटी में उप स्वा. केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	25.82	सप्तम

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 19/12/2021 से देखी जा सकती है। उपरोक्त कार्यों की निविदा लो.नि.वि. (2015) की दर से आमंत्रण की जा रही है जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 24/12/2021 तक है। निविदा खोलने की सूचना वेबसाइट www.cgmsc.gov.in में देखी जा सकती है।

संवाद - 30714/1
अधीक्षण अभियंता

गौवंश से क्रूरता : मवेशियों के शव वाहन में बांधकर घसीटे गए, शव को खुले में छोड़ा

मामला ग्राम टेड़ेसरा का, धार्मिक भावनाएं आहत, शिकायत की तैयारी

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ग्राम टेड़ेसरा में गौवंश की देखभाल से इतर अमानवीय व्यवहार सुर्खियां बन गई हैं। ग्रामीणों में पंचायत की इस कार्यप्रणाली को लेकर भारी आक्रोश है। गौठान में गायों को बगैर चारा-पानी के अधमरी स्थिति में छोड़ दिया गया है। वहीं कुछ विडियो सामने आएं हैं जिनमें मृत गायों को चार पहिया वाहन के पीछे बांधकर घसीटते हुए ले जाया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले में सरपंच व जिम्मेदारों को दोषी बताते हुए गौवंश के प्रति क्रूरता बरतने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के अधीन अस्थाई गौठान में दर्जनों मवेशियों को अधमरी स्थिति में रखा गया है। इनके लिए किसी तरह के चारा-पानी की व्यवस्था नहीं की गई है जिसके चलते मवेशी मौत की कगार पर हैं। वहीं यह भी आरोप लगे हैं कि मवेशियों के शव को प्रबंधन द्वारा ग्राम के बाहर खुले में छोड़ दिया गया है। शव वहीं पड़े-पड़े सड़ रहे हैं। कमजोर मवेशियों को गौठान में रखने के जगह उन्हें गांव के बाहर छोड़ दिए जाने की भी खबरें आई हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि गौठान से 20-25 गायों को कहीं और छोड़ दिया गया है। ऐसा सरपंच के इशारे पर रेत डंप करने जगह की उपलब्धता को लेकर किए जाने के आरोप लग रहे हैं। कुछ पंचों ने मवेशियों के गायब होने की बात कही है। ग्रामीण मवेशियों के गायब होने की जांच की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर ग्रामीणों ने खुद ही मवेशियों की देखरेख का जिम्मा उठा लिया है। अधमरी स्थिति में मवेशियों के उपचार के लिए पशु चिकित्सक को बुलाकर उनका ईलाज करवाया जा रहा है।

इस पूरे मामले में धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई हैं। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू इस पूरे मामले में सरपंच, पंच व चौकीदार दिनेश साहू सहित अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत की तैयारी में हैं। इधर सरपंच पति देवलाल साहू इन सारे आरोपों को बेबुनियाद ठहरा रहे हैं। मवेशियों से क्ररुता बरते जाने का यह मामला गंभीर होता जा रहा है।

नौकरी लगाने के एवज में युवती से 65 हजार की ठगी पुलिस में शिकायत दर्ज होते ही भूमिगत हुए टांडिया

सांसद प्रतिनिधि के खिलाफ 420 का मामला दर्ज, पहले भी लगे हैं गंभीर आरोप

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मानपुर ब्लॉक के सांसद प्रतिनिधि और भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू टांडिया के खिलाफ 420 के गंभीर आरोप लगे हैं। एक युवती ने उन पर नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। पीड़िता रजनी वर्मा मानपुर की ही रहने वाली हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि टांडिया ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षिका की नौकरी लगवाने के नाम पर 65 हजार रुपए लिए हैं। एफआईआर दर्ज होते ही आरोपी के भूमिगत होने की खबरें हैं। इससे पहले भी वर्ष 2017 में टांडिया पर फर्जी अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने का बड़ा आरोप लग चुका है।

बताया गया कि युवती ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षिका की नौकरी के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान सांसद प्रतिनिधि व भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उसे अपनी राजनीतिक पहुंच से नौकरी पक्की करवाने का भरोसा दिलाया। इस एवज में युवती से 65 हजार रुपए की मांग की गई। तकरीबन 5 माह पूर्व युवती ने टांडिया को यह रकम दे भी दी। लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी प्रार्थी को नौकरी नहीं मिली। नौकरी न मिलने पर जब युवती को रकम वापसी के लिए चक्कर लगाने पड़े। जिसके बाद टांडिया ने युवती को 25 हजार रुपए का चेक दे दिया लेकिन यह चेक भी बाउंस हो गया। इसके बाद भी आरोपी द्वारा रकम लौटाने में लगातार हील-हवाला किया जाता रहा। अंततः इस मामले को लेकर प्रार्थी युवती ने पुलिस की शरण ली है। इस बीच आरोपी टांडिया के फरार होने की खबरें हैं। शिकायत को लेकर मानपुर थाना प्रभारी लक्ष्मण केंवट ने कहा कि आरोपी को बयान के लिए बुलाया जाएगा लेकिन वह भूमिगत हो गया है। तलाश जारी है।

इस पूरे मामले का राजनीतिकरण भी हो रहा है। चूंकि आरोपी सांसद प्रतिनिधि और भाजपा मंडल का अध्यक्ष है तो कांग्रेसी इसे लेकर सक्रिय हैं। मांग यह भी की जा रही है कि ऐसे आरोपों से घिरे व्यक्ति का निलंबन किया जाना चाहिए। कई भाजपाईयों ने इसे लेकर भी मोर्चा खोल दिया है।

फर्जी अधिकारी बन की थी धोखाधड़ी

बताया जाता है कि इससे पहले भी राजू टांडिया पर गंभीर आरोप लग चुके हैं। वर्ष 2017 में रायपुर पुलिस ने टांडिया पर कार्रवाई की थी। टांडिया पर सरकारी अधिकारी का फर्जी पहचान पत्र दिखाकर धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगा था। इस मामले में वे संभवतः जमानत पर बाहर हैं। इन आरोपों से टांडिया के बरी होने की अब तक कोई खबर नहीं है। कुल मिलाकर टांडिया के खिलाफ 420, धोखाधड़ी का यह पहला मामला नहीं है।

पेंशनर एसोसिएशन ने तहसील के सामने किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com

पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा छुरिया जिला राजनांदगांव द्वारा तहसील शाखा छुरिया में अपनी लम्बित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पूर्ववती सरकार की फाईलें मौजूदा सरकार तक नहीं पहुंची है। इसके चलते आज तक न तो छठवें वेतनमान का 32 माह का एरियर मिल सका है और न ही सातवें वेतन आयोग का 25माह एरियर भुगतान हो पाया है। महंगाई भत्ता भी अप्राप्त है। पेंशनर समाज दुखी एवं परेशान हैं। मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार छुरिया को ज्ञापन दिया गया! प्रदर्शन मेंएस देशमुख , के.आर साहू , एस.पी टेमरे , ठाकुर राम , घनश्याम,अमरदास , नरपाल , अलीम खान , के.आर.बखरे, सरोज बाई, सुकवारो बाई, सन्त राम एवं अन्य पेंशनर उपस्थित रहे।

व्यक्तित्व विकास के लिए एनएसएस शिविर बेहतर : जपं अध्यक्ष

■ शिवनाथ विज्ञान कालेज के एनएसएस शिविर का समापन

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय स्थित शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा डोंगरगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के रामपुर में 5 दिवसीय शिविर का समापन हुआ। उक्त अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव टिकेश साहू बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। ग्रामीण विकास के लिए युवा थीम पर आयोजित शिविर में लगभग 45 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उक्त विद्यार्थियों को जपंअध्यक्ष श्रीसाहू के हाथों एनएसएस शिविर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों द्वारा नरवा घुरवा गरवा बाड़ी, नशा उन्मूलन, स्वच्छता अभियान, नारी सशक्तिकरण सहित शिक्षा व व्यक्तित्व विकास जैसे अनेक मानवीय पहलुओं को नाटक, गीत व प्रहसन के माध्यम से उकरित कर ग्रामीणों को संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने शिविर दरम्यान गांव के नुक्कड़ों की सफाई के अलावा बालिका शिक्षा, नशा व सामाजिक कुरीतियों को लेकर जनजागरण की अलख जगाई। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ग्रामीणों को मनोरंजन के साथ सन्देश दिया। शिविर दरम्यान विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास भी निखरकर परिलक्षित हुआ। समापन अवसर पर मुख्यअतिथि जपंअध्यक्ष टिकेश साहू थे। अध्यक्षता युवानेता मयंक यदु ने की। विशिष्ट अतिथि राजा राणा पत्रकार व ब्लॉक अध्यक्ष पत्रकार संघ डोंगरगांव, सरपंच रत्ना बोरकर सहित उपसरपंच व पंचगण शामिल हुए। उक्त अवसर पर शिवनाथ विज्ञान कालेज प्राचार्य डॉ निर्मला उमरे, डॉ नागरत्ना गनवीर, डॉ फुलसो पटेल, डॉ एलिजाबेथ भगत, डॉ एएन मखीजा, डॉ स्वाति तिवारी, अनिल चन्द्रवँशी, मोनिका महोबिया, कपिल सूर्यवंशी व परमानंद बंधे सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

नागपुर तुमगांव ने चौकी को दी 7 गोल से शिकस्त

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत अंतर्गत मनेरी में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता जारी है। न्यू सदभावना खेल एवं युवा कल्याण समिति द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल स्पर्धा के चौथे दिन पहले मैच में नागपुर ने डोंगरी माइंस को 3 गोल से मात दी। दुसरे मैच में डोगरगाँव नगर ने गोदिया को एक गोल से पटखनी दी। तीसरे मैच में तुमगाँव नागपुर ने अंबागढ़ चौकी को 7 गोल से करारी शिकस्त दी। रेफरी डेनियल निर्मलकर, विकास वाकडे व राकेश कुमार थे।

स्पर्धा के चौथे दिन के अतिथि पत्रकार बालकृष्ण सिन्हा, प्रेम गोस्वामी, गोविंद गुप्ता, महेन्द्र लेंझारे व घनश्याम साव थे। इन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए बेहतर खेल के प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर पोहन दास साहू सरपंच प्रतिनिधी, हेमंत साहू, सुदामा दास साहू, बलराम साहू, भोलाराम कंवर, मनीराम साहू, दिनदयाल वघेल, गोपाल नेताम, संतलाल कवर, इंद्रकुमार साहू सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं खेलप्रेमी उपस्थित थे।

जिले के भारतीय खाद्य निगम में चावल जमा होना प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का कस्टम मिलिंग के तहत उठाव एवं चावल जमा होना प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में जिले में धान खरीदी का कार्य व्यवस्थित एवं सुचारू तरीके से चल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है तथा शीघ्रता से धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव किया जा रहा है। जिल में पंजीकृत राईस मिलों द्वारा 4 लाख 32 हजार मीट्रिक टन धान की अनुमति प्राप्त कर अनुबंध करा लिया गया है। अनुबंध के विरूद्ध राईस मिलर्स द्वारा उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव का चावल भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में जमा कराया जाना है। आज मेसर्स कमला एग्रो राईस मिल छुरिया द्वारा भारतीय खाद्य निगम के राजनांदगांव डिपो में कस्टम मिलिंग के तहत प्रथम लॉट चावल जमा किया गया। जिले में चावल जमा कार्य प्रारंभ होने से अब समितियों से शीघ्रता से धान का उठाव कर मिलिंग कार्य किया जाएगा। जिससे उपार्जन केन्द्रों में धान जाम नहीं होगा तथा किसानों से सुचारू रूप से धान का क्रय किया जा सकेगा।

ग्राम मझगांव में पैरावट में लगी आग

पायनियर संवाददाता ‹ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के समीपस्थ ग्राम मझगांव में बीते बुधवार को सुबह 10 बजे कोठार में रखे दो लोगों की पैरावट में आग लग जाने से पूरी पैरावट जल गया। आगजनी की सूचना मिलने पर नगर पंचायत गंडई के फायर ब्रिगेड घटना स्थल पर पहुंची जहां पर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण कोठार के आसपास में रखे कचरा को जलाये जाने से उठी आग की लपटों को बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि नगर परिक्षेत्र में आये दिन आगजनी की घटना लगातार सामने आ रही है। इससे पहले नगर के ही वार्ड 14 में स्थित कबाड़ गोदाम, वार्ड क्र. 5 रानी बगीचा, ग्राम खैरबना निवासी एक किसान के पैरावट में आग लगी थी। इसी तरह बीते बुधवार को ग्राम मझगांव निवासी सावंत यादव एवं शिव प्रसाद गोंड़ के पैरावट में आग लग गई। निकाय कर्मचारियों के सतत तत्परता के कारण आगजनी की घटनाओं पर तत्काल काबू पाया जाता रहा है।निःसंदेह निकाय के अनियमित कर्मचारियों ने भी आग बुझाने वाले कार्य को बखूबी से निभाते आ रहे हैं।

मानपुर में हुआ आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन

राजनांदगांव। ब्लॉक स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का अयोजन मानपुर में किया गया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम के जनप्रतिनिधि हरीश लाटिया, शमीम तिगाला, लच्छू सामले, विकास जैन के उपस्थिति में किया गया। मानपुर के जनपद अध्यक्ष दिनेश मंडावी, उपाध्यक्ष श्रीमति साहिदा बेगम ने वनांचल क्षेत्र मानपुर ब्लॉक में आयुष शिविर कार्यक्रम हेतु सराहनीय कार्य के लिए सभी को बधाई दी।शिविर में विभिन्न प्रकार के रोग का ईलाज आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से किया गया एवं निशुल्क दवा दी गई। शिविर में प्रभारी डॉ इकबाल हुसैन, डॉ दिनेश सोनी, डॉ नरोत्तम राम नेताम एवं अन्य आयुष के स्टाफ उपस्थिति रहे।शिविर मे लगभग 390 लोग लाभार्थी हुए।

गंडई-पंडरिया। पाईप लाईन में लीकेज के चलते नगर के कई वार्डों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। बुधवार को निकाय कर्मी लीकेज सुधार में लगे रहे। मेन पाईप लाईन में खराबी आने के कारण वार्ड 1 से वार्ड 5 तक में संध्या कालीन जलापूर्ति बाधित रही।

29 सौ परिवारों को मिला 100 दिन का रोजगार

54 हजार 643 श्रमिकों को मिला मनरेगामें रोजगार, प्रदेश में सर्वाधिक

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले में आज महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत रोजगार दिवस उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। प्रदेश में सर्वाधिक 54 हजार 643 श्रमिकों जिले में मनरेगा के तहत रोजगार प्रदान किया गया। लोगों नवीन जॉब कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। जिले में श्रमिकों को अधिक से अधिक रोजगार देने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा एवं जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर लगातार जनपदों में पंचायतों का निरीक्षण कर रहे हैं। जिससे कार्यों में गति आई है। मनरेगा के अंतर्गत डबरी निर्माण, तालाब निर्माण, मेढ़ बंधान, कुंआ निर्माण जैसे कार्य संचालित किए गए हैं। 2900 परिवार को 100 दिन का रोजगार प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में मनरेगा के अंतर्गत 73 ग्राम पंचायतों में 1809 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें 54 हजार 643 श्रमिक कार्य कर रहे हैं। डोंगरगांव विकासखंड में स्वीकृत 157 कार्यों में 3 हजार 462 श्रमिक कार्य कर रहे हैं। इसी तरह छुरिया विकासखंड में स्वीकृत 251 कार्यों में 11 हजार 68 श्रमिक, खैरागढ़ विकासखंड में 123 स्वीकृत कार्यों में 2 हजार 526 श्रमिक, मोहला विकासखंड में 162 स्वीकृत कार्यों में 5 हजार 779 श्रमिक, छुईखदान विकासखंड में 154 स्वीकृत कार्यों में 2 हजार 433 श्रमिक, मानपुर विकासखंड में 273 स्वीकृत कार्यों में 10 हजार 915 श्रमिक, डोंगरगढ़ विकासखंड में 275 स्वीकृत कार्यों में 7 हजार 815 श्रमिक, अंबागढ़ चौकी विकासखंड में 232 स्वीकृत कार्यों में 6 हजार 662 श्रमिक तथा राजनांदगांव विकासखंड में 182 स्वीकृत कार्यों में 3 हजार 983 श्रमिक कार्य कर रहे है।

पुलिस ने लगाई जन चौपाल, जनसमस्याओं का हुआ निराकरण

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com

जन दर्शन, जन चौपाल के अंतर्गत पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अंबागढ़ चौकी अर्जुन कुमार कुर्रे एवं थाना प्रभारी गैंदाटोला उप निरीक्षक अमृतलाल साहू के नेतृत्व में मंगलवार को गैंदाटोला थाना क्षेत्र के ग्राम चोरहाबंजारी में कोरोना गाइड लाईन का पालन करते हुए ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, सरपंच, पटेल, पंच एवं समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में जन दर्शन, जन चौपाल के माध्यम से उपस्थित लोगो की समस्या सुनकर जन शिकायत समस्या का निराकरण किया गया। वहीं ग्रामीण महिला पुरुषों और स्कूली छात्र छात्राओं को सायबर इम, एटीएम फाड, बैंक फाड से खुद को बचाने के लिए विस्तार से जानकारी देकर चर्चा की गई। साथ ही कोरोना की नई ओमि ïन वारियंट को देखते हुए ग्राम वासियों को कोविड-19 टीकाकरण कराने बचे लोगों से वैक्सीनेशन की अपील की गई।

गौरीनगर में रेलवे अंडरब्रिज भाजपा की योजना : अशोक

राजनांदगांव। नगर निगम के अंतर्गत गौरीनगर वार्ड नंबर 13 में रेलवे क्रासिंग के चलते विगत कई वर्षो से आम जनता को आज तक कई परेशानी का सामना लगातार करना पड़ रहा है। पूर्व भाजपा पार्षद प्रत्याशी अशोक निर्मलकर का कहना है कि, गौरीनगर में आम जनता कि इस मुख्य परेशानी को विगत कई वर्षो से नजरअंदाज किया जाता रहा है, परन्तु केंद्र में भारतीय जनता पार्टी कि सरकार आने के बाद आगामी वर्ष 2024 तक सभी रेलवे क्रॉसिंग को बंद किया कर उसके बदले अंडरब्रिज या ओवरब्रिज आदि का निर्माण किया जाना है।प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह निर्णय सम्पूर्ण देश के लिए एक अति महत्वपूर्ण निर्णय है। इस निर्णय में गौरीनगर रेलवे क्रासिंग में अंडरब्रिज निर्माण होना भी शामिल है।

पार्किंग की व्यवस्था नहीं होना झगड़े का कारण बन रहा, शहर के अनेक होटल बिना पार्किंग सुविधा के चल रहे, ग्रैंड अंबा होटल में मारपीट की घटना से प्रशासन कोई सबक लेगा?

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर में बिना पार्किंग सुविधा और पार्किंग की व्यवस्थित सुविधा दिए बगैर कई होटल संचालित है जिसके कारण आए दिन व्यस्त मार्गो पर यातायात बाधित होती है लेकिन इस और नगर निगम ,जिला प्रशासन यातायात विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं देते जिसके कारण ही मंगलवार की रात ग्रैंड अंबा होटल में आए बारातियों और होटल के कर्मचारियों के बीच जमकर मारपीट होती रही पुलिस ने शिकायतकर्ता बाराती को ही थाने में बिठा लिया जिससे विवाद बढ़ गया । शहर विधायक शैलेश पांडेय ने सिविल लाइन थाने आकर मामले को शांत किया। मंगलवार की देर रात, पार्किंग को लेकर टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित हॉटल ग्रैंड अम्बा में संचालक और शहर के एक सिंधी परिवार के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक झूमाझटकी होती रही। इस विवाद में होटल संचालक व उसके बाउंसरों पर आरोप है कि सब ने मिलकर महिलाओं और बच्चों तक को नहीं छोड़ा। इस पूरे मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध रही। पहले तो होटल संचालक का पक्ष लेते हुए बारातियों के खिलाफ स्नढ्डक्रलिख लिया लेकिन होटल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने के लिए विधायक को थाने आना पड़ा। ग्रैंड अम्बा होटल के संचालक अशोक टुटेजा और उनके कर्मचारियों पर सिंधी समाज के एक परिवार और उनकी शादी में आए मेहमानों के साथ जमकर मारपीट करने का आरोप लगा है। हेमूनगर निवासी एक सिंधी परिवार अपने बेटे की शादी के लिए ग्रैंड अम्बा होटल आए थे जिनका कार पार्किंग को लेकर होटल के स्टाफ के साथ विवाद हो

गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि होटल संचालक अपने अन्य स्टाफ-बाउंसरों को लेकर आ गए और उनकी जमकर पिटाई कर दी। इस मारपीट में जिसको जो मिला चाहे वह महिला हो या बच्चे किसी को भी नही बख्शा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि होटल संचालक और स्टाफ सब ने मिलकर छोटी सी बात पर पिटाई की और जब मौके पर पुलिस पहुंची तो वह भी तमाशा देखती रही। थोड़ी देर बाद सिविल लाइन पुलिस ने सिंधी समाज के एक युवक को लाकर थाने में बिठा दिया और पीड़ित परिवार की एफआईआर दर्ज नहीं की, इधर इस घटना के बाद घण्टो सिविल लाइन थाने में अपनी बात को लेकर एफआईआर लिखाने और युवक को छुड़वाने सिंधी समाज के लोगों की भीड़ लग गई। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस एक तरफा कार्रवाई कर रही है। वही माहौल गर्मआता देख शहर के अन्य थानों के टीआई भी स्थिति को संभालने सिविल लाइन थाने पहुंचने लगे थे। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस और सिंधी समाज के लोग आमने-सामने दिखाई दिए थाने में समाज के लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन हाय हाय और ग्रैंड अम्बा होटल बंद करो के नारे भी लगाए गए। इस पूरे मामले में सिंधी समाज का विरोध झेल रही पुलिस के सामने उस वक्त असमंजस की स्थिति आ गई जब नगर विधायक शैलेश पांडेय सिविल लाइन थाने पहुंचे उन्होंने मीडिया से कहा कि शहर शांति और अमन का है। इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। शादी में खुशियां मिलती है ना कि लड़ाई झगड़ा। विधायक पांडे ने पुलिस अधिकारियों के सामने हाथ जोड़ कर कहां की मैं यहां राजनीति करने नहीं आया बल्कि अपनी और सिंधी समाज की ओर से पीड़ित पक्ष को उचित न्याय दिलाने की मांग के साथ हाथ जोड़कर उस युवक को छोड़ने की गुजारिश कर रहा हूं। मामला तो तात्कालिक तौर पर शांत हो गया मगर शहर के अंदर बिना पार्किंग की व्यवस्था वाली और भी कई होटल और शादी घर है उस पर भी समय रहते ध्यान देने की जरूरत है।

लाखों की लागत से होगा उर्तुम में विकास कार्य, विधायक और सभापति ने किया भूमिपूजन, कहा- मांग को पूरा करना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नगर विधायक और जिला पंचायत सभापति ने उर्तुम में लाखों रूपयों की लागत से होने वाले विकास कार्य का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों के अलावा कांग्रेस पदाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा गणमान्य लोग शामिल हुए।

विधायक शैलेष पाण्डेय व जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने विकास कार्यो के लिए स्वीकृत धनराशि को लेकर खुशी जाहिर की साथ ही उपस्थित लोगों को संबोधित किया। बिल्हा विकासखण्ड के उर्तुम में 54 लाख रूपयों से अधिक का विकास कार्य किया जाएगा। नगर विधायक शैलेष पाण्डेय और जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने विकास कार्यो के लिए विधि विधान से भूमि पूजन किया और बताया कि लम्बे समय से उर्तुम में नाली निर्माण,सीसी रोड,अहाता,मुक्तिधाम,तालाब और कचरा सेट निर्माण की मांग की जा रही थी। लोगों की मांग को शासन प्रशासन ने ना केवल गंभीरता से लिया बल्कि 54 लाख रूपयों से अधिक राशि को स्वीकृत भी किया है। उपस्थित लोगों को नगर विधायक ने संबोधित किया। उन्होने कहा भारत की तरह छत्तीसगढ़ की जनता भी गांव में ही बसती है। जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक विकास की परिकल्पना अधूरी है। प्रदेश सरकार लगातार गांव गरीब और किसानों के हित में योजनाएं बना रही है देखकर खुशी होती है कि क्षेत्र के प्रतिनिधि जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा शासन की योजनाओं को गंभीरता से क्षेत्र में पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में ही उर्तुम में विकास कार्यो के लिए 54 लाख रूपयों से अधिक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश सरकार जनता के साथ है। उन्हें पूरा अधिकार है कि अपने जनप्रतिनिधि के सामने ना केवल व्यक्तिगत बल्कि गांव की परेशानियों को सामने लाएं। जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है कि जनता जनार्दन की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निराकरण करे और अंकित गौरहा यह काम भली भांति कर भी रहे हैं। यदि उनके सामने उर्तुम वासी किसी प्रकार का काम या समस्या लेकर आएंगे..उसका निराकरण हर संभव प्रयास से किया जाएगा। उपस्थित लोगों को अंकित ने बताया कि उर्तुम वासियों की सारी मांग पर 10 लाख की लागत से पक्की नाली का निर्माण किया जाएगा साढ़े लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण होगा। चार लाख रूपयों की लागत से अहाता निर्माण कार्य को पूरा किया जाएगा। दो लाख 92 हजार रूपए मुक्तिधाम के निर्माण पर खर्च होगा। 20 लाख रूपयों की लागत से तालाब खनन का कार्य किया जाएगा। 9 लाख 39 हजार रूपयों से कचरा सेट तैयार होगा। इस दौरान कार्यक्रम को विरेंद्र गौरहा और कांग्रेस महिला विंग की प्रदेश पदाधिकारी ,शिल्पी तिवारी, रामकुमार भोई ने भी संबोधित किया। दोनो नेताओं ने ना केवल उर्तुम बल्कि आसपास की क्षेत्र की सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर जनप्रतिनिधियों के सामने रखने को कहा। इस दौरान सोनू गौरहा ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम के दौरान परसाही सरपंच प्रतिनिधि रूखमणी ओमप्रकाश डोंगरे,खैरा (ल) सरपंच प्रतिनिधि अनिता लक्ष्मीनारायण कोहली बिलासपुर विधायक के हाथों कांग्रेस में प्रवेश किया। विधायक ने सभी का कांधे पर तिरंगा डालकर पार्टी में स्वागत किया।

इस आयोजन में मुख्य रूप से राघव वल्लभ गौरहा, वीरेंद्र गौरहा रामकुमार भोई, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव शिल्पी तिवारी, रुद्रदत्त तिवारी, जगदीश जोशी, हरनारायण गौरहा, सोनू गौरहा ग्राम पंचायत उरतुम सरपंच पुष्पा रतिराम कैवर्त, बैमा सरपंच गायत्री दीपक नायक, गिधौरी सरपंच मन्नू सूर्यवंशी, उपसरपंच रंजना सूर्यवंशी, जगन्नाथ पटेल, लक्ष्मण केवट, भागीरथी सूर्यवंशी, जगतराम रात्रे,सौखी लाल खरे, मोहम्मद इशाक खान, राम प्रसाद साहू, आयशा मेमन, रागिनी पांडेय, रजनी भोई, दुर्गा करियारे, विद्यानंद रात्रे, संजय रात्रे, भूवन यादव, देवा साहू,राजू करियारे,पंडा गंधर्व, भागवत ठाकुर, बहोरिक राम गंधर्व, रूपेश ठाकुर, सकरी पटेल,कला लहर्ष,ईश्वरी कैवर्त, सचिन धीवर,सोनू श्रीवास, रूपेश बारगाह,रेखा सूर्यवंशी, कमलेश काछ व ग्रामीण उपस्थित थे ।

मोटरसाइकिल चोरी के तीन आरोपित गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। मामले में पेंड्रा मरवाही पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। आरोपित बाइक के पार्टस को अलग- अलग कर बेचने के फिराक में थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में लंबित चोरी के अपराधों के मामले में गिरफ्तारी के लिए एसपी त्रिलोक बंसल ने निर्देश देकर कार्रवाई करने के लिए कहा था। मंगलवार को थाना मरवाही को एक चोरी के मामले में मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति मोटर साइकिल के कल पुर्ज अलग-अलग कर बेचने के फिराक में लगे हुए हैं।

इस सूचना पर मंगलवार को आरोपित योगेश कुमार चंद्रा उर्फ लाला पिता मूरत प्रसाद चंद्रा (23) निवासी मरवाही पुरानी बस्ती, शिवेंद्र चंद्रा पिता गेंदलाल (22) निवासी मरवाही, अभिषेक कुमार चंद्रा पिता हरिशंकर चंद्र (18) निवासी मरवाही के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। बाइक के कल पुर्जो को आरोपितों ने खोलकर अलग-अलग कर अपने बाड़ा में छिपा कर रखा हुआ था, सभी को जब्त किया गया और आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

डायरिया के लिए भाजपा नेताओ ने निगम प्रशासन को जिम्मेदार बताया

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर में फैले डायरिया को लेकर प्रशासनिक अमला अब मैदान में नजर आ रहा है तो उधर इसके लिए निगम की लापरवाही बताते हुए भाजपा नेताओ ने नुक्कड़ सभा की और शासन प्रशासन ,निगम अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग और मितानिन द्वारा सर्वे किया जा रहा है। तारबाहर क्षेत्र में अब तक 14 सौ से अधिक घरों में सर्वे कर पानी के सैंपल इकट्ठा किए गए हैं। बताया जा रहा है कि बिलासपुर के अलग-अलग अस्पतालों में 156 मरीज भर्ती है, हालांकि स्वास्थ्य

विभाग ने इन सभी के डायरिया प्रभावित होने की पुष्टि नहीं की है। डोर टू डोर सर्वे के बाद अब रिपोर्ट पेश करने की तैयारी है, जिस पर कार्रवाई की जाएगी। तो वही प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग शिविर लगाकर डायरिया रोकने की दवा, ओआरएस और विटामिन की दवाई निशुल्क वितरित कर रहा है। इधर इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी ने भी मोर्चा खोल दिया है। तारबाहर क्षेत्र के खुदीराम बोस चौक में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन कर मौजूदा नगर निगम सरकार पर आरोपों की बौछार की गई। कहा गया कि 3 साल में ही कांग्रेस की सरकार ने बिलासपुर का हाल बेहाल कर दिया है। डायरिया तक उससे संभाल नहीं रही।

हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त न्याय मित्रों ने तिफरा ओवरब्रिज में चल रहे निर्माण कार्यों का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

तिफरा ओवर ब्रिज में लंबे समय से चल रहे निर्माण कार्य और पूरा होने में काफी विलंब को देखते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त न्याय मित्रों ने हाईकोर्ट के महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा के साथ तिफरा ओवरब्रिज में चल रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया।न्याय मित्रों में राजीव श्रीवास्तव, आशुतोष कछवाहा और प्रतीक शर्मा शामिल थे। अवलोकन के दौरान तिफरा ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में लगी निर्माण एजेंसी और अधीक्षण अभियंता ओंकेश चंद्रवंशी समेत अधिकारीगण मौजूद रहे। न्याय मित्रों ने ओव्हरब्रिज के निर्माण से जुड़ी तमाम तथ्यात्मक जानकारियां प्राप्त कीं और अब वे इन सारे तथ्यों से उच्च न्यायालय को अवगत कराते हुए अपनी रिपोर्ट देंगे।

हेड कांस्टेबल को थाने में आया अटैक, मौत

बिलासपुर। चकरभाटा थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ 56 वर्षीय थियोडोर तिर्की आज ऑन ड्यूटी पर थे। सुबह पेशाब करने के दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे वे वहीं गिर पड़े। घबराए सहकर्मी उन्हें लेकर भागे भागे सिम्स पहुंचे , जहां जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्हें इलाज तक का वक्त नहीं मिल पाया। ऑन ड्यूटी थाना परिसर में ही हेड कॉन्स्टेबल को दिल का दौरा पड़ने के बाद पूरे महकमे में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में उनके सहकर्मी और विभाग के लोग सिम्स पहुंचे हैं।

हापा-बिलासपुर-हापा एक्सप्रेस में एक 2 अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा

बिलासपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व स्लीपर कोच में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 22939/22940 हापा-बिलासपुर-हापा एक्सप्रेस में 02 अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है 7 यह सुविधा गाड़ी संख्या 22939 हापा-बिलासपुर में, हापा से 11 दिसम्बर 2021 को तथा गाड़ी संख्या 22940 बिलासपुर-हापा में, बिलासपुर से 13 दिसम्बर 2021 को उपलब्ध रहेगी । इस सुविधा की उपलब्धता से स्लीपर कोच में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

शिविर में 115 लोगों का किया गया उपचार

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोटमी कला के बाजार में मंगलवार को जन जागरूकता शिविर आयोजितकिया गया। शिविर में 115 लोगों का उपचार किया गया। शिविर में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर श्रीयेता कुरोठे, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी पूर्णेश कुमार साहू, मधुर तिवारी,राम भुवन पैकरा,औषधालय सेवक मंगलराम सूर्यवंशी, चंद्रिका पैकरा के द्वारा बाजार के अंदर शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां व निश्शुल्क का दवा वितरण किया गया। चिकित्सक डा. पूर्णेश साहू ने बताया कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आई है। लोग अब आयुर्वेदिक दवा लेने के लिए हास्पिटल और बाजारों में भी आने लगे हैं। मेन रोड से हास्पिटल की दूरी 100 मीटर है जहां तक पहुंचने के लिए सीसी रोड नहीं है। हर्बल गार्डन बनाने के लिए भूमि आवंटित करने के

लिए भी उन्होंने आग्रह किया है। आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर में बोर मशीन भी फेल है। मूलभूत सुविधाओं से वंचित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में स्टाफ के लोग अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शासन प्रशासन से उम्मीद है की आगामी दिनों में अस्पताल परिसर को बाउंड्रीवाल कराकर हर्बल गार्डन के लिए जमीन उपलब्ध करा देगी। साथ ही साथ लोगों को योग की ट्रेनिंग देने के लिए भवन का निर्माण किया जाए। इससे लोगों में योग और आयुर्वेद के प्रति रुझान पैदा हो। उन्होंने कहा बीमार होने पर आयुर्वेदिक दवाओं का सेवन कर स्वास्थ्य लाभ लें। कोटमी के बाजार में इस अवसर पर भगवान धन्वंतरी की प्रतिमा का पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान शिविर में चिकित्सकों ने आने वाले कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए कढ़ा का सेवन कर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील करते हुए दो गज की दूरी और मास्क लगाने की अपील की गई।

डीएलएस के छात्रों ने टीकाकरण पर किया जागरूक

बिलासपुर। डीएलएस पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वंयसेवक लगातार टीकाकरण को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। शासकीय स्कूलों और सड़कों पर इन दिनों नागरिकों को कोविड-19 टीकाकरण के लिए जानकारी दे रहे हैं। अभियान में जुड़े रासेयो प्रभारी प्रताप पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी संस्कृति शास्त्री, जयंत साहू, गौरेश पटेल, संजय यादव, सुजल कश्यप, सुमित टीकादार, अमित मिश्रा, प्रियंका साहू, आरती बुनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को टीकाकरण केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूतन चौक बिलासपुर में टीकाकरण अभियान के अंतर्गत डा..संगीता साहू, डा.मयंक यादव के द्वारा किए जा रहे टीकाकरण में रासेयो स्वयंसेवकों के द्वारा सहयोग भी किया गया।

डायरिया पीड़ितों का हाल जानने शहर विधायक पहुंचे सिम्स

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर में डायरिया अपना पांव फैलाता जा रहा है। खासकर तार बाहर और तालापारा क्षेत्र में इसका व्यापक असर देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में मरीजों को जिला अस्पताल और सिम्स में भर्ती किया गया है। सिम्स में भर्ती मरीजों का हालचाल जानने बिलासपुर विधायक शैलेश पांडेय अस्पताल पहुंचे, जिन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उनके खान-पान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। फिलहाल तारबाहर ताला पारा, सिवनी, निरतु, तखतपुर , बेलतरा क्षेत्र के कई मरीज भर्ती है। बिलासपुर विधायक ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को भी डायरिया से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं के निशुल्क वितरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानिन निचली बस्तियों और संवेदन इलाकों में जाकर सर्वे करें।

टीम ने तालापारा मगरपारा तार बाहर सहित करीब 400 घरों में अब तक सर्वे किया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी कई मोहल्लों में सर्वे कराया है। पीएचई और नगर निगम की टीम भी शहर के प्रभावित स्थानों में पहुंचकर पानी का सैंपल ले रही है, साथ ही कैंप लगाकर डायरिया निरोधक दवाओं का वितरण किया जा रहा है। इन इलाकों में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन में भी सुधार किया जा रहा है। कई इलाकों में पानी का प्रेशर कम होने से लोग गड्ढे से पानी निकालकर इसका उपयोग करते हैं, ऐसा ना करने की हिदायत दी गई है, तो वहीं अवैध कनेक्शन की वजह से भी जगह-जगह लीकेज की स्थिति है। अवैध कनेक्शन के खिलाफ कार्यवाही की बात भी महापौर ने कही है। फिलहाल राहत की खबर यह है कि अस्पताल में भर्ती मरीजों की स्थिति में सुधार हो रहा है। बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे ने सभी अस्पतालों को डायरिया के मरीजों के इलाज के लिए तैयार रहने को कहा है।

मकड़जाल की तरह फैल रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार

ग्राम एवं नगर निवेश विभाग के नियमों का नहीं हो रहा पालन

■ कृषि जमीनों को भू-माफिया प्लाट कटिंग कर रहे का करोड़ों वारा-न्यारा

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

शहर का चौतरफ़ा विकास और बढ़ती आबादी से शहरीकरण का दिनोदिन व्यवसायीकरण होता चला जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप अवैध प्लाटिंग शहर से लगे बाहरी सरहदों में तेजी के साथ मकड़ी के जाल की भांति फैलता जा रहा है। कृषि जमीनों को खरीद कर भू-माफिया उक्त जमीन को प्लाट कटिंग कर करोड़ों रूपयों के जमीन में तब्दील कर रहा है। जहॉ शासन के बनाए मापदण्डों नीति निर्देशों का भी खुला उल्लंघन कई जगहां पर हो रहा है। गौरतलब है कि शासन प्रशासन के नजर में कई जगह अवैध प्लाटिंग के रूप में चिन्हाकिंत है परंतु नगर पालिका के अंतर्गत सडक, बिजली, जल सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है। अगर ऐसा होता है तो कौन से मापदण्ड से इन अवैध प्लाटों को यह सरकारी सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है।

ग्राम तथा नगर निवेश का भी उल्लंघन

शासन ने अवैध प्लाटिंग पर कडाई से रोक लगाने आदेश जारी कर रखा है लेय आउट स्वीकृति कराए बगैर जमीन पर प्लाटिंग नही हो पाएगा। साथ ही टाउन एवं कंट्री प्लानिंग से ले आउट अप्रूवल की कापी के आधार पर ही जमीन की रजिस्ट्री होगी। इसके बाद ही मकान बनाने का कार्य शुरू किया जाता है। जबकि टाउन एवं कंट्री प्लानिंग के अंतर्गत जमीन का पंजीयन कराए जाने के उपरांत डायवर्सन की प्रक्रिया को आगे बढाया जाता है।

अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर हो जाता है डायवर्सन

खरीदे गए प्लाट को आवासीय जमीन में तब्दील करने के लिए डायवर्सन कराना अनिवार्य रहता है डायवर्सन वह प्रक्रिया है जिसे शासन उक्त जमीन को राजस्व रिकार्ड में शामिल कर प्रमाणित करता है। इसी के आधार पर जमीन मालिक उस भूमि मे मकान बनाने हेतु बैंक के माध्यम से लाखों करोडो का लोन सुविधा के साथ साथ शासन से प्राप्त होने वाले अनेक सुविधाओं का भी लाभ प्राप्त करता है।

कृषि जमीन को आवासीय जमीन में तब्दील करने में होता है लाखों का वारा न्यारा

शहर में आधे से ज्यादा प्लाट अवैध प्लाट के गिरफ़्त में है। गौरतलब है कि भू माफियों द्वारा काटे जा रहे अनेको ऐसे अवैध प्लाट है जो नियम से छानबीन किया जाए तो अवैध प्लाटिंग के अंतर्गत आ सकता है परंतु प्रशासन के ढूलमूल रवैया के चलते बहुत से ऐसे प्लाट पडे है जिसपर कडाई से कार्यवाही नही किए जाने से सांठगांठ का आरोप भी लगता रहा है।

प्लाट खरीददार सोच समझ कर करें निवेश

शहर में अवैध प्लाटों के बाढ आ जाने से अनेको बार देखा जाता है आम सामान्य वर्गो का लाखों करोडो रुपया फँस जाता है इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए प्लाट खरीददार भू माफियों की गिरफ़्त में फसने के पहले हर पहलूओं को ध्यान में रखकर अपने जीवन के लाखों करोडो रुपए की राशि को निवेश करें। निवेश करने से पहले ध्यान रखना जरूरी होता है उक्त प्लाट रजिस्ट्री युक्त, डायवर्सन युक्त एवं जमीनों के प्लाटेंशन में पानी, बिजली, नाली, सडक, पार्किंग, गार्डन उक्त मूलभूत सुविधाओं का समावेश होना अति आवष्यक होता है। जो कि बहुत से प्लाटों में देखने को नही मिलता। जिसके कारण बाद में निवेश करने के बाद प्लाट खरीददार को अनेक प्रकार के तकलीफों का सामना करना पडता है बाद में वही अवैध प्लाट मे मकान निर्माण के बाद अवैध कालोनी के श्रेणी में गिना जाता है।

टाऊन एन्ड कंट्री प्लानिंग विभाग ने कहा

सम्बंध मे टाऊन एन्ड कंट्री प्लानिंग विभाग के अधिकारी बीएल.बांधे ने कहा है कि 2006 मे एक आदेश निकला था कि नगपा को एनओसी एक निश्चित दायरे के अंतर्गत अधिकार दिया जाये परंतु नगर पालिका वैध अवैध प्लाट का किस आधार पर मूल्यांकन कर एनओसी प्रदान किया जा रहा है इसका कोई जानकरी नही दिया गया है ,वही विभाग द्वारा नगपा को फाईल रेगुलर कराने कि चिट्ठी भेजा गया परंतु आज पर्यंत तक उक्त जानकारी भी नही सौपा गया है। वही किसी प्लाट के एनओसी देने से पहले नियमतः ले आऊट का होना अवश्यक होता है, ग्राम एवं नगर निवेश विभाग के पास केवल लेंड यूस आवेदक आते है वही टाऊन एन्ड कंट्री प्लानिंग के अंतर्गत राजिस्ट्रेशन नही हो से 15 त्न ईडब्ल्यूएस का नुकसान होता है, 10प्र. गार्डन के लिये छोडते है उसका भी नुकसान शासन को होता है ।

शहर में कहीं भी अवैध प्लाटिंग होने पर पालिका प्रशासन पंजीयन हेतु नोटिस देता है व नोटिस के उपरांत अवैध प्लाटिंग नही रोके जाने पर जब्ती की प्रक्रिया की कार्यवाही किया जाता है।
-रितेश, इंजीनियर, नगर पालिका

होटल मैनेजमेंट के गुर सीखेंगे खनन प्रभावित क्षेत्र के युवा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पर्यटन की दृष्टि से देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। पर्यटन स्थलों पर बड़े निजी होटलों सहित शासकीय मोटल्स में काम के लिए प्रशिक्षित युवाओं की मांग हमेशा बनी रहती है। ऐसे में होटल मैनेजमेंट के पाठ्यक्रमों से युवाओं के लिए रोजगार के अच्छे अवसर सृजित हो सकते हैं। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने गरीब और खनन प्रभावित क्षेत्रों के बारहवीं कक्षा पास विद्यार्थियों को राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में प्रवेश दिलाकर उन्हें रोजगार से जोड़ने की पहल की है। राज्य सरकार की मदद से पर्यटन की संभावनाओं से भरे कोरबा जिले के दस युवा अब शासकीय मदद पर होटल मैनेजमेंट के गुर सीखेंगे। युवाओं के शिक्षण शुल्क, हॉस्टल शुल्क और मेस आदि का खर्चा जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास मद से वहन किया जाएगा। होटल मैनेजमेंट के तीन पाठ्यक्रमों के लिए दस विद्यार्थियों के लिए पूरे कोर्स के दौरान डीएमएफ मद से 29 लाख 64 हजार 200 रूपए खर्च किए जाएंगे। कलेक्टर रानू साहू ने बताया कि चार विद्यार्थी का दाखिला होटल एडमिनिस्ट्रेशन के डिग्री कोर्स में और तीन-तीन विद्यार्थी का दाखिला फूड प्रोडक्शन और फूड एवं वेबरेज सर्विसेज पाठ्यक्रमों में कराया गया है। त्रिवर्षीय डिग्री कोर्स में एक विद्यार्थी पर पांच लाख 24 हजार 900 रूपए का खर्चा होगा। इसमें से तीन लाख 28 हजार 700 रूपए इंस्टीट्यूट की फीस आदि और शेष रूपए आवास तथा मेस पर व्यय होगा। इसी प्रकार डेढ़ साल के फूड प्रोडक्शन डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रति छात्र एक लाख 50 हजार 350 रूपए इंस्टीट्यूट और फूड और वेबरेज सर्विसेज के डेढ़ साल के डिप्लोमा कोर्स में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी पर एक लाख 37 हजार 850 रूपए व्यय किया जाएगा। इस राशि में शिक्षण शुल्क और आवास, खान-पान आदि का व्यय शामिल है।

भाजपा की पहचान विकास वाली और कांग्रेस की पहचान वादाखिलाफी वाली पार्टी की: पुरंदेश्वरी

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी, सह प्रभारी नितिन नबीन बुधवार को नगरीय निकाय चुनाव की दृष्टि से दुर्ग प्रवास पर रहे। इस दौरान प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी, सह प्रभारी नितिन नबीन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने दुर्ग सम्भाग खैरागढ़, मारो, जामुल प्रभारियों की बैठक सहित भिलाई, भिलाई चरौदा और रिसाली नगर निगम प्रत्याशियों की अलग अलग बैठक ली और चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारियों और प्रत्यशियों ने विजयी संकल्प के साथ जीत के लक्ष्य के साथ चुनावी रण में उतारने संकल्प लिया। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री व छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभार डी. पुरंदेश्वरी ने कहा कि विकास के मुद्दों के साथ जनता के बीच जाना हैं जनता के बीच हमारी विकास करने वाली पार्टी के रूप में पहचान हैं और जनता को भाजपा पर विश्वास हैं। कांग्रेस की पहचान वादा खिलाफी और विकास को बाधित करने वाली हैं जनता समझ चुकी हैं जनता तुलनात्मक अध्ययन करती हैं जनता के अध्ययन में वादा खिलाफी करने वाली कांग्रेस फैल हो चुकी हैं। आज जनता पूछ रही हैं संपत्तिकर हाफ का क्या हुआ, पट्टे का क्या हुआ, दो कमरे का मकान कहां हैं? प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ आज छत्तीसगढ़ की जनता को कांग्रेस सरकार की गलत नीति और बदलापुर की भावना के चलते नहीं मिल रहा हैं। घर घर जल को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार गम्भीर नहीं हैं। मूलभूत सुविधाओं को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार विफल हैं, इंफ्रास्ट्रक्टर के क्षेत्र में कोई एक उपलब्धि प्रदेश सरकार के पास नहीं हैं। भाजपा प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी ने कहा कि भाजपा विकास के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी, भाजपा का एक एक प्रत्याशी एक एक कार्यकर्ता विकास को लेकर जनता के बीच जाएगा और विकास के आधार पर ही भाजपा की जीत निकाय चुनाव में तय हैं वादाखिलाफी करने वाली लगातार जनता को छलने वाली ठगने वाली सत्ताधारी कांग्रेस के झूठ और फरेब का घमंड टूटेगा। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता एकजुटता के साथ चुनावी रण में विजयी संकल्प के साथ उतर चुका हैं अब किसी में साहस नहीं कि भाजपा के विजयी संकल्प के साथ निकल चुके रथ को रोक सके। उन्होंने कहा कि उनमें साहस हो भी नहीं सकता क्योंकि भ्रष्टाचार में लगे कांग्रेस के लोगों ने विकास के नाम पर मिट्टी ढेला तक नहीं डाला जो सड़कें बनी हैं वो भी हमारे समय मे बनी हैं विकास के नाम पर कांग्रेस विफल रही हैं। छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि सत प्रतिशत सीट जीत का संकल्प आज अपने अपने क्षेत्र में जाएं। कम समय मे बेहतर मैनेजमेंट के साथ रणनीति बना कर जनता के बीच जाएं, जनता से सीधा संपर्क करें। निरंतर सम्पर्क जनजुड़ाव और जनता से सीधा संवाद स्थापित करें। प्रधानमंत्री अन्न योजना का लाभ मोदी जी ने दिया, भूपेश जी ने 7 लाख 50 हजार प्रधानमंत्री आवास छीन लिया। प्रधानमंत्री ने निःशुल्क वैक्सीन दी, कांग्रेस भ्रम फैलाती रही। कोरोना काल में संकट में केंद्र सरकार के कार्य और राहत जनता के सामने हैं।

भाजपा नेताओं से चुनाव संभल नहीं रहा पुरंदेश्वरी को मोर्चा संभालना पड़ा: सुशील आनंद

भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी डी.पुरंदेश्वरी के चुनावी दौरे पर प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि गुटबाजी में डूबी भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ के नेताओं से नगरीय निकाय चुनाव भी नहीं संभाला जा रहा इसीलिये राष्ट्रीय प्रभारी को स्वयं मोर्चा संभालना पड़ा है। भारतीय जनता पार्टी की स्थिति पुरंदेश्वरी के मोर्चा संभालने से सुधरने के बजाय और बिगड़ेगी। छत्तीसगढ़ की जनता पुरंदेश्वरी के अपमानजनक बयान को भूली नहीं है। छत्तीसगढ़ को अपमानित करने वाला पुरंदेश्वरी का थूकने वाला बयान भी मुद्दा। भाजपा प्रभारी ने कहा था भाजपा के लोग थूक कर भूपेश बघेल और उनके मंत्रिमंडल को बहा देंगे। राज्य की स्वाभिमानी जनता भाजपा प्रभारी के इस बयान को पूरे छत्तीसगढ़ का अपमान माना था। भूपेश बघेल सिर्फ कांग्रेस के नेता नहीं है। मुख्यमंत्री के रूप में वे राज्य की पौने तीन करोड़ जनता के मुखिया भी है। पुरंदेश्वरी ने उनके बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग कर छत्तीसगढ़ की अस्मिता को ललकारा था। उसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा। भाजपा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके पूरे मंत्रिमंडल के खिलाफ बेहद घटिया मानसिकता का परिचय देने वाली अपनी प्रभारी पुरंदेश्वरी के प्रभार में नगरीय निकाय चुनाव में करारी हार के लिए तैयार रहे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को ऊर्जा संरक्षण के लिए सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट का अवार्ड

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ऊर्जा संरक्षण उपायों को लागू करने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लगातार अग्रणी रहा है। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2020.21 के लिए ऊर्जा मंत्रालय द्वारा ऊर्जा संरक्षण के लिए दिये जाने वाले प्रतिष्ठित पुरस्कार की श्रेणी में सर्टिफिकेट ऑफमेरिट के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का चयन किया गया है । यह पुरस्कार 14 दिसंबरए 2021 को विज्ञान भवनए नई दिल्ली मेंए ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को प्रदान किया जाएगा । ज्ञातव्य है कि ऊर्जा संरक्षण उपायों के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने न केवल ऊर्जा.दक्ष इलेक्ट्रिक इंजिनों तथा इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट ई.एम.यू. ट्रेनों के प्रयोग को बढ़ावा दिया है बल्कि इन्हें चलाने वाले ड्रायवरों को भी विद्युत ऊर्जा के बचत के प्रति सजग बनाने के लिए समुचित ट्रेनिंग दी जा रही है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ऊर्जा बचत के लिए जहाँ एक ओर परम्परागत लाइटों व उपकरणों को नवीन ऊर्जा.दक्ष लाइटों व उपकरणों द्वारा चरणबद्ध तरीके से प्रतिस्थापित किया गया है, वहीं दूसरी ओर गैर.परम्परागत ऊर्जा.स्त्रोतोंए जैसे.सौर ऊर्जा के उपयोग को भी निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। इन उपायों को अमल में लाने से न केवल ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिला है बल्कि विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में होने वाले व्यय में भी उल्लेखनीय बचत होती है। गैर.परंपरागत श्रोतों से ऊर्जा उपलब्ध कराने एवं ऊर्जा संरक्षण की दिशा में बेहतर योगदान के तहत पूरे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अनेकों जगह सोलर पावर प्लांट के निर्माण किए गये है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अब तक 4.636 मेगावाट क्षमता की सोलर प्लांट की स्थापना की गयी है । इसके अंतर्गत सभी महत्वपूर्ण स्टेशन बिल्डिंग कार्यालयों अस्पतालों प्रशिक्षण केन्द्रों रेलवे भर्ती बोर्ड भवनए रेलवे स्कूलों के साथ ही साथ प्राकृतिक ऊर्जा के संसाधनों का भरपुर उपयोग के लिए रनिंग रुम एवं अनेको लेवल क्रासिंगों में भी सौर उर्जा पैनल लगाये गए हैं । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के भिलाई में 50 मेगा वाट का सोलर पॉवर प्लांट का निर्माण प्रगति पर है। इसी कड़ी में रायपुर रेल मंडल मैं सोलर पावर का उपयोग कर ऊर्जा संरक्षण किया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल से नवंबरष् 2021 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सौर ऊर्जा से 29 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया है। इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी स्टेशन एवं कालोनी एवं कार्यालय ऊर्जा की बचत करने वाले एलईडी लाइट रौशन हैए जिसके परिणाम स्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को ऊर्जा संरक्षण के लिए सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट के लिए चयन किया गया है।

छत्तीसगढ़ को टाइम लिमिट में जूट बारदाने देने का आग्रह करने दिल्ली पहुंचे मनरेगा आयुक्त मोहम्मद कैसर अब्दुल हक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए भारत सरकार से बारदाने की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज 8 दिसम्बर को नई दिल्ली में केन्द्रीय संयुक्त सचिव, खाद्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली व उपभोक्ता मामले सुबोध सिंह एवं संचालक सार्वजनिक वितरण प्रणाली राजेश मीणा से छत्तीसगढ़ मनरेगा आयुक्त मोहम्मद कैसर अब्दुल हक तथा विपणन संघ के प्रबंधक शशांक पाण्डेय ने मुलाकात की। मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने संयुक्त सचिव भारत सरकार को छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन और बारदाने की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जूट कमिश्नर भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को बारदाने न केवल बहुत कम मात्रा में दिए जा रहे हैं, अपितु इसकी स्वीकृत मात्रा की समय पर आपूर्ति भी नहीं की जा रही है। मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने संयुक्त सचिव, भारत सरकार को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एक दिसम्बर को शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ को माह नवंबर में 1.38 लाख गठान एवं माह दिसंबर 2021 तक कुल 2.14 लाख गठान नये जूट बारदाने जूट कमिश्नर के माध्यम से प्राप्त होने थे, किन्तु माह नवंबर 2021 में राज्य को मात्र एक लाख गठान एवं माह दिसंबर, 2021 में अब तक कुल 1.11 लाख गठान जूट बारदाने ही प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार छत्तीसगढ़ को आवश्यकता की तुलना में न केवल जूट बारदानों की कम आपूर्ति की जा रही है, अपितु स्वीकृत मात्रा की समयबद्ध आपूर्ति भी नहीं की जा रही है, जबकि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुसार नये जूट बारदाने की समयबद्ध आपूर्ति अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने छत्तीसगढ़ राज्य हेतु नये जूट बारदाने की आपूर्ति संख्या में वृद्धि करने एवं इसकी समयबद्ध आपूर्ति हेतु संबंधितों को आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध संयुक्त सचिव, भारत सरकार से किया।

साथ मे काम करने वाला दोस्त ही निकला हत्यारा, मृतक के बाईक के जरिये ही आरोपी तक पहुंच पाई पुलिस

कांकेर। जिले के पखांजूर क्षेत्र में सप्ताह भर पहले हुए युवक के अंधे कत्ल को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें दोस्त ही निकला हत्यारा थाना पखांजूर क्षेत्र के ग्राम उडुमगांव के ओटेनाला पुलिया में 30 नवम्बर 2021 को युवक बैसखुराम की खून से सनी लाश मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ़हत्या का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैसाखू राम बोर गाड़ी में एजेंट का काम करता था और स्थानीय ग्रामीणों को बोर गाड़ी में काम दिलवाता था ,बैसाखू ने घसियाराम को भी बोर गाड़ी में काम दिलवाया था लेकिन काम के बदले मिलने वाली रकम 15 हजार रुपये देने में आनाकानी कर रहा था, जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद था, 29 नवम्बर को बैसाखू और घसिया की मुलाकात अचानक मानपुर में हो गई, जिसके बाद फिर दोनों के बीच पैसे को लेकर बात हुई, बैसाखु ने गांव से लौटकर पैसा देने की बात कही थी, जिस पर घसिया ने भी उसके साथ गांव चलने की बात कही, दोनो बैसाखू की बाइक पर गांव के लिए रवाना हुए। वहीं रास्ते में घसियाराम ने पेशाब जाने के लिए गाड़ी रुकवाई और बैसाखू के सिर पर अपने पास रखे टंगिया से मारकर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी घसियाराम मृतक बैसाखू की बाइक और उसके पास रखे रकम 10 हजार रुपये को लेकर फ़रार हो गया था । जिसके बाद पुलिस जांच पड़ताल शुरु की तो मृतक के बाइक के जरिये ही पुलिस आरोपी तक पहुँच पाई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मृतक के पास जैसी बाइक थी वैसी ही बाइक गांव का ही एक युवक चला रहा है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के गांव में दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया है।

दक्षिण बस्तर के बाद अब उत्तर बस्तर के बेचाघाट में खुल रहे बीएसएफकैम्प का ग्रामीणों ने किया विरोध, भारी संख्या में अनिश्चित कालीन आंदोलन पर बैठे

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले के पखांजूर क्षेत्र के छोटे बेठिया के हजारों ग्रामीणों द्वारा आज कैम्प के विरोध पर्दशन करते हुए धरने पर बैठ गये है। बता दे कि दक्षिण बस्तर के बाद अब आदिवासियों ने उत्तर बस्तर में भी जंगी आंदोलन शुरू कर दिया है आदिवासियों ने छोटेबेठिया के बेचाघाट में से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। बेचाघाट क्षेत्र के लगभग 200 गांवों के ग्रामीण महिला पुरुष विरोध करने पहुंचे है। आदिवासियों का कहना है कि बेचाघाट में सरकार पुल बनाने और बीएसएफकैम्प खोलने की तैयारी कर रही है।जिसका हम आदिवासी खुला विरोध करते है साथ ही उनका कहना है कि पूर्वजो से आदिवासी जल, जंगल, जमीन और प्राकृतिक खनिज संपदा की रक्षा करते आ रहे है और सरकार ये पुल हमारी सुविधा के लिए नही बना रही है।बल्कि इलाके के जल,जंगल,जमीन और खनिज संपदा को लूटने के लिए पुल का निर्माण कर रही है। बीएसएफ कैम्प खुलने से सुरक्षाबल के जवान अंदरूनी इलाके में जाकर ग्रामीणों के साथ मारपीट करते है न कि ग्रामीणों की सुरक्षा करते है।आदिवासी ग्रामीण जवानों से अपने को असुरक्षित महसूस करते है।ग्रामीणों का कहना है कि अंदरूनी गांवों में बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा जैसे मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में असफल रही सरकार अब पुलिया बनाकर जल,जंगल,जमीन और खनिज संपदा लूटने के लिए पुलिया बना रही है। हम आदिवासी इसका विरोध करते है।जबतक सरकार अपने फैसले से पीछे नहीं हटती और बीएसएफकैम्प खुलने और पुलिया बनाने का निर्णय वापस नही लेती तबतक यहां पर अनिश्चितकालीन आंदोलन में डंटे रहेंगे।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

Psychiatric Name	2	Professor/Asso.Prof
	2	Asst. Prof
Med. Surgical Nursing	2	Professor/Asso.Prof.
	2	Asst. Prof
Community Health Nursing	2	Professor/Asso.Prof.
	2	Asst.Prof
Child Health Nursing	2	Professor/ Asso.Prof.
	2	Asst. Prof.
Tutor	4	Minimum 1 Year exp.

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching,
Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

B.Sc Nursing	4 years	Pathology technician	1 year
Post Basic Bsc Nursing	2 years	Operation theater tech.	1 year
M.Sc. Nursing	2 years	X-Ray technician	1 year
Medical Surgical Nsg.		Ortho and dresser tech.	1 year
Community Health Nsg.			
Child Health Nsg.			
Mental Health Nsg.			

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन: 0771-4241095 | वेब: www.balajinursingcollege.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403